CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 29°C
न्यूनतम : 15°C

मुजफ्फरनगर, रविवार 8 मार्च 2026 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 27 अंक 50 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | फाल्गुन कृष्ण पक्ष 3 विक्रमी सम्वत् 2082 | 18 रमज़ान 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



सिलेंडर की कीमतों को लेकर अखिलेश ने केंद्र व राज्य सरकार पर साधा निशाना पेज 2




भारत की नजरें जीत पर, न्यूजीलैंड इतिहास के पक्ष में खेल टाइम्स



ईरान के खिलाफ जंग में उतरेगा पाकिस्तान ! पेज 11



'धुरंधर-2' में सारा अर्जुन ने उठा ली बंदूक बॉलीवुड

## 18वां रोज़ा

कुरआने-पाक में जाहिर कर दिया गया है-जो लोग ईमान लाए, नेक अमल किए व अपने परवरदिगार के आगे आजिजी की, यही साहिबे- जन्नत हैं। हमेशा इसमें रहेंगे। मजकूर आयत की रोशनी में अठारहवां रोज़ा बेहतरीन तरीके से समझा जा सकता है। 'नेक अमल' से मुराद है ऐसे काम जो पाकीज़गी, परहेजगारी, इंसानियत और शरई उसूल के मुताबिक सब्र और सदाकत की मिसाल हों। नेक अमल। परवरदिगार से मुराद अल्लाह से है।




# केदारनाथ से कन्याकुमारी तक बाहर होंगे घुसपैठिए: अमित शाह



शाह टाइम्स ब्यूरो

- गृह मंत्री ने 'जन जन की सरकार, 4 साल बेमिसाल' कार्यक्रम के तहत हरिद्वार में आयोजित विशाल जनसभा को किया संबोधित
- शाह बोले उत्तराखंड की समस्याओं को चुन-चुन कर हल कर रहे हैं मुख्यमंत्री पुष्कर धामी

**हरिद्वार।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शनिवार को हरिद्वार के बैरागी कैम्प में 'जन जन की सरकार, 4 साल बेमिसाल' कार्यक्रम में उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित किया।

केंद्रीय गृह मंत्री ने संबोधन की शुरुआत उत्तराखंड राज्य आंदोलन से करते हुए कहा कि, उत्तराखंड के युवाओं को अपनी पहचान, संस्कृति बचाने के साथ ही अपने अधिकारों की रक्षा के लिए सड़कों पर उतरना पड़ा, लेकिन इसके लिए उन्हें रामपुर तिराहा कांड जैसी हिंसा का सामना करना पड़ा। इसके बाद केंद्र में भाजपा सरकार बनने पर तत्कालीन प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेई ने उत्तराखंड के साथ ही झारखंड और छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों का निर्माण करने का निर्णय लिया, आज ये तीनों राज्य तेजी से विकास के पथ पर अग्रसर हैं। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि उन्होंने कहा था कि उत्तराखंड को अटल जी ने बनाया है, अब इसे संवारने का काम मोदी जी करेंगे, इसी क्रम में 2017 से 2026 तक का कालखंड, उत्तराखंड के विकास को समर्पित रहा है। उन्होंने कहा कि बीते चार सालों में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखंड की सभी समस्याओं को चुन- चुन कर समाप्त करने का काम किया है। इस कारण उत्तराखंड -शेष पृष्ठ दो पर

### राज्य सरकार ने किए कई ऐतिहासिक कार्य: धामी

**हरिद्वार।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री और गृह मंत्री के मार्गदर्शन में प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश के समग्र विकास के साथ समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और संवर्धन पर कार्य किया जा रहा है। राज्य में सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, रेल एवं हवाई कनेक्टिविटी सहित सभी महत्वपूर्ण क्षेत्रों से जुड़े इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत किया जा रहा है। वर्ष 2023 में ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट का आयोजन कर राज्य में 3.56 लाख करोड़ के निवेश समझौते किए। जिसमें एक लाख करोड़ से ज्यादा के ग्राउंडिंग हो चुकी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री और गृह मंत्री के मार्गदर्शन में राज्य सरकार ने कई ऐतिहासिक कार्य किए हैं। राज्य में पहली बार जी-20 जैसे वैश्विक सम्मेलन का आयोजन, राज्य में राष्ट्रीय खेलों का आयोजन, जिसमें राज्य के खिलाड़ियों ने 100 से अधिक मैडल प्राप्त कर राज्य को अंक तालिका में 7वां स्थान प्राप्त हुआ। राज्य में पहली बार वर्षभर पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए शीतकालीन यात्रा प्रारम्भ, जैसे कई ऐतिहासिक निर्णय लिए हैं।

### उत्तराखंड के लिए केंद्रीय सहायता बढ़ी

केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि 2004 से 2014 के बीच उत्तराखंड को केंद्र सरकार से सिर्फ 54 हजार करोड़ मिले, जबकि इसके बाद से उत्तराखंड को केंद्र से एक लाख 87 हजार करोड़ रुपये मिल चुके हैं, इसके अलावा केंद्र सरकार के सहयोग से उत्तराखंड में हजारों करोड़ रुपये की आलवेदर को रोड, दिल्ली – देहरादून इकानॉमिक कॉरिडोर, रेल, सड़क और परियोजनाओं पर भी काम चल रहा है। उन्होंने कहा कि 2014 में उत्तराखंड की प्रति व्यक्ति आय 1 लाख 80 हजार रुपये थी, जो अब बढ़कर 2 लाख 74 हजार हो चुकी है। जीएसडीपी भी 2 लाख 22 हजार करोड़ से बढ़कर तीन लाख 82 हजार करोड़ हो चुकी है।

# यूएई, सऊदी और जॉर्डन में अमेरिकी थाड डिफेंस-सिस्टम पर ईरानी हमला

## जॉर्डन वाला डिफेंस-सिस्टम ईरानी हमले में तबाह, कीमत 22 हजार करोड़

तेल अवीव/तेहरान, वार्ता

**अमेरिका-इजरायल** और ईरान जंग का शनिवार को आठवां दिन था। ईरान ने बीते एक हफ्ते में सऊदी अरब, यूएई और जॉर्डन में तैनात अमेरिका के टर्मिनल हाई एल्टीट्यूड एरिया डिफेंस (थाड) सिस्टम को निशाना बनाया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इन हमलों में जॉर्डन के 'मुवफ्फाक साल्टी एयर बेस' पर लगे थाड का रडार सिस्टम तबाह हो गया है।

एक थाड सिस्टम की कीमत 22 हजार करोड़ तक होती है, जबकि थाड के रडार सिस्टम की कीमत 2700 करोड़ रुपये (300 मिलियन डॉलर) तक होती है। यह रडार थाड सिस्टम का अहम हिस्सा होता है और दुश्मन की बैलिस्टिक मिसाइलों को पहचानने और ट्रैक करने का काम करता है। अमेरिका के पास सिर्फ 7-8 थाड सिस्टम ही मौजूद हैं, इसलिए इसे बड़ा सैन्य नुकसान माना जा रहा है। जॉर्डन में अमेरिकी थाड का रडार सिस्टम की ईरानी हमले के बाद की सैटेलाइट तस्वीर जारी की गई हैं। वहीं ईरान का एक युद्धपोत आईआरआईएस लावन भारत के कोच्चि बंदरगाह पर रुका हुआ है। ईरान ने 28 फरवरी को तकनीकी खराबी आने के बाद भारत से मदद मांगी थी। भारत ने 1 मार्च को जहाज को कोच्चि में डाक करने की अनुमति दी और इसके बाद 4 मार्च को यह बंदरगाह पर पहुंच गया। जहाज के 183 क्रू मेंबर फिलहाल कोच्चि में भारतीय नौसेना की सुविधाओं में ठहरे हुए हैं। आईआरआईएस लावन हाल ही में भारत में आयोजित इंटरनेशनल फ्लीट रिव्यू 2026 और मिलान 2026 नौसैनिक अभ्यास में शामिल हुआ था, जो 15 से 25 फरवरी के बीच आयोजित हुए थे। इससे पहले अमेरिका ने भारत से लौट रहे ईरानी युद्धपोत आईआरआईएस डेना को श्रीलंका के पास हमला कर डुबा दिया था। हमले में 87 ईरानी नौसैनिक मारे गए।



- अमेरिका के पास ऐसे सिर्फ सात सिस्टम थे मौजूद
- ईरान का एक युद्धपोत अभी भारत में, 183 नौसैनिक मौजूद, तकनीकी खराबी के बाद मदद मांगी, चार मार्च को कोच्चि पहुंचा

### ईरानी युद्धपोत को कोच्चि में रुकने की अनुमति मानवीय फैसला



**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री डा. एस. जयशंकर ने ईरानी युद्धपोत आईआरआईएस लावन को कोच्चि बंदरगाह पर रुकने की अनुमति देने के भारत के फैसले पर उठ रहे सवालों को खारिज करते हुए कहा है कि यह विशुद्ध कानूनी जटिलताओं से परे मानवीय आधार पर लिया गया निर्णय है जो उनकी समझ से सही है।

डा. जयशंकर ने शनिवार को यहां प्रतिष्ठित रायसीना डायलॉग के तीसरे और अंतिम दिन 'हिन्द महासागर का भविष्य' विषय पर पैनल चर्चा में हिस्सा लेते हुए सवालों के जवाब में कहा कि ईरानी युद्धपोत को कोच्चि बंदरगाह पर रुकने का निर्णय विशेष परिस्थितियों और मानवीय आधार पर लिया गया है और इसे कानूनी बारीकियों में नहीं तोला जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि ईरान के तीन युद्धपोत आईआरआईएस डेना, आईआरआईएस लावन और आईआरआईएस बुशहर पिछले महीने विशाखापत्तनम में नौसेना के अंतर्राष्ट्रीय बेड़ा समीक्षा समारोह तथा मिलन अभ्यास में शामिल होने आए थे।

# घरेलू एलपीजी सिलेंडर 60 रुपये कमर्शियल 114.50 रुपये महंगा

- डॉलर की तुलना में रुपये में जारी गिरावट से बढ़े दाम

**नई दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल तथा गैस की कीमतों में भारी वृद्धि और डॉलर की तुलना में रुपये में जारी गिरावट के कारण तेल विपणन कंपनियों ने शनिवार से रसोई गैस (एलपीजी) के दाम बढ़ा दिए हैं।

देश की सबसे बड़ी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन की वेबसाइट के अनुसार, 14.2 किलोग्राम वाले घरेलू रसोई गैस सिलेंडर की कीमत में शनिवार से 60 रुपये की बढ़ोतरी की गई है, जबकि 19 किलोग्राम वाला वाणिज्यिक रसोई गैस सिलेंडर 114.50 रुपये महंगा हो गया है। दिल्ली में 7 मार्च से घरेलू एलपीजी सिलेंडर 913 रुपये का मिलेगा। यह जुलाई 2023 के बाद का उच्चतम स्तर है। कोलकाता में इसकी नई कीमत 939 रुपये, मुंबई में 912.50 रुपये और चेन्नई में 928.50 रुपये हो गई है। घरेलू एलपीजी सिलेंडर के दाम में 11 महीने बाद कोई बदलाव किया गया है। इससे पहले 8 अप्रैल 2025 को इसकी कीमत 50 रुपये बढ़ाकर 853 रुपये प्रति सिलेंडर की गई थी। वाणिज्यिक रसोई गैस सिलेंडर की कीमत दिल्ली में 1,768.50 रुपये से बढ़कर अब 1,883 रुपये हो गई है, जो अप्रैल 2023 के बाद सबसे अधिक है। वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर लगातार चौथी बार महंगा हुआ है। छह दिन पहले 1 मार्च को भी दिल्ली में इसके मूल्य में 28 रुपये की वृद्धि की गई थी।

### पाक में शिया प्रदर्शनकारियों पर सेना की गोलीबारी, 38 लोगों की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के कब्जे वाले गिलगिट-बाल्टिस्तान के सबसे बड़े शहर स्कार्दू में भीषण हिंसा भड़क उठी। पहली मार्च को शुरू हुए विरोध-प्रदर्शनों के दौरान पाकिस्तानी सेना व अर्द्धसैन्य बलों की गोलीबारी में बाल्टी-शिया समुदाय के 38 लोगों की मौत हो गई। बड़ी संख्या में प्रदर्शनकारी घायल हुए हैं। इससे क्रोधित प्रदर्शनकारियों ने सैन्य प्रतिष्ठानों व सरकारी दफ्तरों में तोड़फोड़ की और आग के हवाले कर दिया। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए प्रशासन ने कई इलाकों में कर्फ्यू लगा दिया है। सूत्रों के मुताबिक, शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे लोगों पर सुरक्षा बलों की कार्रवाई के बाद हिंसा भड़की।

# डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य के हेलीकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य शनिवार को एक संभावित हादसे से बाल-बाल बच गए। कौशांबी जाते समय उनके हेलीकॉप्टर में तकनीकी खराबी आ गई, जिसके चलते चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी। जानकारी के अनुसार उपमुख्यमंत्री लखनऊ के ला मार्टिनियर ग्राउंड से हेलीकॉप्टर द्वारा कौशांबी के लिए रवाना हुए थे।

उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद हेलीकॉप्टर के केबिन में अचानक धुआं भरने लगा। स्थिति को देखते हुए पायलट ने तुरंत सूझबूझ दिखाते हुए हेलीकॉप्टर को वापस लखनऊ एयरपोर्ट की ओर मोड़ दिया और आपातकालीन लैंडिंग कराई। बताया जा रहा है कि हेलीकॉप्टर में उपमुख्यमंत्री के साथ पायलट, एक सहयोगी और एक पीएसओ मौजूद थे। धुएं के कारण कुछ देर के लिए अफरा-तफरी की स्थिति बन गई, हालांकि सुरक्षित लैंडिंग होने से सभी लोग पूरी तरह सुरक्षित हैं और किसी प्रकार के नुकसान की खबर नहीं है। घटना के बाद उपमुख्यमंत्री कुछ समय तक एयरपोर्ट पर ही रुके रहे। तकनीकी खराबी के कारणों की जांच के लिए हेलीकॉप्टर की विस्तृत जांच शुरू कर दी गई है। उपमुख्यमंत्री मौर्य शनिवार को कौशांबी में आयोजित कार्यक्रम शामिल होने जा रहे थे। इसके अलावा उनके पार्टी पदाधिकारियों के साथ संवाद, विभागीय अफसरों के साथ बैठक और कई विकास परियोजनाओं का स्थलीय निरीक्षण करने का भी कार्यक्रम तय था।

- बाल-बाल बचे

## संक्षिप्त समाचार

### राम रहीम पत्रकार छत्रपति हत्याकांड में बरी

**चंडीगढ़।** पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट ने पत्रकार रामचंद्र छत्रपति हत्याकांड में डेरा सच्चा सौदा के राम रहीम को बरी कर दिया है। हालांकि कोर्ट ने 3 आरोपियों कुलदीप सिंह, निर्मल सिंह और कृष्ण लाल की सजा को बरकरार रखा है। इससे पहले 17 जनवरी 2019 को पंचकूला की स्पेशल सीबीआई कोर्ट ने राम रहीम समेत बाकी सभी आरोपियों को 7 साल कैद की सजा सुनाई थी। जिसके खिलाफ आरोपियों ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। फैसला सुनाते हुए हाईकोर्ट ने कहा कि इस हत्याकांड में राम रहीम के साजिशकर्ता होने के पर्याप्त सबूत नहीं हैं। जिस वजह से राम रहीम को बरी कर दिया गया। राम रहीम इससे पहले डेरा मैनेजर रणजीत हत्याकांड में पहले ही हाईकोर्ट से बरी हो चुका है। हालांकि सीबीआई ने इसे सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। राम रहीम को साध्वियों के यौन शोषण केस में 10 साल कैद की सजा हुई है। इस वजह से राम रहीम को अभी जेल में ही रहना होगा।

### नेपाल चुनाव: भारत विरोधी नेता केपी ओली की हार

**काठमांडू।** नेपाल में 165 सीटों पर शुरुआती रुझान आ चुके हैं। रैपर और काठमांडू के मेयर रहे बालेन शाह ने पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली को 50 हजार वोटों से हरा दिया है। राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) के बालेन शाह और ओली झापा-5 सीट से चुनाव लड़ रहे थे। यहां बालेन शाह को 68,348 वोट मिले, जबकि केपी शर्मा ओली को 18,734 वोट मिले। ओली को भारत विरोधी नेता माना जाता है।

# संसद के बजट सत्र का दूसरा चरण नौ मार्च से

## पहले दिन ही आएगा लोकसभा स्पीकर को हटाने का प्रस्ताव, भाजपा-कांग्रेस ने व्हिप किया जारी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** संसद का बजट सत्र का दूसरा चरण 9 मार्च से शुरू होकर 2 अप्रैल तक चलेगा। भाजपा और कांग्रेस दोनों ने अपने लोकसभा सांसदों को 9 से 11 मार्च तक सदन में मौजूद रहने के लिए 3-लाइन व्हिप जारी किया है। कांग्रेस ने अपने सांसदों से कहा है कि वे इन दिनों सदन में मौजूद रहें, क्योंकि लोकसभा स्पीकर को हटाने के प्रस्ताव पर चर्चा की संभावना है।

वहीं भाजपा ने भी सांसदों को मौजूद रहने का निर्देश दिया है। विपक्ष ने स्पीकर ओम बिरला को पद से हटाने के लिए प्रस्ताव का नोटिस दिया है। विपक्ष के 118 सांसदों ने इस प्रस्ताव पर हस्ताक्षर किए हैं। हालांकि तृणमूल कांग्रेस के सांसदों (29) ने इस नोटिस पर हस्ताक्षर नहीं किए। वहीं, तृणमूल कांग्रेस के सांसदों ने अपनी पार्टी के चेयरपर्सन के निर्देश के अनुसार अविश्वास प्रस्ताव का समर्थन करने का मन बना लिया है। सूत्रों के मुताबिक टीएमसी सांसद लोकसभा अध्यक्ष के खिलाफ वोट करेंगे। आरोप है कि स्पीकर बिरला ने सदन की कार्यवाही चलाने में पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाया और विपक्षी नेताओं को बोलने का मौका नहीं दिया। नियमों के अनुसार स्पीकर को हटाने का प्रस्ताव लोकसभा में साधारण बहुमत से पारित होता है। मौजूदा लोकसभा में एनडीए के पास करीब 290 से अधिक सांसदों का समर्थन है, इसलिए प्रस्ताव पारित होना कठिन है। प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान स्पीकर स्वयं सदन की अध्यक्षता नहीं करेंगे, लेकिन उन्हें अपना पक्ष रखने और मतदान करने का अधिकार होगा।

### ममता बनर्जी का धरना दूसरे दिन भी जारी, रातभर धरनास्थल पर रहीं

- बोलीं: एसआईआर में वोटर्स के नाम बंगाल को बांटने के इरादे से हटाए

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का धरना शनिवार को लगातार दूसरे दिन भी जारी है। ममता ने शुक्रवार की रात धरना स्थल पर ही बिताई।

ममता ने राज्य में स्पेशल इंटेंसिव रिविजन (एसआईआर) में वोटर लिस्ट से नाम हटाने के विरोध में 6 मार्च दोपहर 2 बजे से कोलकाता के एस्प्लेनेड मेट्रो चैनल पर धरना शुरू किया है। ममता बनर्जी ने समर्थकों को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि पोस्ट एसआईआर में वोटर लिस्ट से वोटर्स के नाम हटाना बंगाल को बांटने के इरादे से किया गया है। भाजपा बंगाल को बांटकर वोट छीनने की योजना बना रही है। वे (भाजपा नेता) अन्य राज्यों में बंगाली भाषी लोगों को परेशान कर रहे हैं और बंगालियों को उनके वोट देने के अधिकार से वंचित करने की साजिश रच रहे हैं। धरना स्थल पर ममता के साथ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के वरिष्ठ नेता, विधायक और पार्टी कार्यकर्ता मौजूद हैं।

तुरन्त आवश्यकता

इंडस्ट्रियल एरिया, बिजनौर स्थित फैक्ट्री के लिये

- अलमीरा कारीगर-10
- पार्टिकल बोर्ड के लिये कारपेंटर-4
- सुपरवाइजर मशीन चलाने हेतु- 2

सम्पर्क करें- मो. 7017517607,9389076177

## संक्षिप्त समाचार

### महिला दिवस पर ताजमहल समेत संरक्षित स्मारकों में प्रवेश नि:शुल्क

**आगरा।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर पुरातत्व विभाग ने पर्यटकों को विशेष तोहफा दिया है। रविवार को ताजमहल सहित भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा संरक्षित सभी स्मारकों में प्रवेश नि:शुल्क रहेगा। अधिकारियों के अनुसार देशी और विदेशी पर्यटक रविवार को ताजमहल में बिना प्रवेश शुल्क के जा सकेंगे। हालांकि मुख्य मकबरे में प्रवेश के लिए निर्धारित टिकट लेना होगा। ताज. महल के अलावा फतेहपुर सीकरी, सिकंदरा स्मारक और आगरा किला सहित एएसआई के सभी संरक्षित स्मारकों में भी प्रवेश मुफ्त रहेगा। ताजमहल में पर्यटकों का प्रवेश सूर्योदय से लगभग 30 मिनट पहले शुरू हो जाता है और सूर्यास्त से करीब 30 मिनट पहले पर्यटकों को बाहर निकलना होता है। महिला दिवस के अवसर पर प्रवेश नि:शुल्क होने के कारण रविवार को ताजमहल और अन्य ऐतिहा. सिक स्थलों पर पर्यटकों की भारी भीड़ उमड़ने की संभावना जताई जा रही है।

### पांच दिन के बाद कश्मीर में खुले बाजार

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के कश्मीर में हालात सामान्य हो गए हैं और पांच दिनों की पाबंदियों के बाद शनिवार को बाजार फिर से खुल गए और सार्वजनिक परिवहन भी सामान्य रूप से चलने लगे। इससे पहले विरोध प्रदर्शनों के कारण बंद पघे इंटरनेट और प्रीपेड मोबाइल फोन सेवाओं को शुक्रवार शाम से फिर से शुरू कर दिया गया है। जम्मू-कश्मीर में अधिकारियों ने 28 फरवरी को अमेरिका और इजरायल की ओर से ईरान पर किए गए हवाई हमलों में वहां शीर्ष नेता खामेनेई के मारे जाने के बाद हुए विरोध प्रदर्शनों को रोकने के लिए पांच दिन पहले घाटी के कुछ हिस्सों में पाबंदियां लगा दी थीं।

# सपा की साइकिल पंक्चर हो चुकी है: केशव मौर्य

**कौशांबी, वार्ता**



उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य दो दिवसीय दौरे पर शनिवार को कौशांबी पहुंचे, जहां उन्होंने बाबू सिंह महाविद्यालय संयारा में आयोजित सरस महोत्सव का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन भी किया।

कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने के बाद उपमुख्यमंत्री ने मंच से उपस्थित जनसमूह का अभिवादन किया। अपने संबोधन में उन्होंने समाजवादी पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि सपा प्रमुख अखिलेश यादव बिहार में पराजय के बाद घोर निराशा में हैं और सत्ता के वनवास से बौखला गए हैं। उन्होंने कहा कि सपा की साइकिल अब पंचर हो चुकी है। उन्होंने दावा किया कि वर्ष 2047 तक समाजवादी पार्टी और कांग्रेस सत्ता में नहीं आ पाएंगी तथा 2027 में उत्तर प्रदेश में फिर से भाजपा की सरकार बनेगी। केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि अप्रैल महीने से दिव्यांगजनों को 1500 रुपये प्रतिमाह पेंशन दी जाएगी।

## जो हिम्मती होगा वो गाय के पक्ष बोलेगा: अविमुक्तेश्वरानंद

**वाराणसी।** ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने कहा कि जो गाय के पक्ष में होगा, वह गोहत्या पर प्रतिबंध की मांग का समर्थन करेगा। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने शनिवार को गंगा माता, गौ माता, चिंतामणि गणेश मंदिर और संकट मोचन मंदिर में दर्शन-पूजन किया। इसके बाद उन्होंने 'गोप्रतिष्ठा धर्मयुद्ध शंखनाद यात्रा' का शुभारंभ किया। यात्रा विभिन्न स्थानों पर जनसभाओं और रात्रि विश्राम के साथ आगे बढ़ेगी तथा 11 मार्च को लखनऊ पहुंचेगी। शंकराचार्य ने कहा कि लखनऊ पहुंचने पर आगे का कार्यक्रम घोषित किया जाएगा। वहां से गौ माता की रक्षा को लेकर बड़ी आवाज उठेगी।

# जब जाएंगे भाजपाई, तभी हटेगी देश से महंगाई: अखिलेश

## पूर्व पुलिस अधिकारी राजीव गुप्ता समेत कई लोग सपा में शामिल हुए

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ सिलेंडर की बढ़ी कीमतों को लेकर केंद्र व योगी सरकार पर साधा निशाना

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने महंगाई और एलपीजी सिलेंडर की कीमतों को लेकर केंद्र व राज्य की भाजपा सरकार पर निशाना साधा।

उन्होंने कहा कि महंगाई लगातार बढ़ती जा रही है और सरकार टैक्स बढ़ाकर लोगों पर बोझ डाल रही है। अखिलेश यादव ने शनिवार को लखनऊ स्थित पार्टी कार्यालय पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए यह बातें कहीं। उन्होंने कहा कि आज ही एलपीजी सिलेंडर पर करीब 60 रुपये की बढ़ोतरी कर दी गई है। सरकार का कहना है कि कुछ परिस्थितियों के कारण कीमतें बढ़ानी पड़ रही हैं और बाद में कम कर दी जाएंगी, लेकिन एक बार जो चीज महंगी हो जाती है वह दोबारा सस्ती नहीं होती। उन्होंने आरोप लगाया कि जहां-जहां भाजपा की सरकार है, वहां लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि गाड़ियों की कीमतें बढ़ने का एक बड़ा कारण भारी टैक्स है, जो कई मामलों में 50 प्रतिशत तक है। उन्होंने कहा कि हमारी समझ में एक ही बात आती है कि जब जाएंगे भाजपाई, तभी हटेगी महंगाई। इस बीच आगामी यूपी विधानसभा चुनाव से पहले समाजवादी पार्टी में नेताओं के शामिल होने का सिलसिला भी जारी है। शनिवार को लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में कांग्रेस के पूर्व नेता और संत कबीर नगर से पूर्व लोकसभा प्रत्याशी रोहित पांडेय ने सपा की सदस्यता ग्रहण की। उनके साथ डीएनएनएस यादव, पूर्व पुलिस अधिकारी राजीव गुप्ता समेत कई अन्य लोगों ने भी पार्टी जॉइन की। इस दौरान अखिलेश यादव ने भाजपा पर हमला करते हुए कहा कि भाजपा बार-बार सपा की नई-नई छवि पेश करने की कोशिश करती है। उन्होंने हाल ही में वायरल हुए 'कट्टा' वाले गीत का जिक्र करते हुए कहा कि यह सपा की छवि खराब करने की कोशिश है। उन्होंने कहा कि इस गाने के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जाएगी और यदि कार्रवाई नहीं होती है, तो इसके पीछे भाजपा की भूमिका मानी जाएगी। अखिलेश ने कहा कि जिस सरकार ने प्रदेश में एक्सप्रेसवे, लोकभवन और गोमती रिवर फ्रंट जैसे बड़े विकास कार्य किए हों, उसके बारे में इस तरह के गीत बनाना गलत है।

## हम सब कर रहे नए भारत का दर्शन: सीएम योगी

# हर क्षेत्र में नई टेक्नोलॉजी पर कर रहे काम

**आगरा/मथुरा।**



■ आगरा में सीएम योगी बोले, यूपी में 81 मेडिकल कॉलेज, 2 एम्स
■ मथुरा में ब्रज तीर्थ विकास परिषद की बैठक में हिस्सा लिया

यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को आगरा पहुंचे और यहां योगी आरएसएस ब्रज प्रांत की समन्वय बैठक में शामिल हुए। बैठक में संगठन की मजबूती, संघ के लोगों की समस्याओं पर चर्चा हुई, जिसमें सीएम ने सभी की समस्याओं का समाधान किया। योगी ने एक हॉस्पिटल का शुभारंभ किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि ग्रुप का 8वां हॉस्पिटल है। हर व्यक्ति को अच्छी स्वास्थ्य सुविधा प्राप्त करने का अधिकार है। भारत में पिछले 11 साल में पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत को दुनिया में नई पहचान मिली है, हम सब नए भारत का दर्शन कर रहे हैं।

सीएम ने कहा कि दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था के रूप में उभरे भारत को अपनी आंखों से देख रहे हैं। विरासत और विकास के समन्वय का स्वरूप अपने भारत में देख रहे हैं। समग्र विकास की संभावनाएं अपनी आंखों के सामने देख रहे हैं। भारत में हाईवे, एक्सप्रेस वे बन रहे हैं। रेलवे की नई लाइनें, नई टेक्नोलॉजी के साथ नए कोच भी बन रहे हैं। वंदे भारत और नमो भारत जैसी ट्रेनें भी हमनें देख लीं। जानने और यात्रा करने का अवसर भी मिल रहा है। देश में एयर कनेक्टिवटी बेहतर हो रही है। देश में 70 वर्ष में एयरफोर्स और एयर कनेक्टिवटी के लिए सुविधाएं बढ़ाई गईं। सीएम ने बताया कि हेल्थ सेक्टर की बात करें, तो अटलजी के समय देश में केवल एक एम्स था। धीरे-धीरे अटलजी ने इसकी संख्या 6 तक पहुंचाई। पीएम मोदी ने देश में एम्स की संख्या 23 तक पहुंचा दी है। आईआईटी, आईआईएम, एनआईटी, आईआईआईटी की संख्या बढ़ रही है। देश की सबसे बड़ी आबादी वाले प्रदेश यूपी में भी हमने प्रयास किए। 2017 के पहले यूपी में 17 मेडिकल कॉलेज थे। आज यूपी में 81 मेडिकल कॉलेज का संचालन हो रहा है। जब यूपी में 17 मेडिकल कॉलेज थे, तब यूपी में वन ड्रिस्ट्रिक वन माफिया जरूर हावी था, मेडिकल कॉलेज नहीं थे, सरकारों की सोच माफिया तक सीमित थी। स्वास्थ्य सेवाएं हर नागरिक तक पहुंचाने के लिए डबल इंजन सरकार ने हर जिले में मेडिकल कॉलेज के लिए काम किया। आज यूपी में 81 मेडिकल कॉलेज और 2 एम्स संचालित हो रहे हैं, जिसमें एक गोरखपुर और दूसरा रायबरेली में हैं। यूपी में डबल इंजन की सरकार में 6 करोड़ से अधिक लोग गरीबी रेखा से उपर आए हैं। एक समय था कि जब कोई बीमार होता था, तो पूरा परिवार परेशान होता था, घर गिरवी रख जाता था।

## एआई से होगा किसानों की समस्याओं का समाधान: जितिन प्रसाद

**शाहजहांपुर।** केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने कहा है कि एआई से किसानों की सभी समस्याओं का समाधान होगा। वे शनिवार को शाहजहांपुर में जिला सहकारी बैंक लिमिटेड के 87वें वार्षिक अधिवेशन में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा बाजार है और पूरी दुनिया की निगाहें भारत के बाजार पर टिकी हैं। यह नया भारत है, जो किसी के सामने झुकने वाला नहीं है। केंद्रीय राज्य मंत्री ने कहा कि भारत का यूरोपीय यूनियन, ऑस्ट्रेलिया, ओमान समेत कई देशों से एफडीए करार हुआ है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में एआई लोगों की रोजमर्रा जिंदगी में शामिल हो जाएगा, जिससे लोगों का जीवन स्तर बदल जाएगा। आने वाले टाइम में घर-घर में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का इस्तेमाल होगा। उन्होंने कहा कि ये आज का तेजी से बदलता हुआ नया भारत है और यह सब प्रधानमंत्री मोदी सरकार की बदौलत संभव हो पा रहा है।

# एसआईआर में 44,952 नाम हटे, 70.69 लाख दावे-आपत्तियां प्राप्त

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में मतदाता सूची के एसआईआर अभियान के तहत 27 अक्टूबर से 6 मार्च तक कुल 44,952 मतदाताओं के नाम सूची से हटाए गए हैं।

यूपी के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिनवा ने पत्रकार वार्ता के दौरान यह जानक. ारी दी। उन्होंने बताया कि 37,132 मामलों में मतदाताओं ने खुद आवे. दन देकर नाम हटवाए, जबकि अन्य मामलों में माइग्रेशन या फॉर्म-7 के माध्यम से नाम विलो. पित किए गए। कुल हटाए गए नामों में 27,118 माइग्रेशन, 10,014 स्वयं हटवाने और 7,620 फॉर्म-7 के जरिए नाम कटे हैं। अब तक प्राप्त दावों और आपत्तियों में से करीब 86 प्रतिशत मामलों की सुनवाई पूरी कर ली गई है। जिन आवेदकों ने सही दस्तावेज प्रस्तुत किए, उनके नाम मतदाता सूची में जोड़ दिए गए हैं। 6 जनवरी से शुरू हुई दावा-आपत्ति प्रक्रिया के दौरान अब तक 70 लाख 69 हजार आवेदन प्राप्त हुए। इनमें पुरुषों के 34.96 लाख, महिलाओं के 35.72 लाख और अन्य लिग के 296 आवेदन शामिल हैं। मतदाता सूची में नए नाम जोड़ने के लिए फॉर्म-6 के कुल 86.69 लाख आवेदन 27 अक्टूबर से प्राप्त हुए हैं, जिनमें 43.06 लाख पुरुष और लगभग 43 लाख महिलाओं ने आवे. दन किया। वहीं फॉर्म-7 के 3.18 लाख आवेदन मिले, जिनमें 1.58 लाख पुरुष और 1.10 लाख महिलाओं के आवेदन शामिल हैं। इसी अवधि में फॉर्म-8 के 22.55 लाख आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें 13.38 लाख पुरुषों ने आवेदन किया।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010



सेंसेक्स 78918.90
निफ्टी 24450.45



सोना 159409
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 263210
प्रति किलो



# जन औषधि दिवस पर पीएम मोदी ने किफायती स्वास्थ्य सेवा पर दिया जोर

**नई दिल्ली, वार्ता**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जन औषधि दिवस 2026 के अवसर पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सरकार की प्रमुख सस्ती दवा पहल सभी नागरिकों के लिए सुलभ स्वास्थ्य सेवा सुनिश्चित करने की उसकी प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा कि प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना ने लाखों लोगों को काफी कम कीमतों पर अच्छी गुणवत्ता वाली दवाएं पाने में मदद की है। उन्होंने कहा कि जन औषधि दिवस 2026 पर, उन सभी लोगों को मेरी शुभकामनाएं, जो प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना से लाभान्वित हो रहे हैं। उन्होंने इस योजना के मकसद का उल्लेख करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम स्वास्थ्य देखभाल को और सस्ता बनाने के सरकार के इरादे को दिखाता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह पहल यह सुनिश्चित करने की हमारे प्रतिबद्धता को दिखाती है कि हर नागरिक को सस्ती कीमतों पर अच्छी गुणवत्ता वाली दवाएं मिलें। गौरतलब है कि यह योजना जन औषधि केंद्रों के नाम से जाने जाने वाले खास केंद्रों के एक नेटवर्क के जरिए चलती है, जो ब्रांडेड दवाओं के मुकाबले काफी कम कीमत पर जेनेरिक दवाएं देते हैं। सरकार के मुताबिक इन केंद्रों ने देश भर के परिवारों पर स्वास्थ्य देखभाल के वित्तीय बोझ कम करने में मदद की है। मोदी ने अपनी पोस्ट में कहा कि जन औषधि केंद्रों के जरिए, अनगिनत परिवार स्वास्थ्य देखभाल के खर्च बचा रहे हैं और उन्हें सही इलाज मिल रहा है। उन्होंने कहा कि जेने. रिक दवाओं के इस्तेमाल को बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना शुरू की है। इसका मकसद सस्ती दवाओं तक पहुंच बढ़ाना है, खासकर आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के लिए।

## राष्ट्रपति मुर्मू आज मानेकशॉ सेंटर में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस समारोह में होंगी शामिल

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु रविवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा राजधानी के मानेकशॉ सेंटर में आयोजित एक राष्ट्रीय स्तर के समारोह में मुख्य अतिथि होंगी। महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी और महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर भी उपस्थित होंगी।

विश्व स्तर पर 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस, विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं की उपलब्धियों और उनके योगदान के उत्सव मनाए जाते हैं। यह दिवस स्त्री-पुरुष समानता, महिलाओं की सुरक्षा, गरिमा और महिला सशक्तिकरण के सरकार और समाज की सामूहिक प्रतिबद्धता को का महत्वपूर्ण अवसर है। मानेकशां सेंटर के कार्यक्रम शुभारंभ महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के सचिव अनिल मलिक के स्वागत भाषण के साथ होगा।

# अगर बैंक खाते से डिजिटली कट गए हैं पैसे, तो मिलेंगे 25000!

**नई दिल्ली, वार्ता**

■ पांच दिन के अंदर अपने बैंक को करना होगा सूचित

ऑनलाइन ठगी के बढ़ते मामलों के बीच आरबीआई आम आदमी के लिए बड़ी राहत लेकर आया है। नए नियम के तहत अगर आपके बैंक खाते से धोखे से पैसे उड़ जाते हैं, तो आपको 25,000 रुपये तक का मुआवजा मिल सकेगा, लेकिन इसके लिए 5 दिन के अंदर एक काम करना होगा।

रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने 6 फरवरी को मॉनेटरी पॉलिसी की घोषणा करते समय इस बदलाव के संकेत दिए थे। इसके बाद 6 मार्च को डिजिटल ट्रांजेक्शन से जुड़े कस्टमर लायबिलिटी फ्रेमवर्क का यह ड्राफ्ट पेश किया गया। फिलहाल केंद्रीय बैंक ने इस पर आम जनता से उनकी राय मांगी है, जिसके लिए 6 अप्रैल 2026 तक का समय दिया गया है। अगर सब कुछ योजना के अनुसार रहा, तो 1 जुलाई 2026 या उसके बाद होने वाले सभी इलेक्ट्रॉनिक बैंकिंग ट्रांजेक्शन पर यह नया नियम लागू हो जाएगा। इस मुआवजे को पाने के लिए सतर्कता बेहद जरूरी है। ठगी का अहसास होते ही आपको तुरंत एक्शन लेना होगा। नियमों के तहत पीड़ित को फ्रॉड होने के 5 दिन के अंदर अपने बैंक को इसकी सूचना देनी होगी। इसके साथ ही नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल या नेशनल साइबर क्राइम हेल्पलाइन पर भी शिकायत दर्ज करानी अनिवार्य है। शिकायत मिलने के बाद बैंक को महज 5 कैलेंडर दिनों के भीतर ही ग्राहक को मुआवजे की राशि का भुगतान करना होगा। डिजिटल पेमेंट हमारी जिंदगी का एक अहम हिस्सा बन चुका है। सब्जी वाले को पैसे देने हों या लाखों का लेन-देन करना हो, सब कुछ स्मार्टफोन के एक क्लिक पर हो जाता है, लेकिन इस सहूलियत के साथ ही ऑनलाइन धोखाधड़ी का खतरा भी तेजी से बढ़ा है। आए दिन साइबर ठग आम लोगों की गाढ़ी कमाई उड़ा ले जाते हैं, ऐसे में आरबीआई आम जनता के लिए एक बड़ी राहत लेकर आया है। आरबीआई का यह कदम सीधे तौर पर उन ग्राहकों को राहत देगा, जो अक्सर छोटे स्तर की ऑनलाइन ठगी का शिकार हो जाते हैं।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त



भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**केदारनाथ से...**

अब दोगुनी रफ्तार से विकास के रास्ते पर बढ़ रहा है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने उत्तराखंड में 10 हजार एकड़ सरकारी भूमि से अतिक्रमण हटाने के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की प्रशंसा करते हुए कहा कि सरकार केदारनाथ से कन्याकुमारी तक एक-एक घुसपैठिया को देश से बाहर निकालने के लिए संकल्पबद्ध होकर कार्य कर रही है। उन्होंने यूसीसी लागू करने के लिए भी मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की प्रशंसा करते हुए कहा कि यूसीसी, डेमोग्राफी में आए अप्राकृतिक बदलाव को रोकने का काम करेगी। केंद्रीय गृह मंत्री ने एसआईआर का उल्लेख करते हुए कहा कि जो भारत का नागरिक नहीं है, उसका नाम वोटर लिस्ट से कटना ही चाहिए, लो. कतंत्र की रक्षा के लिए वोटर लिस्ट का शुद्ध होना जरूरी है। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री अजय टम्टा, विधानसभा अध्यक्ष ऋतु भूषण खंडूडी, राज्य सभा सांसद भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, हरिद्वार सांसद और पूर्व सीएम त्रिवेंद्र रावत, पूर्व सीएम तीरथ सिंह रावत, पूर्व सीएम रमेश पोखरियाल, पूर्व सीएम विजय बहुगुणा, टिहरी सांसद माला राज्य लक्ष्मी, गढ़वाल सांसद अनिल बलूनी, नैनीताल सांसद अजय भट्ट, राज्यसभा सांसद नरेश बंसल, कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज, गणेश जोशी, डा. धन सिंह रावत, सुबोध उनियाल, रेखा आर्य, सौरभ बहुगुणा, मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन सहित कई विधायक और अन्य जनप्रतिनिधि और अधिकारी शामिल हुए।

# ग्रीन-हाइड्रोजन ऊर्जा प्रौद्योगिकी के लिए भारत और ब्रिटेन मिलकर करेंगे सहयोग

**नई दिल्ली, वार्ता**

■ राजधानी में आयोजित सम्मेलन में प्रतिबद्धता व्यक्त की गई

भारत और ब्रिटेन ने ग्रीन-हाइड्रोजन ऊर्जा प्रौद्योगिकी के सुरक्षित उपयोग और विस्तार के लिए मानकों और सुरक्षा प्रोटोकॉल के विकास में सहयोग करने पर साझा प्रतिबद्धता व्यक्त की है। दोनों देशों के बीच हरित हाइड्रोजन मानक और सुरक्षा प्रोटोकॉल विषय पर राजधानी में पिछले दिनों आयोजित एक दिवसीय सम्मेलन में इस प्रकार की प्रतिबद्धता व्यक्त की गई।

नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय की ओर से शनिवार को जारी एक विज्ञप्ति के मुताबिक इस सम्मेलन का आयोजन भारत में हरित हाइड्रोजन ऊर्जा पर एक व्यापक सुरक्षा प्रणाली का निर्माण करना और एक विश्वसनीय और वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी हरित हाइड्रोजन क्षेत्र के विकास को सुगम बनाने के उद्देश्य से किया गया था। यह सम्मेलन राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन के सहयोग से नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एमएनआरई) के अंतर्गत स्थापित राष्ट्रीय हाइड्रोजन सुरक्षा केंद्र (एनसीएचएस) में भारत में ब्रिटिश उच्चायोग और डब्ल्यूआरआई इंडिया के सहयोग से आयोजित किया गया था। राजधानी में 27 फरवरी को आयोजित इस उच्चस्तरीय सम्मेलन में नीति निर्माता, उद्योग जगत के प्रमुख और तकनीकी विशेषज्ञ एक सुरक्षित हरित हाइड्रोजन भविष्य को आकार देने के लिए शामिल हुए थे। इसमें दोनों देशों की सरकारों, उद्योग, शिक्षा जगत, मानक निकायों, परीक्षण संस्थानों, अनुसंधान संगठनों और नियामक एजेंसियों के प्रतिनिधियों को एक साथ लाया गया ताकि भारत के राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन के अंतर्गत हरित हाइड्रोजन के सुरक्षित उपयोग पर सहयोग को मजबूत किया जा सके। इसमें हरित हाइड्रोजन मूल्य श्रृंखला में नियामक ढांचे, अंतर्राष्ट्रीय मानकों और सुरक्षा प्रोटोकॉल पर महत्वपूर्ण चर्चाएं हुईं। इनमें उत्पादन, भंडारण, परिवहन और अंतिम उपयोग अनुप्रयोग के विषय भी शामिल थे। सम्मेलन को राष्ट्रीय सौर ऊर्जा संस्थान के महानिदेशक मोहम्मद रिहान, नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन के मिशन निदेशक अभय बकरे, भारत में ब्रिटिश उच्चायोग के प्रथम सचिव जिनूस शरियाती, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस नियामक बोर्ड के सचिव अंजन कुमार मिश्रा और भारत में ब्रिटिश उच्चायोग के प्रथम सचिव लौरा आयलेट आदि ने संबोधित किया। प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार के कार्यालय के वैज्ञानिक सचिव परविदर मैनी ने मुख्य भाषण देते हुए, हरित हाइड्रोजन प्रौद्योगिकियों के बड़े पैमाने पर उपयोग को सक्षम बनाने के लिए मजबूत सुरक्षा ढांचे, मानक विकास और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के महत्व पर बल दिया। चर्चा सत्रों में हाइड्रोजन सुरक्षा और मानकों के लिए जिम्मेदार राष्ट्रीय नियामकों की भी भागीदारी रही। पेट्रोलियम और विस्फोटक सुरक्षा संगठन (पीईएसओ) ने हाइड्रोजन प्रणालियों के लिए सुरक्षा अनुपालन, जोखिम मूल्यांकन और आपदा प्रबंधन पर नियामक दृष्टिकोण साझा किया। भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) ने विकसित हो रहे मानक ढांचे और भारतीय हाइड्रोजन मानकों को अंतर्राष्ट्रीय सर्वोत्तम प्रथाओं के अनुरूप बनाने के लिए चल रहे प्रयासों पर जानकारी प्रस्तुत की। सम्मेलन के तकनीकी सत्रों में उद्योग, शिक्षा जगत और अनुसंधान संस्थानों के प्रख्यात विशेषज्ञों द्वारा हाइड्रोजन मूल्य श्रृंखला में सुरक्षा प्रथाओं पर प्रस्तुतियां और चर्चाएं शामिल थीं।

# कर्तव्य पथ पर 'शक्ति वॉक' का आयोजन किया जाएगा

**नई दिल्ली।** महिला एवं बाल विकास मंत्रालय रविवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 'शक्ति वॉक-शी लीड्स भारत' नाम से यहां कर्तव्य पथ पर महिलाओं के नेतृत्व में एक वॉक का आयोजन करेगा। इस समारोह का मकसद अलग-अलग क्षेत्र में महिलाओं की उपलब्धियों, नेतृत्व और योगदान का जश्न मनाना है।

साथ ही लिग सामानता, सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को सुनिश्चित करना है। मंत्रालय के मुताबिक यह वॉक सुबह 7:30 बजे से 10:00 बजे तक होगी, जिसमें इंडिया गेट से विजय चौक तक कर्तव्य पथ पर लगभग दो किलोमीटर का रास्ता तय किया जाएगा। इस समारोह में 150 से ज्यादा मंत्रालयों, विभागों और संगठनों की लगभग 3,000 महिलाओं के हिस्सा लेने की उम्मीद है। हिस्सा लेने वालों में सशस्त्र बल, पुलिस, मीडिया, स्वास्थ्य विभाग, खेल, सरकारी संस्थानों, उद्योगों और अन्य संगठनों की प्रतिनिधि शामिल होंगी। इसमें अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के प्रतिनिधियों के भी शामिल होने की उम्मीद है। इस वॉक को महिला जन प्रतिनिधि नेतृत्व करेंगी, जिनमें केंद्रीय मंत्री, राज्य मंत्री, संसद सदस्य, विधायक और अलग-अलग क्षेत्र की दूसरी जानी-मानी हस्तियां शामिल हैं। महिलाएं आज केवल राष्ट्र निर्माण में सहभागिता ही नहीं निभा रहीं, बल्कि उसका नेतृत्व भी कर रही हैं। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित 'शक्ति वॉक' नारी शक्ति, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता का सशक्त प्रतीक है केन्द्र सरकार के कई मंत्रालयों और विभागों की महिला अधिकारियों को भी इसमें शामिल होने के लिए बुलाया गया है।

माहे मुकद्दस रमज़ान की दिली मुबारकबाद



18वां रोज़ा इफ्तार
08 मार्च रविवार
सुन्नी...................... 06:25
शिया...................... 06:38

19वां रोज़ा सहरी
09 मार्च सोमवार
सुन्नी...................... 05:10
शिया...................... 04:17



हाजी ज़ियाउर्रहमान
वरिष्ठ नेता लोकदल

# गन्ने से भरी ट्रेक्टर ट्रॉली पलटने से किसान की मौत

## क्षतिग्रस्त मार्ग के चलते हुआ हादसा, गांव में शोक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** गन्ने से भरी ट्रेक्टर ट्राली के अनियंत्रित होकर पलट जाने से एक किसान की ट्रेक्टर के नीचे दबकर दर्दनाक मौत हो गयी। शोर शराबा होने पर मौके पर पहुंचे आसपास के कई ग्रामीणों ने आनन फानन में ट्रेक्टर की नीचे से किसान को निकाला लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। कुछ ही देर में यह खबर गांव में आग की तरह फैल गयी और घटनास्थल पर भारी भीड़ जमा हो गयी। तभी मौके पर पहुंची पुलिस पर ग्रामीणों ने जमकर भड़ास निक.ाली क्योंकि जिस मार्ग पर यह घटना हुई उस मार्ग से गांव के किसान सर्विस रोड निकालने की मांग कई सालों से करते चले आ रहे थे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था।

मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के गांव बिराल निवासी लगभग 35 वर्षीय किसान ठाकुर रवि पुत्र महेंद्र सिंह शनिवार की सुबह रोजाना की भांति अपने खेत से ट्रेक्टर ट्राली में गन्ने भरकर रमाला मिल में गन्ना डालने जा रहा था। जब वह हाइवे के पास में से निकल रहा था तो वहीं ऊबड़ खाबड़ रास्ते में ट्रेक्टर अचानक से अनियंत्रित होकर उपर की और उठकर पलट गया। जिसमें रवि की दबकर मोत हो गयी। आसपास के किसानों ने जब ट्रेक्टर के पलटने की आवाज सुनी तो उन्हें समझते देर नहीं लगी और वे तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे तो देखा रवि ट्रेक्टर के नीचे दबा हुआ है तो किसानों ने गांव बिराल में इस घटना की जानकारी किसान मजदूर संगठन के ग्राम बिराल अध्यक्ष ठाकुर मदन सिंह, जन प्रतिनिधि अंकुश प्रताप सिंह व ग्राम प्रधान ठाकुर मन्नू सिंह को दी तो वे सैंकड़ों ग्रामीणों के साथ मौके पर पहुंचे और ट्रेक्टर ट्राली को सीधा कर रवि को निकाला लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। ग्रामीण यह देख आक्रोशित हो गये और घटना की सूचना फोन पर परासौली पुलिस चौकी पर दी तो पुलिस कुछ ही देर बाद घटनास्थल पर पहुंच गयी तो बुढाना पुलिस को ग्रामीणों का गुस्सा झेलना पड़ा क्योंकि ग्रामीणों का कहना था कि वे कई सालों से समय समय पर इस मार्ग के पास को हाइवे पर सर्विस रोड बनाए जाने की मांग कर रहे हैं लेकिन कोई भी अधिकारी सुनने को तैयार नहीं है।

इसी वजह से आज ये दुर्घटना हुई है। यहां पर ग्रामीणों ने मृतक के परिजनों को मुआवजा दिए जाने की मांग की क्योंकि मृतक किसान रवि के पास ज्यादा जमीन नहीं है। मृतक के 2 छोटे बच्चे हैं। पुलिस ने ग्रामीणों को समझा बुझाकर शांत कर शव को पीएम के लिए भिजवाया और उनकी मांग उच्चाधिकारियो के समक्ष रखने की बात कही। उधर अंकुश प्रताप सिंह ने बताया कि उनके गांव में हाइवे निकलने की वजह से ग्रामीणों को भारी असुविधा उठानी पड़ रही है।



मृतक का फाइल फोटो।



## सीओ ने जांच में की कई लोगों से पूछताछ

**मुजफ्फरनगर।** मंडी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में हनि ट्रेप का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले में अधिकारियों को एक शिकायती पत्र दिया गया था जिसके बाद सीओ मंडी द्वारा इस मामले में जांच पड़ताल की जा रही थी। अब तक की जानकारी में आया है कि जांच में लगाए गए कुछ आरोप सही पाए गए है जहां पुलिस ने इस संबंध में कुछ लोगों को पुछताछ के लिए हिरासत में भी लिया है।

बताया जाता है कि एक पीड़ित ने पुलिस अधिकारियों से शिकायत कर्ते हुए एक पत्र के माध्यम से अपनी पीड़ा सुनाई थी जिसमें हनि ट्रेप का मामला सामने आया था। इस मामले की जांच गोपनीय तरीके से क्षेत्राधिकारी द्वारा की गई तो कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी।

## महिला व व्यक्ति के शव की नहीं हुई पहचान

**मुजफ्फरनगर।** जिला अस्पताल में कई रोज से उपचाराधीन मरीज की मौत हो गई है। मरीज 27 फरवरी से भर्ती था, लेकिन मौत से पहले और मौत के बाद भी मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी।

पुलिस का कहना है कि मौत से पहले मृतक ने अपना नाम भारत निवासी टीपी नगर थाना जनपद मेरठ बताया था। और पुलिस इस संबंध में मेरठ पुलिस से बातचीत कर चुकी है, लेकिन इस नाम का व्यक्ति कही नहीं मिला।

वहीं एक अन्य घटना मे ट्रेन की चपेट में आने से एक महिला की मौत हो गई है। पुलिस दो दिन से महिला की पहचान कराने में लगी है। 55 वर्षीय उक्त महिला जो स्टेशन के प्लेटफार्म नम्बर 2 में पाई गई थी जिसकी पहचान नहीं हो सकी।



मुजफ्फरनगर: गलत टिप्पणी से नाराज धरने पर बैठे कश्यप समाज के लोग।

# महाराजा हिरण्यकश्यप पर टिप्पणी से उबाल

## कश्यप समाज ने डीएम कार्यालय पर किया धरना प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** कश्यप एकता क्रांति मिशन के बैनर पर कश्यप समाज के लोगों ने धरना-प्रदर्शन करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के महाराजा हिरण्यकश्यप को लेकर दिए गए कथित बयान पर नाराजगी जताई।

शनिवार को जुलूस के रूप में कलेक्ट्रेट पहुंचे कश्यप एकता क्रांति मिशन के प्रदेश अध्यक्ष अंकित कश्यप के साथ मोहित कश्यप, संजीव कश्यप, अनुज कश्यप, रामधन सिंह कश्यप एडवोकेट, सोनू कश्यप, मनोज कश्यप, डॉ. मनीष कश्यप, विक्की कश्यप, कर्ण कश्यप, नीरज कश्यप, आनंद कश्यप, राकेश कश्यप, धर्मपाल कश्यप, अभिषेक कश्यप सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री के बयान से कश्यप समाज की भावनाएं आहत हुई हैं। उन्होंने कहा कि महाराजा हिरण्यकश्यप समाज के पूर्वज हैं और उनके बारे में इस प्रकार की टिप्पणी समाज का अपमान है।

वक्ताओं ने आरोप लगाया कि कश्यप समाज को उसका संवैधानिक अधिकार और आरक्षण का लाभ भी सही तरीके से नहीं मिल पा रहा है।

प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि मुख्यमंत्री द्वारा सार्वजनिक रूप से माफी नहीं मांगी गई तो समाज आगे की रणनीति तय करेगा। उन्होंने कहा कि कश्यप समाज अब जागरूक है और अपने सम्मान व अधिकारों के लिए संघर्ष करेगा। कई घंटे तक कश्यप समाज कलेक्ट्रेट परिसर में धरने पर बैठे रहे। इस दौरान महिलाएं भी धरने पर शामिल थी। कश्यप समाज का कहना था कि वह अपनी मांग मनवाकर रहेंगे।

## मंदिर के पुजारी से मारपीट, कार्रवाई की मांग

**मुज़फ्फरनगर।** सिविल लाइन क्षेत्र के रामपुरी स्थित कुष्ट आश्रम के राधा कृष्ण मंदिर के पुजारी के साथ मारपीट के बाद मामला थाने पहुंचा है। घटना की सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंच चुकी थी इस समय पुजारी पर हमले को लेकर लोगों में रोष था और वह हमलावरों के विरूद्ध कार्यवाही की मांग कर रहे थे। पुलिस ने कार्यवाही का आश्वासन देते हुए भीड़ को शांत किया।

बता दे रूडकी रोड पर कुष्ट आश्रम है और वहां पर राधा कृष्ण का मंदिर भी है। उक्त मंदिर की देखभाल और पुजा अर्चना करने वाले पुजारी वहीं पर रहते है। आरोप है कि कुछ लोगों ने उनके साथ मारपीट की। पुजारी का आरोप है कि मंदिर के पास रहने वाले दुकानदार आए दिन विवाद करते है और उनके साथ मारपीट भी की गई है।

काफी लोगों ने पुजारी का पक्ष लेते हुए हंगामा कर कार्यवाहीकी मांग की। यहां पहुंची पुलिस ने कार्यवाही का आश्वासन देकर लोगों को शांत किया। यहां के लोगों ने कहा कि यदि इस मामले में कार्यवाही नहीं हुई तो वह धरना प्रदर्शन करेंगे।

इसके बाद पुलिस ने आस पास के लोगों से घटना की जानकारी ली और यहां लगे सीसीटीवी कैमरे भी खंगाले। पुलिस ने इस संबंध में तहरीर भी ले ली है इसके बाद ही लोग शांत हुए।

घटना के बाद से जहां लोगों में रोष बना है तो पीड़ित में दहशत भी सवार है।

# सहायक श्रम आयुक्त कार्यालय पर श्रमिकों का हंगामा

## अटल आवासीय विद्यालय में परीक्षा के एडमिट कार्ड को लेकर विभाग पर आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुज़फ्फरनगर।** रविवार को अटल आवासीय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा होनी है, लेनिक इससे पहले ही जनपद के श्रम विभाग के कार्यालय पर श्रमिकों ने भारी हंगामा किया। कई गांवों से आए दर्जनों श्रमिकों ने हंगामा व प्रदर्शन करते हुए विभाग पर गंभीर आरोप भी लगाए। श्रमिकों का कहना था कि विभाग ने ऐन वक्त पर बच्चों के प्रवेश पत्र रोक लिए है और इस बात को लेकर भी गुस्सा था कि विभाग ने कई वर्ष पुराने उनके श्रमिक पंजीकरण को भी अवैध बताते हुए निरस्त किया है। प्रदर्शन कर रहे श्रमिकों में इस दौरान भारी आक्रोश था। आरोप लगाया कि बच्चों के दाखिले के लिए आवेदन किया गया था और पूरी प्रक्रिया भी हो गई है। अब रविवार को परीक्षा होने वाली है लेकिन ऐन मौके पर विभाग ने प्रवेश पत्र देने से इंकार कर दिया। हंगामा कर रहे श्रमिकों ने बताया कि श्रमिक की श्रेणी में न आने की बात कही जा रही है, जबकि इनसे भी ज्यादा लोगों के पास 2016 से पंजीकरण मौजूद है। इस दौरान प्रदर्शन मं शामिल मौ. इरशाद विभाग की कार्यप्रणाली पर कई बडे सवाल उठाए। इरशाद ने कहा कि पिछले वर्ष उनके बेटे ने इसी आधार पर परीक्षा दी थी तब वह श्रमिक थे इस बार बेटी का आवेदन किया तो उन्हे अपात्र बताकर उनका पंजीकरण निरस्त कर दिया गया। अगर वह श्रमिक नहीं है तो उन्हे पिछले साल आवेदन में किस लिए शामिल किया गया था। उधर महिला श्रमिक कविता ने भी पूरी तरह अपना गुस्सा उतारते हुए कहा कि वह 2018 से विभाग में पंजीकृत है और वह विभाग की शर्तो का पालन कर रही है, लेकिन उनका बिना किसी बात के पंजीकरण निरस्त कर दिया गया। जबकि रविवार को बच्चों का पेपर है। उन्होने इस कार्यवाही को विभाग की मनमानी बताया। उन्होने कहा कि विभाग की इस कार्यप्रणाली से अभीभावकों को तनाव में डाल दिया है। उन्होने यह भी आरोप लगाया कि गांव में आगंनवाडी में काम करने वाली महिला केबच्चे को प्रवेश पत्र दे दिया गया, जबकि ओर लोगों के निरस्त कर दिए गए। इस संबंध में अटल आवासीय विद्यालय के प्रधानाचार्य ज्योति मखीजा ने भी कहा कि इस विद्यालय में केवल निर्माण श्रमिक के ही दाखिले हो सकते है, लेकिन इस जानकारी का अभाव अधिकांश श्रमिकों को रहता है। आवेदन के बाद ही श्रम विभाग द्वारा जांच की जाती है और जो जांच में अपात्र पाया जाता है उसके पंजीकरण को निरस्त किया जाता है।




मुजफ्फरनगर: विभाग पर आरोप लगाकर प्रदर्शन करते श्रमिक।

# महिला अधिवक्ता को अश्लील मैसेज भेजने का आरोप

## मोबाइल नंबर सर्विलांस पर, मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** खतौली नगर क्षेत्र की एक महिला अधिवक्ता ने एक युवक पर फोन कर गाली-गलौज करने और अश्लील संदेश भेजने का आरोप लगाया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। साथ ही आरोपी के मोबाइल नंबर को सर्विलांस पर लगाकर उसकी तलाश की जा रही है।

मोहल्ला देवीदास निवासी महिला अधिवक्ता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि पिछले कुछ दिनों से उसके मोबाइल पर एक अज्ञात नंबर से लगातार कॉल और अश्लील मैसेज आ रहे हैं। आरोप है कि कॉल करने वाला युवक उससे अभद्र भाषा में बात करता है और व्हाट्सऐप पर भी अश्लील संदेश भेजता है। जब उससे नाम-पता पूछा जाता है तो वह तुरंत फोन काट देता है।

पीड़िता मुजफ्फरनगर कचहरी में वकालत करती है। उसने बताया कि त्योहारों या छुट्टियों के दौरान वह अपनी ससुराल गांव बातनौर, थाना फलावदा जाती रहती है, जबकि उसके पति बृजमोहन मुंबई में एक कंपनी में नौकरी करते हैं। महिला अधिवक्ता का आरोप है कि गांव बातनौर का ही एक युवक उसे बदनाम करने की नीयत से इस तरह की हरकतें कर रहा है।महिला का कहना है कि आरोपी युवक ने उसकी बात न मानने पर फोन पर अभद्रता करने के साथ धमकी भी दी है। इस घटना के बाद से परिवार के लोगों में भी चिंता का माहौल बना हुआ है। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपी युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। साथ ही पीड़िता द्वारा दिए गए मोबाइल नंबर को सर्विलांस पर लगाकर आरोपी की पहचान और गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए हैं।

# सगे भाई बहन के खिलाफ रिपोर्ट हुई दर्ज

**हमले का आरोप, महिला सहित कई घायल**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** पुलिस ने एक पीड़ित की तहरीर पर उसकी पत्नि पर हमला करने की रिपोर्ट सगे भाई बहन के खिलाफ दर्ज कर ली है। मिली जानकारी के अनुसार शहजाद पुत्र बसारत निवासी गांव सफीपुर पट्टी बुढाना ने बुढ़ाना पुलिस को एक तहरीर देते हुए बतलाया कि बीती 02 मार्च की दोपहर उसका दामाद शोएब पुत्र शकील निवासी बुढाना मेरे घर पर आया और मेरी पत्नी फरीदा पर हमला कर दिया। जिसमे मेरी पत्नी गम्भीर रुप से घायल हो गयी। इस सारी घटना मे शोयब की बहन रुबी भी शोयब के साथ थी। जब मेरी पत्नि ने दोनों भाई बहन का विरोध किया तो दोनो बहन भाई मेरी पत्नी के साथ गाली गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी देकर भाग गये। में अभी तक अपनी पत्नी फरीदा का इलाज करा रहा था। अब मेरी पत्नी घर आ गयी है। पीड़ित ने आरोपी दामाद और उसकी बहन के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। उधर पुलिस ने आरोपी दामाद और उसकी सगी बहन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## बिजोपुरा में दो पक्षों के झगड़े की जांच करने एसपी सिटी गांव पहुंचे



**छपार।** गांव बिजोपुरा में दो गुटों में हुए झगड़े की जांच करने एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत गांव में पहुंचे ओर दोनों पक्षों के लोगों से बातचीत की। बिजोपुरा में तीन फरवरी की शाम को साढ़े सात बजे अमित व हरेंद्र छपार से अपने गांव जा रहे थे। गांव के स्कूल के पास ही कुछ युवक खड़े थे उन्होंने धारदार हथियारों से हमला कर दिया जिसमें अमित को गंभीर चोटें आई ओर हरेंद्र भी घायल हो गया।

रात्रि में ही पुलिस ने अमित को जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया और हरेंद्र की भी डाक्टरी कराई गई। रात्रि में ही पुलिस ने घायल के पिता की ओर से दस नामजद व एक दर्जन अज्ञात के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। बाक़ी लोग फरार हो गये। दूसरे पक्ष का आरोप है कि पुलिस ने उनकी नहीं सुनी और न ही डाक्टरी कराई। एक तरफा कार्रवाई की गई जिस पर एसपी सिटी शनिवार को गांव में पहुंचे ओर दोनों पक्षों को बुलाकर बातचीत की ओर उन्हें समझाया गया। लगभग एक घंटे तक मामले की जांच कर एसपी सिटी वापस लौट गये।

# दूसरे सम्प्रदाय की युवती को बहका फुसलाकर अपहरण का आरोप, तनाव

**एक सप्ताह बाद भी नहीं मिली अपहृता**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** दूसरे सम्प्रदाय की युवती को बहका-फुसलाकर ले जाने का मामला प्रकाश मे आया है। पीड़ित परिवार ने अनहोनी की आशंका जताते हुए युवती की बरामदगी की मांग पुलिस से की है. घटना को लेकर तनाव की आशंका व्याप्त हो गयी है।पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

थाना व गाँव ककरौली निवासी सगीर ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसके मोहल्ले में एक महिला का मकान है जहां उसके रिश्तेदार युवक का आना-जाना रहता था। आरोप है कि चीता उर्फ सुमित नामक युवक उसकी बहन से फोन पर बातचीत करता था, जिस पर परिवार ने उसे पहले भी चेतावनी दी थी, लेकिन इसके बावजूद वह अपनी हरकतों से बाज नहीं आया।पीड़ित के अनुसार बीते 26 फरवरी की रात नौ बजे जब परिवार के सदस्य मकान की छत पर नमाज अदा कर रहे थे। इसी दौरान आरोपी युवक अपनी बहन के साथ कार लेकर वहां पहुंचा और उसकी बहन को बहका-फुसलाकर अपने साथ गाड़ी में बैठाकर ले गया।जब परिवार के सदस्य नमाज के बाद नीचे आए तो उसकी बहन घर पर नहीं मिली। परिजनों ने आसपास और रिश्तेदारों के यहां काफी तलाश की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लगा। खतौली निवासी व्यकित ककरौली पहुंचे और उन्होंने बताया कि टंढेड़ा मार्ग पर एक कार जाती हुई देखी थी,जिसमें उसकी बहन बैठी थी।परिजनों ने अनहोनी की आशंका के चलते आरोपी के खिलाफ तहरीर देकर पुलिस से युवती की बरामदगी की गुहार लगाई है। थानाध्यक्ष ने बताया कि आरोपी चीता उर्फ सुमित पुत्र चतर सिंह निवासी खिरवा जलालपुर जनपद मेरठ के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर युवती की तलाश शुरू दी है।

## डिवाइडर से टकराई कार, सिपाही घायल

**मुजफ्फरनगर।** सहारनपुर मार्ग रामपुर तिराहा चौकी क्षेत्र में हादसे के दौरान कार सवार सिपाही घायल हो गया। घटना उस वक्त हुई जब कार सवार सिपाही ने एक दम्पत्ति को बचाने का प्रयास किया और उसकी कार डिवाइडर से टकरा गई। बताया जाता है कि सिपाही दीपक कुमार ड्यूटी के बाद बामनहेडी पुलके पास सहारनपुर मार्ग की ओर जा रहा था। इसी बीच अचानक उसके सामने बाइक सवार व्यक्ति आ गया। बाइक सवार को बचाते समय सिपाही की कार डिवाइडर से टकरा गई जिससे उसको चोटे आई। डायल 112 ने सिपाही को जिला अस्पताल पहुंचाया। सूचना के बाद रामपुर तिराहे की चौकी की पुलिस भी जिला अस्पताल पहुंची और अपनी देखरेख में घायल का इलाज कराया।

# मंदिर के दानपात्र से हजारों की चोरी

**आरोपी सीसीटीवी कैमरों में कैद, मुकदमा दर्ज**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुज़फ्फरनगर।** शाहपुर क्षेत्र के गांव किनौनी में स्थित मंदिर में चोरी की घटना का खुलासे की मांग की गई है। पुलिस ने मामले की छानबीन करते हुए मंदिर की देखभाल करने वाले व्यक्ति से तहरीर लेकर कार्यवाही शुरू कर दी है।

ग्राम किनौनी के रहने वाले दीपक पुत्र सोमपाल ने शाहपुर पुलिस को सूचना देकर बताया था कि वह मंदिर की देखभाल करता है। और इस मंदिर में आसपास के श्रद्धालु पिछले चार-पांच माह से चढ़ावा कर रहे थे। मंदिर में दान पात्र रखा हुआ था जहां आरोप लगाया कि विगत दिवस करीब पांच बजे देवेन्द्र मंदिर में घुस आया और उसने पूजा अर्चना का ताला तोडकर दान पात्र मे रखे हजारों रूपये की नगदी चोरी कर ली। पुलिस ने दी गई तहरीर के आधार पर मामले की जांच पडताल की। और आस-पास के लगे सीसीटीवी कैमरे भी खंगाले। ग्रामीणों का कहना है कि दानपात्र से चोरी करने वाला आरोपी सीसीटीवी फुटेज में कैद है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर इस मामले का मुकदमा दर्ज कर लिया है। बताया जा रहा है कि देवेन्द्र ही सीसीटीवी कैमरे में कैद है।

आयुष्मान सुविधा उपलब्ध है
माहे रमजान की दिली मुबारकबाद
डॉ0 रिजवान अली
एम0बी0बी0एस0 (एम0एस0)
जनरल एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन
डॉ0 मौहसिन अली
एम0बी0बी0एस0 (एम0डी0)
डॉ0 मौ0 शुऐब
एम0बी0बी0एस0 (एम0एस0)
डॉ0 जैनब इनाम
एम0बी0बी0एस0 (डी0जी0ओ0)
(स्त्री रोग विशेषज्ञ)
दिवान हॉस्पिटल
सुजड़ू चुंगी, मेन रोड मुजफ्फरनगर 251001
0131-2634069-9837 3357 11

# गंगा घाट पर जिला प्रशासन ने चलाया गंगा स्वच्छता अभियान

## शुकतीर्थ में गंगा घाट पर स्वच्छता कार्यक्रम चलाकर की सफाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** (मुजफ्फरनगर)। तीर्थ नगरी शुकतीर्थ में शनिवार को जिला प्रशासन के द्वारा गंगा घाट पर गंगा स्वच्छता अभियान के तहत साफ सफाई की गई। जिसमें पुरकाजी, मोरना व जानसठ ब्लाक से आए सफाई कर्मियों ने गंगा घाट, बांध और घाट की सीढ़ियों पर झाडू लगाकर साफ सफाई की।

शुभारंभ सीडीओ कंडाकर कमल किशोर देशभूषण ने अधिकारियों, कर्मचारियों के साथ मिलकर गंगा घाट झाडू लगाकर अभियान का शुभारंभ किया और कहा कि सरकार गंगा को स्वच्छ बनाने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है तथा विभिन्न योजनाओं के माध्यम से गंगा को स्वच्छ किया जा रहा है। स्वच्छ गंगा, निर्मल गंगा हमारी प्राथमिकता है। सीडीओ ने सहायक जिला पंचायत राज अधिकारी धर्मेंद्र कुमार, एडीओ पंचायत सत्येंद्र कुमार, ग्राम पंचायत सचिव योगेश धीमान ने मिलकर गंगा किनारे, शुकदेव सेतु और घाट की सीढ़ियों पर बिखरे कूड़े-कचरे को कूड़ेदान तक पहुंचाया गया। इसके बाद पुरका. जी, मोरना व जानसठ ब्लाक से आए सफाई कर्मियों ने गंगा घाट, बांध और घाट की सीढ़ियों पर झाडू लगाकर साफ सफाई की। कार्यक्रम में श्री गंगा सेवा समिति के मैनेजर देवेन्द्र आर्य,

ग्राम विकास अधिकारी संजीव कुमार , प्रधान राजपाल सैनी, प्रांजल, इंदू देशवाल, योगेश सहरावत मौजूद रहे।


मोरना: गंगा घाट की सफाई व्यवस्था का जायजा लेते अधिकारीगण।

# युवक पर लगा नवयुवती को भगाने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** एक युवक पर एक नवयुवती को बहला फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगा है। पुलिस ने नवयुवती की मां की तहरीर पर आरोपी युवक के खिलाफ मामला दर्ज कर नवयुवती की सकुशल बरामदगी और आरोपी की तलाश शुरु कर दी थी।

मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कोतवाली की बायवाला पुलिस चौकी क्षेत्र के एक गांव की महिला ने बुढ़ाना पुलिस को एक तहरीर देते हुए बतलाया कि उसकी लगभग 19 साल की पुत्री बीती 05 मार्च की सायं घर से बिना बताए चली गयी। उसे हमने काफी स्थानों पर तलाश किया लेकिन वह कहीं पर भी नहीं मिली।

अब हमें शक है कि उसकी पुत्री को समीपवर्ती गांव इटावा का निवासी मोनू पुत्र ओमपाल सिंह बहला फुसलाकर कहीं अज्ञात स्थान पर ले गया है। पीड़िता ने बुढ़ाना पुलिस से अपनी पुत्री की सकुशल बरामदगी और आरोपी के खिलाफ कार्यवाही की गुहार लगाई है। उधर पुलिस ने आरोपी मोनू के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर गायब हुई नवयुवती की सकुशल बरामदगी और आरोपी मोनू की तलाश शुरु कर दी थी।

# ब्लॉक परिसर में हुई क्षेत्र पंचायत की मीटिंग

**बुढ़ाना।** शनिवार को बुढाना ब्लाक परिसर में बुढ़ाना ब्लाक क्षेत्र पंचायत की एक आवश्यक बैठक निर्धारित एजेंडे के अनुसार बुढ़ाना ब्लाक की प्रमुख पाल्लो देवी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जिसमें मुख्य अतिथि बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र के रालोद विधायक राजपाल बालियान थे।

यहां रालोद विधायक राजपाल बालियान ने केंद्र सरकार द्वारा संचालित योजना जी रामजी के बारे मे सभी प्रतिनिधियों को जानकारी दी और कहा कि जीरामजी योजना चलने से सीमान्त किसानों को लाभ होगा और हमें इसमें मुख्यमन्त्री योगी का आशीर्वाद मिला है। मैंने अपनी विधानसभा के हर गांव में एक से बढ़कर एक विकास कार्य कराए और कुछ कार्य तो प्रमुख विनोद मलिक और मैंने मिलकर कराए। उन्होंने ब्लाक बुढाना स्टाफ की प्रशंसा की और इसके लिए बीडीओ सतीश कुमार को धन्यवाद किया और कहा कि समय समय मे ऐसे कार्य होते रहने चाहियें। उन्होंने ब्लाक के प्रधानों व बीडीसी मेम्बरों को कहा कि बुढ़ाना ब्लाक से चलने वाली सरकारी योजनाओं का लाभ वे सीधे ग्रामीणों तक पहुंचाएं। मुख्य अतिथि पूर्व प्रमुख विनोद मलिक ने कहा हम बुढ़ाना ब्लाक के किसी न किसी गांव में रोज विकास करा रहे हैं।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को भी कहा कि वे भी अपनी सोच बदलें और कार्य को पारदर्शिता से करें। फिर हम सभी अधिकारियो व कर्मचारियों के साथ खड़े हैं। उससे पूर्व ब्लाक एडीओ कृषि रविन्द्र पंवार ने फसल बचाओ व कृषि विभाग से संचालित योजना की जानकारी दी। विशिष्ट अतिथि पीएचसी बुढ़ाना के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डाक्टर सोनू कश्यप ने कहा रेबीज का टीका अब सभी दिनों में लगाया जाता है। एडीओ सहकारिता प्रवेन्द्र तोमर ने नैनों यूरिया की महत्ता पर प्रकाश डाला। सीडीपीओ ने भी अपनी योजनाएं बताई। एडीओ पंचायत प्रभारी धर्मेंद्र बालियान और बीडीओ सतीश कुमार ने बीडीसी मेम्बरों से विकास कार्य संबंधी प्रस्ताव लिए। यहां वरिष्ठ लिपिक ईनाम, जेई ब्रजेश सैनी, पुष्पेंद्र, आकाश, रोहित, विकास, चितांश, जितेन्द्र, सुनील आदि मौजूद थे। संचालन नरेन्द्र मलिक ब्लाक कार्डिनेटर ने किया।



# राष्ट्रीय योजना परीक्षा में कशिश ने हासिल की 27वीं रैंक

**बुढ़ाना।** कन्या जूनियर हाईस्कूल की होनहार छात्रा कशिश ने विगत दिवस राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित योजना परीक्षा 2026- 27 में 27वीं रैंक हासिल कर समूचे मुजफ्फरनगर जनपद का नाम रोशन किया।

मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना के कन्या जूनियर हाई स्कूल की छात्रा कशिश ने राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित योजना परीक्षा 2026- 27 में संपूर्ण मुजफ्फरनगर जिले में 27वीं रैंक हासिल करते हुए विद्यालय और अपने परिवार का भी नाम रोशन किया है। छात्रा कशिश की इस उपलब्धि पर विद्यालय स्टाफ ने माला व मेडल पहनाकर उनका जोरदार स्वागत किया। विद्यालय में कशिश की इस उपलब्धि पर जश्न का माहौल था। विद्यालय स्टाफ ने स्कूली बच्चों को मिठाई वितरित की और कशिश को बधाई दी। इस अवसर पर संतोष कुमारी, सुशील सैनी, मनोज सहरावत, रश्मि गोयल, अंजलि मलिक, प्रीति, सुकेश, सीमा, पूनम और संगीता जैन आदि उपस्थित रहे। उधर छात्रा कशिश के परिवार ने विद्यालय स्टाफ और शिक्षकों को आभार व्यकत किया है। कशिश के परिजनों ने कहा कि बेटी की इस उपलब्धि से वे बहुत खुश हैं और वह विद्यालय स्टाफ के आभारी हैं जिन्होंने कशिश को इस मुकाम तक पहुंचाया है। कुल मिलाकर स्कूल और छात्रा के परिवार में छात्रा की इस उपलब्धि को लेकर खुशी का माहौलघ बना है।



## एसपी व एसडीएम के प्रयास से सुलझा मामला

**बुढ़ाना।** एसपी देहात आदित्य बंसल और एसडीएम कृष्णकांत विश्वकर्मा के सफल प्रयास से बीते कल से एक बोर्ड लगाने को लेकर चला आ रहा दलित और ठाकुर समाज का विवाद समाप्त हो गया। दरअसल बीती शुक्रवार के दिन भीम आर्मी आजाद समाज पार्टी कांशीराम के गांवघ नगवा के कुछ कार्यकर्ताओं ने पार्टी से संबंधी एक साइन बोर्ड सार्वजनिक जगह पर लगा दिया था। जिसमें गांव के ही ठाकुर समाज के कुछ युवकों ने इस साइन बोर्ड को लगाने का ऐतराज जताते हुए हंगामा कर दिया था। तब मौके पर पहुंची बुढ़ाना पुलिस ने दोनों पक्षों को शांत कर दिया था। आज यह मामला बुढाना कोतवाली परिसर में आए एसपी देहात और एसडीएम के सामने आया तो उन्होंने दोनों पक्षों के जिम्मेदार लोगों को कोतवाली बुलवा लिया। जिसमें दोनो ही अधिकारियो ने बारी बारी से दोनों पक्षों की बातें सुनी तो दोनों अधिकारियों ने दोनों पक्षों को समझाते हुए और सुप्रीम कोर्ट के दिशा निर्देशों का हवाला देते हुए जरा सी ही देर में मामले का पटाक्षेप कर दिया। जिसमें दोनो ही पक्ष संतुष्ट नजर आए। इस दौरानघ सीओ गजेंद्र पाल सिंह, कोतवाल सुभाष बाबू अत्री, महिला थानाध्यक्ष सुमन शर्मा, क्राइम इंस्पेक्टर कर्मवीर सिंह, एसएसआई ललित शर्मा, बायवाला पुलिस चौकी प्रभारी रणवीर सिंह के अलावा भीम आर्मी मुजफ्फरनगर के जिला संगठन मंत्री और आजाद समाज पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता हाजी नसीम अंसारी और संतलाल सागर आदि गणमान्य लोग भी मौजूद रहे।

## डिग्री कालिज में एनएसएस शिविर का शुभारम्भ



**चरथावल।** राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन प्राचीन महादेव मन्दिर चरथावल पर हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। शिविर का शुभारम्भ महाविद्यालय के हरिकिशन गर्ग, प्रबन्धक विनोद कुमार सिंहल के द्वारा किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अभिषेक बंसल प्रमुख समा. जसेवी रहे,शिविर मे मनीष जैन, अनुज गर्ग, अनिल गर्ग, अनन्त गर्ग, नवीन गर्ग, कोमल सिंघल आदि का सहयोग रहा प्राचार्या डा. अनीता रानी ने अपने कर कमलो द्वारा फीता काटकर व मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं पुष्प अर्पित करके किया। कार्यक्रम अधिकारी सरिता ने स्वयं सेविकाओं को राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यो के बारे में जानकारी प्रदान की। प्राचार्या डा. अनीता रानी ने स्वयंसेविकाओ को बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना का मुख्य उद्देश्य युवाओं का सर्वांगीण और सामूहिक विकास करना है। मुख्य अतिथि अभिषेक बंशल ने छात्राओं को किस तरह अपने जीवन मे शिक्षा के साथ साथ सफाई व्यवस्था का भी कितना महत्व है इस बारे मे विस्तार से समझाया। कु. वैशाली, कु. सायना, कु. अलशिफा नूर, कुद्र शिवानी ने सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये। शिविर में सभी स्वयंसेविकाओ और अतिथिगानों के जलपान की व्यवस्था की गयी।

# आंगनवाड़ी भर्ती पोर्टल में गड़बड़ी का आरोप

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** खतौली ब्लॉक के ग्राम बड़सू में आंगनवाड़ी हेल्पर भर्ती को लेकर तकनीकी गड़बड़ी का मामला सामने आया है। अभ्यर्थी पक्ष ने भर्ती पोर्टल में त्रुटि का आरोप लगाते हुए मंडलायुक्त डॉ. रूपेश कुमार और जिलाधिकारी उमेश कुमार मिश्रा को ज्ञापन सौंपकर मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है।

ग्राम बड़सू निवासी सम्पत सिंह ने बताया कि उनकी पत्नी बबीता रानी ने 6 दिसंबर 2025 को आंगनवाड़ी हेल्पर पद के लिए बड़सू-3 और बड़सू-4 केंद्रों पर अलग-अलग आवेदन किया था। लेकिन 21 दिसंबर को पोर्टल पर आवेदन की स्थिति देखने पर दोनों आवेदन केवल एक ही केंद्र बड़सू-4 के अंतर्गत प्रदर्शित हो रहे थे।

इस संबंध में 25 दिसंबर 2025 को जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई गई थी, जिसका संदर्भ संख्या 40013325037953 है। जिला कार्यक्रम अधिकारी कार्यालय की ओर से जवाब दिया गया कि लखनऊ स्थित निदेशालय से पोर्टल अनलॉक होने के बाद समस्या बनी रहने पर आगे पत्राचार किया जाएगा।

पीड़ित पक्ष का आरोप है कि समस्या का समाधान किए बिना ही पोर्टल पर शिकायत का निस्तारण दर्शा दिया गया, जबकि तकनीकी त्रुटि अब भी बरकरार है। उनका यह भी कहना है कि इस मामले में लखनऊ निदेशालय को कोई औपचारिक पत्र नहीं भेजा गया। बताया गया कि 23 फरवरी 2026 को अभ्यर्थी को केवल बड़सू-4 केंद्र के लिए सूचना पत्र देकर भर्ती प्रक्रिया में शामिल होने के लिए बुलाया गया। वहीं उच्च अधिकारियों को अग्रसारित शिकायत की समयसीमा 14 जनवरी 2026 बीत जाने के बावजूद मामला लंबित बताया जा रहा है। सम्पत सिंह ने मंडलायुक्त से मांग की है कि जब तक आवेदन से जुड़ी तकनीकी गड़बड़ी की निष्पक्ष जांच पूरी नहीं हो जाती और दोनों केंद्रों पर आवेदन की स्थिति स्पष्ट नहीं होती, तब तक ग्राम बड़सू की आंगनवाड़ी भर्ती प्रक्रिया को अंतिम रूप न दिया जाए। साथ ही उन्होंने दोषी अधिक. ारियों के खिलाफ कार्रवाई की भी मांग की है।



## निरीक्षण के दौरान मंडलायुक्त का स्वागत

तहसील निरीक्षण के दौरान एडीएम गजेंद्र सिंह और एसडीएम निकिता शर्मा ने मंडलायुक्त डॉ. रूपेश कुमार का स्वागत किया। अधिकारियों ने उन्हें माँ सरस्वती की प्रतिमा और बुके भेंट किया। इस अवसर पर क्षेत्र के किसानों ने भी पुष्प भेंट कर मंडलायुक्त का अभिनंदन किया।

**सम्बन्ध विच्छेद सूचना**

मेरा पुत्र विधु त्यागी गलत संगत में पड़कर मेरे व परिवार के कहने सुनने से बाहर है। गलत कार्य करने से मना करने पर मुझे जान से मारने की धमकी देता है और किसी भी वारदात को अंजाम दे सकता है। मजबूर होकर मैंने अपने लडके विधु त्यागी को अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर इससे सम्बन्ध विच्छेद कर लिए हैं विधु त्यागी द्वारा किए गए किसी भी कृत्य या लेन देन की कोई जिम्मेदारी मेरी या परिवार के अन्य सदस्यों की नहीं होगी। ये स्वयं जिम्मेदार होगा।

**दिनेश त्यागी पुत्र सुखवीर सिंह**
**निवासी- ग्राम फलौदा**
**थाना पुरकाजी**
**जिला मुजफ्फरनगर**

# होली चाईल्ड में आर्ट एण्ड क्राफ्ट प्रदर्शनी का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** शनिवार होली चाइल्ड पब्लिक इण्टर कॉलेज, जडौदा, में अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष में आर्ट एण्ड क्राफ्ट प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसका शुभारम्भ मुख्य अतिथि प्रबन्धक जिला महिला अस्पताल प्रियंका तोमर, जिला समन्वयक बेसिक शिक्षा विभाग सुशील कुमार, बाल कल्याण समिति सदस्य डॉ0 राजीव कुमार, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण स्वयंसेवक गौरव मलिक, धनीराम, बालिकाओं एवं प्रधानाचार्य प्रवेन्द्र दहिया द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया।

कार्यक्रम में अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष में बैडमिंटन प्रतियोगिता में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली बालिकाओं सृष्टि, अनामिका, पीहू, विधि, आरूषी, शिवी, अनुश्री दहिया, आफिया, प्रियांशी पाल, खुशी, निवेदी, आराध्या, इच्छा, अंशिका शुक्रालिया इत्यादि को अतिथियों द्वारा अंगवस्त्र एवं मोमोन्टो देकर सम्मानित किया गया।प्रियंका तोमर ने अपना सम्बोधन देते हुए कहा कि इस अवसर पर विद्यार्थियों ने बहुत ही शानदार आर्ट एण्ड क्राफ्ट की प्रदर्शनी लगायी है। अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस महिलाओं के अधिकारों, सम्मान, समानता और उनके योगदान को सम्मानित करने के लिए समर्पित है।

महिलाएं प्रत्येक क्षेत्र में पुरूषों के साथ कदम से कदम बढाकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रही है। सुशील कुमार ने बताया कि यह दिन हमें याद दिलाता है कि शिक्षा, राजनीति, विज्ञान, खेल और हर क्षेत्र में महिलाओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और उन्हें समान अवसर मिलने चाहिए। डॉ0 राजीव कुमार ने अपने उद्बोधन में कहा कि अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुरूआत 1908 में अमेरिका में महिला के अधिकारों के आन्दोलन से हुई। महिलाओं ने बेहतर काम परिस्थितियों, उचित वेतन और मतदान के अधिकारों की मांग की थी। बाद में 1910 में कोपेनहेगर सम्मेलन में इस दिवस को अन्तर्राष्ट्रीय दिवस मनाने का प्रस्ताव रखा गया और तब से यह दुनियाभर में मनाया जाने लगा। प्रधानाचार्य प्रवेन्द्र दहिया ने अपने उद्बोधन में कहा कि भारतीय संस्कृति में नारी को पूजनीय और शक्ति स्वरूप माना गया है। भारतीय ग्रंन्थों में कहा गया ''यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवता''।




## कब्रिस्तान पर कब्जे की शिकायत पर प्रशासन की कार्रवाई

**मीरापुर।** क्षेत्र के ग्राम मुकल्लमपुरा में स्थित मेवाती कब्रिस्तान पर अवैध कब्जे की सूचना मिलने के बाद पुलिस और प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए कब्रिस्तान को कब्जा मुक्त करा दिया। प्रशासन की इस कार्रवाई से स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली। मीरापुर के मोहल्ला नवाब पटी निवासी खुशह्वद मेवाती पुत्र आस मोहम्मद ने बताया कि ग्राम मुकल्लमपुरा में खसरा संख्या 600 पर स्थित मेवाती कब्रिस्तान की भूमि पर कुछ लोगों ने दबंगई दिखाते हुए अवैध रूप से पेड़ लगा दिए थे और वहां एक कमरा भी बना लिया था। जब कब्रिस्तान से जुड़े जिम्मेदार लोगों ने इस संबंध में उन लोगों से बात करने का प्रयास किया तो उन्होंने न केवल गाली-गलौज की बल्कि जान से मारने की धमकी भी दी। इस घटना के बाद खुर्शीद मेवाती ने मामले की शिकायत एसडीएम जानसठ राजकुमार भारती से की। शिकायत का संज्ञान लेते हुए एसडीएम ने तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। उनके आदेश पर लेखपाल ओमवीर सिंह और कानूनगो संजीव शर्मा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और पूरे मामले की जांच की।

**कृषक भारती को-आपरेटिव लिमिटेड**

KRIBHCO Cooperative and beyond...

**क्षेत्रीय कार्यालय-मेरठ**

**उर्वरक परिवहन हेतू निविदा-सूचना**

वित्तीय वर्ष 2026-27 के दौरान PCF/DCDF/रैक पाइन्ट मुजफ्फरनगर से कृषक भारती सेवा केन्द्र- शाहपुर (मुजफ्फरनगर), पुषार (बागपत) एवं रामपुर मनिहारन (सहारनपुर) पर पर अनुमानित 2000.00मै0टन उर्वरक परिवहन किया जाना प्रस्तावित है। उक्त कार्य दिनांक 31.03.2027 तक सेवा केन्द्रों की मांग के अनुसार किया जायेगा। उक्त परिवहन कार्य हेतू परिवहन पार्टियों से सीलबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती है। सीलबंद निविदाएं क्षेत्रीय प्रभारी, कृभको-मेरठ को सम्बोधित करते हुये कृभको क्षेत्रीय कार्यालय, F-103, शास्त्री नगर, मेरठ में दिनांक 23.03.2026 को दोपहर 02.00 बजे तक प्राप्त की जा सकती है। पार्टियों द्वारा न्यूनतम 01 वर्ष का कार्य अनुभव प्रमाण पत्र, रूपये 5,000 जमानत धनराशि का डिमाण्ड ड्राफ्ट (कृभको के पक्ष में लखनऊ पर देय), विगत 03 वषो की आईटीआर प्रति, पैन कार्ड एवं जीएसटी नम्बर की छायाप्रति निविदा के साथ संलग्न की जानी आवश्यक है। निविदाएं दिनांक 23.03.2026 को कमेटी द्वारा अपरान्ह: 03.00 बजे कृभको, क्षेत्रीय कार्यालय, मेरठ में खोली जायेगी। निविदा प्रारुप एवं नियम शर्तों की प्रति विज्ञापन प्रकाशन की तिथि से किसी भी कार्य दिवस में कृभको, क्षेत्रीय कार्यालय,मेरठ से प्राप्त की जा सकती है। किसी एक अथवा समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार कृभको के पास सुरक्षित रहेगा।

**(वशिष्ठ नायक),**
**क्षेत्रीय प्रभारी, कृभको-मेरठ**
Email: aomeerut@kribhco.net

**सम्बन्ध विच्छेद सूचना**

मेरा पति अंकित कुमार मेरे साथ लडाई झगडा व मारपीट करता रहता है कई बार मौजिज व्यक्तियों द्वारा हमारे बीच समझौता कराकर मुझे मेरी ससुराल भेज दिया लेकिन अंकित कुमार के व्यवहार में कोई बदलाव नही आया और वह मेरा लगातार मानसिक व शारीरिक शोषण करता रहा। इस कारण मै अपने पति अंकित कुमार से अपने पति-पत्नी के सम्बन्ध विच्छेद कर रही हूँ। आज के बाद मेरा अंकित कुमार से कोई सम्बन्ध या वास्ता किसी प्रकार का नही होगा।

**श्रीमति मोनी पुत्री भागमल**
**निवासी ग्राम रहडवा थाना रामराज**
**जिला-मुजफ्फरनगर**

**सार्वजनिक सूचना**

मेरे पुत्र के जन्म प्रमाणपत्र सं. 6399/5.6.2013 मे नियमों की जानकारी न होने के कारण नाम आयुष दर्ज नही कराया गया। मेरे पुत्र का वास्तविक नाम यही है। पंजीकरण हेतु आवेदन पत्र सम्बन्धित विभाग मे प्रस्तुत किया जा रहा है।

**बिरपाल सैनी**
**395, नंगला बुजुर्ग मजरा**
**विलायतनगर, मु.नगर**
**मो. 9627746465**

**सार्वजनिक सूचना**

मेरे पुत्र के जन्म प्रमाणपत्र सं. 12141/17.12.2011 मे नियमों की जानकारी न होने के कारण नाम अंशुल कुमार दर्ज नही कराया गया। मेरे पुत्र का वास्तविक नाम यही है। पंजीकरण हेतु आवेदन पत्र सम्बन्धित विभाग मे प्रस्तुत किया जा रहा है।

**बिरपाल सैनी**
**395, नंगला बुजुर्ग मजरा**
**विलायतनगर, मु.नगर**
**मो. 9627746465**

# संक्रामक रोगों के प्रति जागरूकता अभियान शिविर का आयोजन

**मुजफ्फरनगर।** श्रीराम कॉलेज के शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा ग्राम सहावली में संक्रामक रोगो के प्रति जागरूकता अभियान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में संक्रामक रोगो के प्रति जागरूकता संबंधी व्याख्यान भूपेन्द्र कुमार, प्रवक्ता शारीरिक शिक्षा विभाग तथा ब्रिवदीप कौशिक, प्रवक्ता शारीरिक शिक्षा विभाग श्रीराम कॉलेज, मुजफ्फरनगर द्वारा दिया गया।

इस अवसर पर प्रमोद कुमार विभागाध्यक्ष शारीरिक शिक्षा विभाग ने कहा कि शिविर के दौरान विशेषज्ञों ने संक्रामक रोगो की रोकथाम के प्रति जागरूकता पर प्रकाश डालते हुए स्वच्छता को अपनाने की आवश्यकता पर बल दिया तथा आस-पास स्वच्छता का ध्यान रखते हुये संतुलित आहार, नियमित व्यायाम और मानसिक स्वास्थ्य के महत्व पर विस्तार से चर्चा की। इस अवसर पर डा प्रेरणा मित्तल, प्राचार्या श्रीराम कॉलेज ने शारीरिक शिक्षा विभाग के सभी सदस्यों को शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर डा0 अशोक कुमार, निदेशक श्रीराम कॉलेज ने शारीरिक शिक्षा विभाग के सभी प्रवक्ताओं को शुभकामनाएं दी शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया और स्वस्थ जीवनशैली को अपनाने की प्रेरणा ली। इस अवसर पर प्रमोद कुमार, भूपेन्द्र कुमार, डा अब्दुल अजीज खान, संदीप कुमार, तरूण, प्रशांत तथा ब्रिवदीप कौशिक आदि उपस्थित रहे।




# संपूर्ण तहसील समाधान दिवस में सुनी समस्यांए

**जानसठ ।** तहसील सभागार में शनिवार को मार्च माह के प्रथम श्सम्पूर्ण समाधान दिवसश का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी उमेश मिश्रा और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों की भारी भीड़ उमड़ी। हालांकि, निस्तारण की गति काफी धीमी रही, कुल प्राप्त 54 शिकायतों में से केवल 2 का ही मौके पर निस्तारण हो सका। शेष शिकायतों को संबंधित विभागों के अधिकारियों को सौंपते हुए समय सीमा के भीतर हल करने के निर्देश दिए गए।

शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान सबसे अधिक मामले भूमि विवाद, चकरोड पर अवैध कब्जे और वन विभाग से संबंधित रहे। जिला. धिकारी उमेश मिश्रा ने एक-एक कर फरियादियों की समस्याओं को सुना। उन्होंने स्पष्ट किया कि अवैध कब्जों और चकरोडों से जुड़ी शिकायतों पर किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने राजस्व टीम और पुलिस को संयुक्त रूप से मौका मुआयना कर विवादों को सुलझाने के निर्देश दिए।

राजस्व के अलावा विद्युत विभाग और विकास खंड से जुड़ी कई शिकायतें दर्ज की गईं। बिजली बिलों में गड़बड़ी और ट्रांसफार्मर की समस्याओं को लेकर ग्रामीणों ने अपनी बात रखी। इस दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने पुलिस अधिका. रियों को निर्देशित किया कि वे जनता के साथ सौम्य व्यवहार करें और जमीनी विवादों में निष्पक्ष कार्रवाई सुनिश्चित करें ताकि शांति व्यवस्था बनी रहे।इस दौरान समाधान दिवस में जिले और तहसील स्तर के सभी प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे। इस दौरान मुख्य रूप से एसडीएम राजकुमार भारती, तहस. ीलदार श्रीमती श्रद्धा गुप्ता, नायब तहस. ीलदार अजय कुमार, विपिन कुमार व बृजेश कुमार,सी ओ जानसठ रूपाली राय चौधरी, सी ओ भोपा देववृत बाजपेई, इंस्पेक्टर जानसठ विनोद कुमार सिंह, इंस्पेक्टर मीरापुर राजीव शर्मा और इंस्पेक्टर सिखेड़ा योगेंद्र शर्मा। सीएमओ डॉ. सुनील तेवतिया, बीडीओ विशाखा, ई ओ नीलम पाण्डे, सीएचसी प्रभारी डॉ. अर्जन सिंह और विद्युत विभाग के एसडीओ (जानसठ व मीरापुर) मौजूद रहे।



# मंडलायुक्त ने की विकास कार्यों और योजनाओं की समीक्षा, लापरवाही पर दी चेतावनी



**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** शनिवार को मंडलायुकत डॉ. रूपेश कुमार केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं की प्रगति का जायजा लेने के लिए खतौली तहसील पहुंचे। तहसील परिसर पहुंचने पर अधिकारियों ने उन्हें सलामी दी। इसके बाद उन्होंने जिलाधिकारी उमेश कुमार मिश्रा, मुख्य विकास अधिकारी कमल किशोर के कंडारकर, एडीएम गजेंद्र कुमार और एसडीएम निकिता शर्मा सहित अन्य अधिकारियों के साथ बैठक कर सरकारी योजनाओं और चकबंदी व्यवस्था की समीक्षा की। बैठक के दौरान मंडलायुकत ने सीएम डैशबोर्ड, विकास परियोजनाओं और राजस्व वसूली की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी तरह की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। जिन विभागों की रैंकिंग 'बी', 'सी' और 'डी' श्रेणी में है, उन्हें अपनी कार्यप्रणाली सुधारकर रैंकिंग बेहतर करने को कहा गया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सरकार की योजनाओं के बारे में पात्र लाभार्थियों और युवाओं को अधिक से अधिक जागरूक किया जाए, ताकि उनका पंजीकरण बढ़ सके। चकबंदी विभाग की समीक्षा करते हुए उन्होंने ग्राम चौपाल आयोजित कर ग्रामीणों की समस्याओं का मौके पर ही समाधान करने के निर्देश दिए।

राइट टू एजुकेशन की समीक्षा के दौरान मंडलायुकत ने कहा कि आईजीआरएस पोर्टल पर दर्ज शिकायतों के संबंध में उन्होंने कहा कि शिकायतों का निस्तारण करने के साथ-साथ शिकायतकर्ता की संतुष्टि सुनिश्चित करना भी जरूरी है। गर्मी के मौसम को देखते हुए उन्होंने नगर पालिका और ब्लॉक अधिकारियों को शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में नियमित फॉगिंग और साफ-सफाई कराने के निर्देश दिए। इसके बाद मंडलायुकत ने तहसील, नगर पालिका और विकास खंड कार्यालयों का निरीक्षण किया। व्यवस्थाएं संतोषजनक मिलने पर उन्होंने संतोष जताते हुए लंबित शिकायतों को जल्द निपटाने के निर्देश दिए। ब्लॉक कार्यालय में आयोजित समीक्षा बैठक में मंडलायुकत ने विकास कार्यों और न्यायालयों में लंबित मामलों की स्थिति का भी आकलन किया। उन्होंने बताया कि तीन वर्ष से अधिक समय से लंबित वादों के निस्तारण के लिए एक माह का विशेष अभियान चलाया जाएगा, जिससे आम जनता को समय पर न्याय मिल सके। मनरेगा कार्यों की समीक्षा करते हुए उन्होंने मानव दिवस सृजन की कम स्थिति पर नाराजगी जताई और इसमें तेजी लाने के निर्देश दिए। साथ ही कर्मचारियों की जीपीएफ पासबुक और सर्विस बुक को समय-समय पर अपडेट रखने पर जोर दिया। जल जीवन मिशन के अधूरे कार्यों और खुदी हुई सड़कों को लेकर पूछे गए सवाल पर मंडलायुकत ने बताया कि कुछ गांवों में कार्य फंड की कमी के कारण रुके हुए हैं। क्षेत्र में काम कर रही कंपनियों को एनजीटी से जुड़े कारणों से समय पर धनराशि नहीं मिल पा रही है। उन्होंने कहा कि शासन स्तर पर इस मुद्दे पर बातचीत जारी है और बजट मिलते ही पाइपलाइन बिछाने के बाद सड़कों की मरम्मत और बाकी निर्माण कार्य प्राथमिकता से पूरे कराए जाएंगे।

# 14 मार्च को होगा जनपद मुजफ्फरनगर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के पत्र संख्या-87/एसएलएसए-02/2026- (; /सरन) 08.01.2026 के द्वारा 14 मार्च दिन द्वितीय शनिवार को जनपद मुजफफरनगर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन करने हेतु आदेशित किया गया है, जिसके अनुपालन में जनपद न्यायाधीश / अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मुजफफरनगर के निर्देशानुसार 7 मार्च को नोडल ऑफिसर लोक अदालत फास्ट ट्रैक कोर्ट सं- 3 मुज़फ्फरनगर, रवि कुमार दिवाकर, सिविल जज (सी.डि.) / सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, डॉ. सत्येन्द्र कुमार चौधरी, के द्वारा अपर जिला अधिकारी, गजेन्द्र सिंह नोडल ऑफिसर लोक अदालत प्रशासन, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट व समस्त सिविल जज (सी.डि) व समस्म सिविल जज (जू.डि.) तथा मजिस्ट्रेटो के साथ 14 मार्च को होने वाली लोक अदालत के संबंध में वर्चुअल मीटिंग का आयोजन कर अधिक से अधिक वादो को चिन्हित कर निस्तारण करने के दिशा निर्देश दिये गए। जिससे आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाया जा सके।

## अवैध तमन्चे सहित एक युवक गिरफ्तार

**मीरापुर।** रामराज पुलिस ने चेकिंग के दौरान अलूना फार्म के पास से एक युवक से एक तमन्चा व एक जिंदा का कारतूस बरामद किया। पुलिस ने युवक के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया।

रामराज थानाध्यक्ष रवेन्द्र सिंह यादव ने बताया पुलिस टीम अलूना फार्म के पास चौकिंग कर रही थी उसी दौरान बाइक पर सवार एक संदिग्ध युवक आता हुआ दिखाई दिया। पुलिस ने बाइक रोक कर युवक की तलाशी ली तो युवक के पास से एक तमन्चा व एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पूछताछ करने पर युवक ने अपना नाम अमन पुत्र सुनील निवासी ग्राम करीमपुर थाना बहसूमा बताया। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर चालान कर दिया हैं

## कई ट्यूबवैलों पर हुई चोरी

**मोरना।** क्षेत्र में जंगली चोरों का आतंक जारी है। अज्ञात चोरों ने ताला तोड़कर चार टयूबवेल से कीमती सामान को चुरा लिया. सूचना पर पहुंची पुलिस ने जानक. ारी कर घटना की जांच शुरू कर दी है।भोपा थाना क्षेत्र के कस्बा भोकरहेडी के मोहल्ला सुभाष चौक के पूर्व सभासद राजीव चौधरी ने जानकारी देकर बताया कि शनिवार की सुबह जब वह शुक्रतारी के जंगल में स्थित अपनी टयूबवेल पर पहुंचे तो दरवाजे का ताला टूटा देखा व सामान को खुर्द बुर्द पाया चोरो ने टयूब वेल से केबिल तथा स्टार्टर आदि सामान चोरी कर लिया इसके अलावा कस्बे के ही सतेंद्र कुमार, मास्टर किशनवीर सिंह, पण्डित बबला शर्मा की टयूबवेल पर भी चोरों ने केवल स्टारटर टयूबवेल में रखा अन्य सामान चोरी कर घटना को अंजाम दिया है। राजीव सभासद की सूचना पर शुक्रताल चौकी पुलिस ने घटना की जानकारी की।

## दहेज हत्या में पति, ससुर गिरफ्तार

**मंसूरपुर।** दहेज की मांग को लेकर विवाहिता को प्रताड़ित कर उसकी हत्या करने के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पति और ससुर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। वहीं मामले में शामिल अन्य तीन आरोपी अभी फरार बताए जा रहे हैं,जिनकी तलाश में पुलिस लगातार दबिश दे रही है।जानकारी के अनुसार खतौली थाना क्षेत्र के गांव रुकनपुर खेड़ी निवासी धर्म सिंह ने थाना मंसूरपुर में तहरीर देकर बताया कि उसकी पुत्री रीना की शादी करीब तीन वर्ष पूर्व थाना क्षेत्र के गांव खानूपुर निवासी करण पुत्र सतपाल के साथ हुई थी।आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष के लोग दहेज की मांग को लेकर रीना को लगातार प्रताड़ित करते थे।परिजनों के अनुसार कुछ दिन पूर्व भी रीना के साथ बेरहमी से मारपीट की गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।मामले में पुलिस ने पति करण सहित पांच ससुराल पक्ष के लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था।पुलिस ने शनिवार को कार्रवाई करते हुए आरोपी पति करण और उसके ससुर सतपाल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जबकि मामले में नामजद रीना की ननद, जेठ और सास अभी फरार चल रहे हैं। पुलिस का कहना है कि फरार आरोपियों की तलाश में लगातार दबिश दी जा रही है और जल्द ही उन्हें भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा। **दो अन्य मामलों में भी गिरफ्तारी** इसी दौरान पुलिस ने काफी समय से फरार चल रहे वारंटी नीतीश पुत्र सत्येंद्र निवासी गांव सोंटा को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। इसके अलावा नाबालिग युवती को बहला-फुसलाकर भगाने के आरोप में फरार चल रहे आरोपी दीपक पुत्र सुक्रम पाल निवासी बाहदरपुर थाना सिखेड़ा को भी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

## विज्ञाना का जीशान ईरान में हुआ लापता

**बुढ़ाना।** गांव विज्ञाना का लगभग 23 साल का जीशान त्यागी ईरान में लापता हो गया। उसके परिजन ईरान और इजराइल युद्ध के चलते उसकी सलामती की दुआ कर रहे हैं। परिजन उससे संपर्क नहीं कर पा रहे हैं और ना ही उधर से जीशान की कोई भी काल आई है। जीशान ईरान में वैल्डिंग का कार्य करने के लिए गया था। बुढ़ाना ब्लाक क्षेत्र के गांव विज्ञाना का 23 साल का जीशान पुत्र मुस्तुफा ईरान देश में लापता हो गया। जीशान करीब 3 माह पूर्व वेल्डिंग का काम करने के लिए ईरान गया था। अमेरिका और इजरायल के संयुक्त हमलों के बाद ईरान में बने युद्ध जैसे हालात के बीच युवक से संपर्क टूटने से परिजनों में दहशत और चिंता का माहौल है। परिवार के लोग उसकी सलामती की दुआ कर रहे हैं और प्रशासन से मदद की गुहार लगा रहे हैं। जीशान त्यागी बीते वर्ष 16 दिसंबर को वेल्डिंग का कार्य करने ईरान गया था। परिजनों के मुताबिक जीशान अपने रिश्तेदारों के साथ काम के लिए विदेश गया था। गांव से चार लोग खाड़ी देशों में काम करने के लिए गए थे जिनमें जीशान भी शामिल था। परिजनों का कहना है कि ईरान में हालात बिगड़ने से पहले उनकी जीशान से पांच दिन पहले ही फोन पर बात हुई थी लेकिन उसके बाद से उसका फोन बंद आ रहा है और कोई संपर्क नहीं हो पाया है। इससे उनकी चिंता लगातार बढती जा रही है। मां साजिदा बेटे की सलामती की दुआ कर रही हैं। जीशान उनका अकेला पुत्र है। उन्हें उम्मीद है कि वह जल्द संपर्क में आएगा।

## एसपी देहात ने किया ईदगाह का निरीक्षण

**बुढ़ाना।** एसपी देहात आदित्य बंसल ने आगामी त्यौहार को लेकर पुलिस फोर्स के साथ पैदल गस्त किया। बुढाना कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत एसपी देहात आदित्य बंसल ने रमजान के महीने में आगामी त्यौहार के मद्देनजर क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पैदल गस्त किया। इस दौरान बुढाना सर्किल के पुलिस क्षेत्रधिकारी गजेंद्र पाल सिंह, बुढाना कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक सुभाष बाबू अत्री व कस्बा इंचार्ज संदीप कुमार सहित अन्य पुलिस बल मौजूद रहा। ईद की नमाज को लेकर ईदगाह का भी निरीक्षण किया और कस्बे के छोटा बाजार, बड़ा बाजार, पीठ बाजार, भारत टाकीज, चौधरी चरण सिंह तिराहे सहित कई स्थान पर पैदल गस्त कर संदिग्ध वाहनों की चेकिंग भी की गई और कई वाहनों को भी सीज किया गया। इस दौरान वाहन चालकों में हड़कंप मचा रहा।

## ड्रोन उड़ने की अफवाह से बेहड़ा थ्रू गांव में दहशत

**भोपा।** थाना क्षेत्र के गांव बेहडा थ्रू में शुक्रवार की रात उस समय दहशत व्याप्त हो गई जब ग्रामीणों को आकाश में कोई उड़ती हुई वस्तु दिखाई पड़ी जिसे ग्रामीण ने ड्रोन समझ कर एक दूसरे को बताना शुरू कर दिया तथा गांव में अफवाह का बाजार गर्म हो गया सूचना पर पहुंची दल 112 पुलिस ने घटना की जानकारी की कुछ ही देर बाद ड्रोन जैसी कोई वस्तु आकाश से गायब हो गई। घटना को लेकर गांव में अफवाहों का दौर जारी हैभोपा थाना क्षेत्र के गांव बेहड़ा थ्रू के ग्राम प्रधान दिनेश राठी व भाकियू नेता पुष्पेंद्र बिट्टू ने बताया की बीते शुक्रवार की रात ग्रामीणों ने आकाश में उड़ती हुई किसी वस्तु को देखा है घण्टो तक वह वस्तु आकाश में उड़ती रही जिसे देखकर ग्रामीण भयभीत हो गए तथा एक दूसरे से चर्चा करने लगे ग्रामीण द्वारा डायल 1112 पुलिस को सूचना दी गई मौके पर पहुंची पुलिस ने अज्ञात वस्तु के बारे में जानकारी की तभी वह वस्तुओं का आकाश से गायब हो गई। शनिवार को आकाश में उड़ती हुई वस्तु का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ इसके बाद ग्रामीण उसे ड्रोन मान रहे हैं तथा गांव में भय का माहौल बना हुआ है ग्राम प्रधान दिनेश राठी ने बताया की ग्रामीणों से अफ़वान न फैलाने की अपील की गई है.इस संबंध में थाना प्रभारी निरीक्षक जसवीर सिंह ने बताया कि बेहड़ा थ्रू का मामला संज्ञान में आया है पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है तथा ग्रामीणों से अफवाहों पर ध्यान नही देने की अपील की गई है.यह ड्रोन आदि किसी शादी समारोह का भी हो सकता है।

# निर्विका फाउंडेशन ने महिला दिवस पर किया बेटियों को सम्मानित




**बुढ़ाना।** कस्बे के दयानंद इंटर कॉलेज में सामाजिक संस्था द्वारा महिला दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नगर पंचायत चेयरमैन उमा त्यागी और महिला थानाध्यक्ष सुमन शर्मा अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

निर्विका फाउंडेशन एनजीओ के तत्वाधान में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में दयानंद इंटर कॉलेज में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संस्था की उपाध्यक्ष ऊषा राठी ने बताया कि कक्षा नौ की छात्राओं के बीच यहां पर महिला सशक्तिकरण विषय पर लिखित प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें इशिका बंशीवाल ने प्रथम, अंशिका ने द्वितीय और मुबस्सिरा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। नगर पंचायत बुढ़ाना की अध्यक्षा श्रीमति उमा त्यागी ने कहा कि छात्राओं ने अपनी लेखनी के माध्यम से समाज में महिलाओं की स्थिति और उनके संघर्षों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। आज की बेटियां किसी भी क्षेत्र में पुरुषों से कम नहीं है। कार्यक्रम के अंत में महिला अतिथियों ने विजेता छात्राओं को पुरुस्कार देकर सम्मानित किया। इस दौरान विद्यालय डायरेक्टर उमेश सहरावत, एनजीओ फाउंडर दीपक राठी, तेजपाल सहरावत, अंकुर त्यागी, संजीव कुमार और एडवोकेट अभिनव त्यागी आदि मौजूद रहे।

# खतौली तहसील में मंडलायुक्त के सामने उठी जनसमस्याएं



**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** शनिवार को विकास कार्यों की समीक्षा के लिए तहसील खतौली पहुंचे सहारनपुर मंडलायुक्त रूपेश कुमार के सामने जनसमस्याओं की लंबी कतार लग गई। मंडलायुक्त के तहसील पहुंचते ही अपनी-अपनी शिकायतें लेकर आए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी।

उन्होंने फरियादियों की समस्याएं सुनकर संबंधित अधिकारियों को गांवों में कैंप लगाकर समस्याओं का शीघ्र समाधान करने के निर्देश दिए। इसी दौरान तहसील परिसर में धरना दे रहे भारतीय किसान यूनियन द्धअराजनी. तिकऋ के पदाधिकारियों और किसानों ने मंडलायुक्त को ज्ञापन सौंपकर ग्राम पुरबालियान में पिछले करीब 35 वर्षों से लंबित चकबंदी प्रक्रिया को पूरा कराने की मांग की। किसानों का कहना था कि चकबंदी का कार्य वर्षों से अधूरा होने के कारण गांव के विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं और किसानों को कई तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। भाकियू (अराजनीतिक) के मंडल संगठन मंत्री कपिल बालियान के नेतृत्व में दिए गए ज्ञापन में बताया गया कि गांव में चकबंदी की प्रक्रिया करीब तीन दशकों से चल रही है, लेकिन अभी तक इसका अंतिम निस्तारण नहीं हो पाया है। राजस्व अभिलेख अपडेट न होने के कारण किसानों को सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में परेशानी हो रही है। कृषि यंत्रों पर मिलने वाली सब्सिडी, किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) बनवाने और बैंकों से ऋण प्राप्त करने में भी बाधाएं आ रही हैं। किसानों ने यह भी कहा कि जमीनों का अंतिम आवंटन न होने से गांव में भूमि विवाद लगातार बढ़ रहे हैं और तनाव की स्थिति बनी रहती है। उन्होंने शासन स्तर पर हस्तक्षेप कर शेष विवादों का जल्द निपटारा कराने तथा धारा 52 की अधिसूचना जारी कर चकबंदी प्रक्रिया को समाप्त करने की मांग की। साथ ही इस देरी के लिए जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग भी उठाई। मंडलायुक्त रूपेश कुमार ने किसानों का ज्ञापन लेकर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया और एसडीएम निकिता शर्मा को गांवों में विशेष कैंप लगाकर समस्याओं के समाधान के निर्देश दिए। ज्ञापन देने वालों में कपिल बालियान (संगठन मंत्री), राजीव दुलहेड़ा (पश्चिम प्रभारी), विपेंद्र पुरबालियान, अंकित जावला (तहसील अध्यक्ष), विपिन त्यागी (मंडल महासचिव) सहित बड़ी संख्या में किसान और संगठन के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# तहसील खतौली में अधिकारियों ने 39 शिकायतों का किया निस्तारण

**खतौली।** तहसील परिसर में शनिवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में प्रशासनिक अधिकारियों ने फरियादियों की समस्याएं सुनते हुए संबंधित विभागों को उनके शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान बड़ी संख्या में लोग अपनी शिकायतें लेकर पहुंचे। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी कमल किशोर कंडारकर, अपर जिलाधिकारी गजेंद्र कुमार, उपजिलाधिकारी निकिता शर्मा तथा क्षेत्राधिकारी रामआशीष यादव उपस्थित रहे। अधिकारियों ने फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों को समयबद्ध और निष्पक्ष कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। समाधान दिवस में कुल 39 शिकायतें दर्ज की गईं। इनमें भूमि विवाद, राजस्व से जुड़े मामले, पुलिस, बिजली, स्वास्थ्य, शिक्षा और सामाजिक कल्याण विभाग से संबंधित समस्याएं प्रमुख रूप से सामने आईं। अधिकारियों ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप आम जनता की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाएगा। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए और प्रत्येक मामले का गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित किया जाए। प्रशासन के अनुसार संपूर्ण समाधान दिवस का उद्देश्य आमजन की समस्याओं को सीधे प्रशासनिक स्तर पर सुनकर उनका त्वरित समाधान कराना और लोगों को राहत प्रदान करना है।

# शाहपुर नगर पंचायत में कमिश्नर के आगामी निरीक्षण की तैयारियां तेज



**शाहपुर।** नगर पंचायत कार्यालय में आगामी 13 मार्च को सहारनपुर मंडल के कमिश्नर द्वारा औपचारिक निरीक्षण किया जाएगा। इस निरीक्षण का उद्देश्य स्थानीय प्रशासन की कार्यप्रणाली, अभिलेखों की स्थिति तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा करना है।

इस महत्वपूर्ण निरीक्षण को ध्यान में रखते हुए नगर पंचायत के कर्मचारी पूरी तत्परता के साथ तैयारियों में जुटे हुए हैं। इसी क्रम में आज अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट (एडीएम) प्रशासन ने नगर पंचायत कार्यालय का दौरा कर विभिन्न रजिस्टरों, अभिलेखों और व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने तैयारियों का जायजा लेते हुए अधिकारियों और कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए, ताकि कमिश्नर के निरीक्षण के दौरान सभी व्यवस्थाएं सुचारू रूप से प्रस्तुत की जा सकें। एडीएम के निरीक्षण के दौरान वरिष्ठ लिपिक सतीश पंवार, सावन कुमार तथा चेयरमैन के पीआरओ वसीम अहमद सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित रहे। नगर पंचायत के कर्मचारी इस निरीक्षण को सफल बनाने के लिए दिन-रात कार्य कर रहे हैं, जिससे स्थानीय प्रशासन की कार्यकुशलता, पारदर्शिता और योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन का सकारात्मक संदेश दिया जा सके। कमिश्नर का यह प्रस्तावित दौरा प्रशास. निक प्रक्रियाओं के मूल्यांकन के साथ-साथ सुधार के नए अवसर भी प्रदान करेगा। इससे शाहपुर नगर पंचायत में प्रशासनिक दक्षता और जनहितकारी योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन को और मजबूती मिलने की उम्मीद है।

# पुरानी सब्जी मंडी के मॉडल रोड निर्माण कार्य का किया निरीक्षण



**बुढ़ाना।** कस्बा बुढ़ाना की पुरानी सब्जी मंडी रोड पर कई दिनों से चल रहे मॉडल रोड निर्माण कार्य का निरीक्षण बुढ़ाना नगर पंचायत की अध्यक्षा के प्रतिनिधि अभिनव वशिष्ठ द्वारा किया गया। यह निर्माण कार्य महावीर तिराहे से पुराने बस अड्डे तक किया जा रहा है।

मिली जानकारी के अनुसार कस्बा बुढ़ाना के महावीर तिराहे से लेकर पुराने प्राइवेट बस अढे तक मॉडल रोड निर्माण कार्य का निरीक्षण बुढाना नगर पंचायत अध्यक्षा के प्रतिनिधि अभिनव वशिष्ठ द्वारा किया गया। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लिया। इस संबंध में जब उनसे बात की गयी तो उन्होंने बताया कि मॉडल रोड का निर्माण कार्य जल्द ही पूरा किया जाएगा। सड़क की चौड़ाई और गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। निर्माण कार्य में आधुनिक तकनीक का उपयोग किया जा रहा है। यह कार्य वार्ड नंबर 16 में हो रहा है। इस दौरान वार्ड के तनवीर कुरैशी और मौहल्ला मंडी के मौहम्मद उमरेज आदि मौजूद रहे।

## मेले की व्यवस्था को लेकर किया विचार विमर्श



**बुढ़ाना।** कल सोमवार के दिन से शुरु हो रहे धार्मिक मेले की तैयारियां मेला आयोजकों के द्वारा लगभग पूरी कर ली गयी है। इसको लेकर शनिवार के दिन फिर दोबारा रायपुर अटेरना गांव में स्थित श्री प्यारे जी महाराज मंदिर में एक आवश्यक बैठक आयोजित की गयी। जिसमें मेले के मुख्य संरक्षक पंडित जोगिंदर शास्त्री ने बताया कि आठ मार्च को गांव रायपुर अटेरना में प्यारेजी महाराज के 800 वर्ष पुराने मंदिर में विशाल मेले के शुरु होने से पहले एक यज्ञ हवन का आयोजन किया जाएगा। बैठक में यह भी तय किया गया कि मेले में आने वाले किसी भी श्रद्धालु को किसी भी तरह की दिक्कत ना आने पाए। यहां पर सभी को मेले की जिम्मेदारी सौंपी गयी और काम बांटे गये। बैठक मे पूर्व प्रधान मुकेश शर्मा, मुकेश प्रधान, तेज प्रधान, सुशील प्रधान, संदीप प्रधान, रमेश चंद्र, रविदास, करण सिंह, जय भगवान, राजेंद्र, राजकुमार, बालेंद्र, राकेश, धोना भगत, मोहन लाल, लक्ष्मीकांत, अशोक, सचिन, कुलदीप, भोला, सौरव, गौरव, गजेंद्र मास्टर, सामंत व अजय पाल शर्मा सहित कई लोग उपस्थित थे।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला अधिकारों को लेकर सम्मेलन



**मुज़फ्फरनगर।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2026 के अवसर पर खेतिहर मज़दूर यूनियन एवं एक्शनऐड एसोसिएशन के संयुक्त तत्ववधान मे आज सदर ब्लॉक प्रांगण में महिला अधिकारों पर केंद्रित एक दिवसीय सम्मेलन एवं महिला कार्यकर्ताओ का सम्मान एवं प्रशस्ति पत्र वितरण समारोह आयोजित किया गया। जिसमे ग्रामीण क्षेत्रों से आई 300 से अधिक खेतिहर महिला मज़दूर, निर्माण श्रमिक, घरेलू कामगार और अन्य असंगठित क्षेत्र की महिला कामगारों ने भाग लिया। कार्यक्रम में समाज में महिला श्रमिकों के मुद्दों पर सक्रिय भूमिका निभाने वाली टॉप 50 ग्रामीण महिला कार्यकर्ताओ को यूनियन कैलंडर, प्रशस्ति पत्र व लंच बॉक्स देकर सम्मानित किया गया। इस सम्मान से इस सम्मान से उत्साहित माहिलाओ ने कहा कि यह उन्हे आगे भी समाज और माहिलाओ के अधिकारों के लिए कार्य करने की प्रेरणा देगा।

कार्यक्रम का उद्देश्य बताते हुए यूनियन सदस्य व सामाजिक कार्यकर्ता कमर इंतेखाब ने कहा कि महिलाओं के अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाना, असंगठित क्षेत्र की महिला मज़दूरों की समस्याओं को सामने लाना है। असंगठित क्षेत्र में काम करने वाली लाखों महिलाएं देश की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान देती हैं, लेकिन उन्हें अक्सर उनके अधिकारों और सरकारी योजनाओं का पूरा लाभ नहीं मिल पाता।

उन्होंने कहा कि महिलाओं को संगठित होकर अपने अधिकारों के लिए आवाज उठानी चाहिए और मजदूर यूनियन के साथ जुड़े जो निरंतर मजदूरों के साथ खड़ी हैं।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि खंड विकास अधिकारी अक्सीर खान ने कहा कि महिलाओं की भागीदारी और सशक्तिकरण के बिना समाज का विकास संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि असंगठित क्षेत्र में काम करने वाली महिलाओं को अक्सर कम मजदूरी, असुरक्षित कार्यस्थल और सामाजिक सुरक्षा के अभाव जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। ऐसे में सरकार, समाज और संगठनों को मिलकर महिलाओं के अधिकारों की रक्षा के लिए ठोस कदम उठाने होंगे। बेटी बचाओ व बेटी पढ़ाओ की ज़िला समन्वयक शिवांगी बालियान ने अपने संबोधन में कहा कि महिलाओं की शिक्षा, आत्मनिर्भरता और नेतृत्व क्षमता को बढ़ावा देना आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने महिलाओं से अपील की कि वे अपने अधिकारों के प्रति जागरूक हों और अन्य महिलाओं को भी जागरूक करने का कार्य करें। सम्मेलन में कविता, गीता, रेशमा, साहिल, देवेंदरी, चीना, यासमीन, नसरीन, करीना, अंजू, मीनाक्षी, राखी, सोनम, मेघा, बाबली, सोमवती, काजल, शिवानी, निशु, अन्नू, दीपा, लक्ष्मी आदि सेंकड़ों की संख्या में महिला मजदूर लीडर सम्मलित रही। कार्यक्रम का समापन सशक्त महिला सशक्त समाज के संदेश के साथ हुआ।

# एडीएम-एसपी ने सुनी समाधान दिवस में जन समस्याएं



**बुढ़ाना।** एडीएम प्रशासन संजय कुमार और एसपी देहात आदित्य बंसल ने संयुकत रुप से शनिवार के दिन बुढ़ाना तहसील परिसर में स्थित बार एसोसिएशन बुढ़ाना के सभागार में आयोजित किए गये संपूर्ण समाधान दिवस में बुढ़ाना तहसील क्षेत्र के 19 लोगों की शिकायतों को ध्यान से सुनकर इनमें से कुल 04 लोगों की ही शिकायतों का मौके पर निस्तारण करते हुए बाकी बची 15 शिकायतों के निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को एक हफ्ते का समय देते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गये।

इस संपूर्ण समाधान दिवस में बुढ़ाना एसडीएम कृष्णकांत विश्वकर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहे। एसडीएम प्रशासन ने संबंधित अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि क्षेत्र की जनता की समस्याओं का समयबद्ध व निष्पक्ष निस्तारण प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने चेतावनी दी कि इसमें किसी भी प्रकार की लाप. रवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस अवसर पर उपस्थित सभी अधिका. रियों, कर्मचारियों और शिकायतकर्ताओं को साइबर अपराध व साइबर ठगी के बारे में भी जागरुक किया गया। उन्हें साइबर अपराध से बचने के उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी। इस संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान बुढ़ाना सर्किल के पुलिस क्षेत्राधिकारी गजेंद्र पाल सिंह सहित कई अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

**शाह टाइम्स**

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**

**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# तहसील के पास पेड़ से लटका मिला लापता का शव

## परिजनों ने दो वकीलों पर जताई हत्या की आशंका

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शामली तहसील के पास एक व्यक्ति का शव पुलिया के समीप पेड़ से लटका मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। मृतक के परिजनों ने दो वकीलों पर हत्या का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मृतक की जेब से मिले सुसाइड नोट के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार शहर कोतवाली क्षेत्र के गांव लांक निवासी 50 वर्षीय विनोद पुत्र धर्मवीर सिंह शामली तहसील परिसर में वकीलों के चेंबरों में पानी पिलाने का काम करता था। शुक्रवार देर शाम विनोद ने अपने परिजनों को फोन कर कुछ लोगों द्वारा उसके साथ मारपीट करने और अपनी जान को खतरा होने की बात बताई थी। यह सूचना मिलते ही उसका बेटा सुमित, पत्नी सुनीता और अन्य परिजन तत्काल शामली



तहसील पहुंचे। परिजनों ने डायल 112 पुलिस को भी सूचना दी और विनोद की तलाश शुरू कर दी। काफी तलाश के बाद विनोद का शव तहसील से लगभग 500 मीटर दूर मेरठ हाईवे रोड के किनारे एक पेड़ से लटका हुआ मिला। शव देखते ही परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना मिलने पर थाना आदर्शमंडी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पेड़ से नीचे उतरवाया। इसके बाद पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शनिवार को मृतक के परिजन दर्जनों ग्रामीणों के साथ आदर्शमंडी थाने पहुंचे और जमकर हंगामा किया। उन्होंने दो



वकीलों पर विनोद की हत्या करने का आरोप लगाते हुए सख्त कार्रवाई की मांग की। मृतक के पुत्र सुमित ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसके पिता तहसील में वकीलों को पानी पिलाने का काम करते थे। सुमित का आरोप है कि दो दिन पहले उसके पिता ने बताया था कि तहसील में कार्यरत दो वकील उनसे नाराज हैं और उन्हें जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। परिजनों के अनुसार मृतक के हाथ पर भी दोनों वकीलों के नाम लिखे हुए पाए गए हैं। इसके अलावा उसकी जेब से एक पर्ची भी मिली है, जिसमें कथित रूप से उन्हीं वकीलों के नाम लिखे हुए हैं। इस घटना के बाद परिजनों और ग्रामीणों में आक्रोश बना हुआ है और वे आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। थाना प्रभारी ज्ञानेन्द्र सिंह ने बताया कि परिजनों की तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए घटना की गंभीरता से जांच कर रही है।

## घर में घुसकर महिला व युवती के साथ मारपीट व छेड़छाड़ का आरोप

**कैराना।** मोहल्ला निवासी पीड़िता ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि दो मार्च की शाम करीब 5:30 बजे उसने मोहल्ले के ही कुछ लोगों के खिलाफ कोतवाली कैराना में तहरीर दी थी। इसी रंजिश को लेकर आरोपी उसके परिवार से रंजिश रखने लगे आरोप है कि तीन मार्च को दोपहर आरोपित अपने दो अन्य साथियों के साथ हाथों में लाठी-डंडे लेकर उसके घर में घुस आए और गाली-गलौज करने लगे ।विरोध करने पर आरोपियों ने महिला के साथ मारपीट की तथा उसके कपड़े फाड़ दिए। पीड़िता ने बताया कि शोर मचाने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए।महिला का आरोप है कि घटना में उसे व उसकी पुत्री को चोटें आई हैं। पीड़िता ने मामले की सूचना डायल-112 पर भी दी। पीड़िता ने जिलाधिकारी से मामले में रिपोर्ट दर्ज कराकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की।

## आउटसोर्सिंग सफाई कर्मचारियों ने लगाया शोषण का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** नगर पालिका परिषद कैराना में कार्यरत आउटसोर्सिंग सफाई कर्मचारियों ने शोषण और अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी शामली को शिकायती पत्र सौंपकर मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में डीएम शामली अरविंद चौहान को सौंपे शिकायती पत्र में कर्मचारियों का कहना है कि उन्हें कई प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, लेकिन शिकायत करने पर कार्रवाई के बजाय धमकाया जाता है।बताया गया कि पालिका में आउटसोर्सिंग के माध्यम से कार्य कर रहे सफाई कर्मचारियों को पीएफ का भुगतान अनियमित रूप से किया जा रहा है। आरोप है कि कभी-कभी कई महीनों तक पीएफ जमा नहीं कराया जाता, जिससे कर्मचारियों के खाते में धनराशि नहीं पहुंच पाती। इस संबंध में पालिका में शिकायत करने के बावजूद कोई सुनवाई नहीं हो रही है कर्मचारियों ने यह भी आरोप लगाया कि शासन द्वारा एक अक्टूबर 2025 से न्यूनतम मजदूरी अधिनियम लागू किया गया है, जिसके तहत उन्हें निर्धारित वेतन मिलना चाहिए, लेकिन पालिका में कई बार मांग करने के बाद भी इसका लाभ नहीं दिया गया ।इसके अलावा कर्मचारियों ने कहा कि श्रम कानूनों के तहत ईएसआई कार्ड बनाए जाने अनिवार्य हैं, लेकिन इसमें भी अनियमितता बरती जा रही है और कई कर्मचारियों को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। वहीं, शासन के निर्देश के बावजूद आउटसोर्सिंग सफाई कर्मचारियों को अब तक सुरक्षा किट और वर्दी भी उपलब्ध नहीं कराई गई है। शिकायती पत्र में यह भी आरोप लगाया गया कि पालिका में तैनात एक कर्मचारी द्वारा शिकायत करने पर नौकरी से हटाने की धमकी दी जाती है। कर्मचारियों का कहना है कि संबंधित कर्मचारी को चेयरमैन का रिश्तेदार बताया जाता है, जिसके कारण उसके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं होती। आउटसोर्सिंग सफाई कर्मचारियों ने जिलाधिकारी से पूरे प्रकरण की किसी बाहरी अधिकारी से निष्पक्ष जांच कराकर दोषी अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने तथा उन्हें न्याय दिलाने की मांग की है।



## जलालाबाद में भव्य रथयात्रा को लेकर तैयारियां पूर्ण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जलालाबाद।** नगर के प्रसिद्ध श्री 1008 पार्श्वनाथ दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र जलालाबाद में आज भव्य एवं विराट वार्षिक रथयात्रा का आयोजन श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ किया जाएगा। इस पावन अवसर पर क्षेत्र में धार्मिक कार्यक्रमों की श्रृंखला प्रारंभ होगी और दूर-दराज से हजारों की संख्या में श्रद्धालु यहां पहुंचकर धर्मलाभ प्राप्त करेंगे। रथयात्रा के दौरान जैन धर्म के 23वें तीर्थंकर भगवान पार्श्वनाथ की दिव्य प्रतिमा को अत्यंत भव्य एवं सुसज्जित रथ में विराजमान कर नगर के प्रमुख मार्गों से शोभायात्रा के रूप में निकाला जाएगा। कार्यक्रम में भारी संख्या में श्रद्धालु हिस्सा लेंगे। आयोजन समिति के अनुसार रथयात्रा से पूर्व प्रातःकाल मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना, अभिषेक और शांतिधारा का आयोजन किया जाएगा। इसके बाद भगवान की प्रतिमा को विधि-विधान के साथ रथ में विराजमान कर यात्रा प्रारंभ की जाएगी। रथयात्रा नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए पुनः मंदिर परिसर में पहुंचेगी, जहां समापन पर सामूहिक आरती और मंगल पाठ किया जाएगा। जैन धर्म में भगवान पार्श्वनाथ की महिमा अत्यंत महान मानी जाती है। श्रद्धालुओं का विश्वास है कि भगवान के दर्शन, वंदन और उनकी रथयात्रा में सहभागी होने से मन को आध्यात्मिक शांति मिलती है तथा जीवन में सद्गुणों और धर्म के प्रति आस्था बढ़ती है। इस पावन अवसर पर क्षेत्र की आयोजन समिति और जैन समाज के पदाधिकारियों ने सभी श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्मलाभ प्राप्त करने तथा इस धार्मिक महोत्सव को सफल बनाने का विनम्र आग्रह किया है। भक्ति, श्रद्धा और उल्लास से परिपूर्ण कार्यक्रम ने जलालाबाद नगर की धार्मिक और सांस्कृतिक गरिमा को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है।

### 15वें वित्त आयोग की धनराशि पर खेल?

# कैराना पालिका में लाखों के उपकरण खरीद पर उठे सवाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** नगर पालिका परिषद कैराना में 15वें वित्त आयोग से प्राप्त धनराशि के कथित दुरुपयोग को लेकर बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। पालिका के कई सभासदों ने जिलाधिकारी शामली को शिकायती पत्र सौंपकर पूरे मामले की निष्पक्ष व उच्चस्तरीय जांच कराने और दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। सभासदों का आरोप है कि पालिका प्रशासन द्वारा सरकारी धन का मनमाने तरीके से उपयोग किया गया है, जिससे लाखों रुपये की धनराशि व्यर्थ खर्च हो गई।

सभासदों का कहना है कि नगर पालिका के अध्यक्ष व अधिशासी अधिकारी ने बोर्ड की अनुमति और वास्तविक जरूरत के बिना ही भारी मात्रा में उपकरण खरीद लिए। आरोप है कि पालिका में पहले से ही पर्याप्त संसाधन मौजूद होने के बावजूद नए उपकरण मंगवाकर सरकारी धन की बर्बादी की गई। शिकायत में बताया गया है कि पालिका के पास पहले से लोहे के स्टैंड उपलब्ध थे, इसके बावजूद दोबारा नए स्टैंड मंगवा लिए



गए। इसी तरह पहले से पंप सेट मौजूद होने के बावजूद पांच नए पंप सेट खरीद लिए गए। इतना ही नहीं, पालिका में पहले से 15 टिपर वाहन मौजूद होने के बावजूद 15 और टिपर मंगवाने का आरोप लगाया गया है, जिनमें से कई बिना उपयोग के खड़े-खड़े खराब हो रहे हैं। सभासदों ने यह भी आरोप लगाया कि करीब आठ माह पहले मंगवाए गए डस्टबिन अभी तक एमआरएफ सेंटर पर ही पड़े हैं और उनका उपयोग तक शुरू नहीं हो सका है। इसके बावजूद छह और रिक्शा खरीद लिए गए। शिकायत में कहा गया है कि पालिका में पहले से 13 ई-रिक्शा मौजूद हैं, जिनमें से कई आज तक संचालन में नहीं आए और वे भी बेकार पड़े-पड़े खराब हो रहे हैं। इसके अलावा पालिका में पहले से पांच ट्रैक्टर होने के बावजूद तीन और ट्रैक्टर खरीदने का आरोप लगाया गया है। सभासदों का कहना है कि पालिका में पहले से काफी संख्या में ट्रॉलियां मौजूद हैं, जिनमें से कई खराब भी हो चुकी हैं, फिर भी 60 नई ट्रॉलियां और मंगवा ली गईं, जिनके उपयोग को लेकर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।

सभासदों ने जिलाधिकारी से मांग की है कि पूरे प्रकरण की किसी बाहरी अधिकारी से निष्पक्ष जांच कराई जाए, ताकि वास्तविक स्थिति सामने आ सके और यदि सरकारी धन के दुरुपयोग की पुष्टि होती है तो जिम्मेदार अधिकारियों व व्यक्तियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। शिकायती पत्र पर सभासद कमल रानी, नौशाद,साजिद, तौसीफ चौधरी, ज़ैबुन, शाहिद, मोहसिन अली, उम्मेद राणा, राजपाल, शबाना व फुरकान समेत अन्य सभासदों के हस्ताक्षर बताए गए हैं।

## शॉर्ट सर्किट से विद्युत पोल में लगी आग, कई घंटे बाधित रही बिजली आपूर्ति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** कस्बे के बाईपास मार्ग पर देर रात एक विद्युत पोल में श ॉर्ट सर्किट होने के कारण अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया, जिससे आसपास मौजूद लोगों में अफरातफरी मच गई। लोगों ने तुरंत मामले की सूचना बिजलीघर पर दी, जिसके बाद विद्युत आपूर्ति बंद कराई गई और बड़ा हादसा टल गया।आग लगने के कारण विद्युत पोल से जुड़े तार जलकर टूट गए और जमीन पर गिर पड़े। तार गिरने से क्षेत्र की बिजली आपूर्ति पूरी तरह बाधित हो गई और आसपास के इलाकों में अंधेरा छा गया। सूचना मिलने पर विद्युत विभाग की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इसके बाद कर्मचारियों ने क्षतिग्रस्त विद्युत लाइन की मरम्मत का कार्य शुरू किया।कई घंटे की



मेहनत के बाद विद्युत लाइन को दुरुस्त कर आपूर्ति को फिर से चालू कराया गया, जिसके बाद लोगों ने राहत की सांस ली। विद्युत विभाग ने इस दौरान कुछ समय तक विद्युत आपूर्ति बंद रखी।विद्युत विभाग के अवर अभियंता धीरज कुमार ने बताया कि शॉर्ट सर्किट के कारण विद्युत पोल में आग लग गई थी। विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया और क्षतिग्रस्त लाइन की मरम्मत कर दी है। अब क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति पूरी तरह सुचारु कर दी गई है।

# नमाज पढ़ने जा रहे पूर्व सभासद पर जानलेवा हमला

## पिता-पुत्र पर लगाया आरोप, रंजिशन वारदात में पुलिस ने कराया मेडिकल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** नगर के मोहल्ला अफगानान में शनिवार शाम उस समय हड़कंप मच गया जब नमाज पढ़ने के लिए मस्जिद जा रहे पूर्व सभासद शुखेब खान पर धारदार हथियारों से जानलेवा हमला कर दिया गया। हमले में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। शोर सुनकर मौके पर पहुंचे लोगों को देखकर हमलावर पिता-पुत्र मौके से फरार हो गए। पीड़ित ने दोनों के खिलाफ कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

जानकारी के अनुसार मोहल्ला अफगानान निवासी पूर्व सभासद शुखेब खान शनिवार शाम करीब 4:45 बजे नमाज अदा करने के लिए मस्जिद जा रहे थे। आरोप है कि रास्ते



में पहले से घात लगाए बैठे मोहल्ले के ही मुकीम और उसके बेटे सोनू ने उन्हें रोक लिया। इसके बाद दोनों ने चाकू व तलवार जैसे धारदार हथियारों से उन पर हमला कर दिया। अचानक हुए हमले से शुखेब खान गंभीर रूप से घायल हो गए और उन्होंने शोर मचा दिया। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर दौड़ पड़े। लोगों की भीड़ जुटती देख आरोपी पिता-पुत्र मौके से फरार हो गए। स्थानीय लोगों ने घायल को संभाला और घटना की सूचना पुलिस को दी। घायल शुखेब खान का आरोप है कि कुछ समय पहले मुकीम के बेटे पर एक दुष्कर्म का आरोप लगा था। उस मामले में उन्होंने समझौते के तौर पर फैसला कराया था।

उनका कहना है कि उसी रंजिश के चलते पिता-पुत्र ने उन पर जानलेवा हमला किया है। हालांकि उनका यह भी कहना है कि उनके परिवार की आरोपियों से कोई व्यक्तिगत रंजिश नहीं थी। घटना के बाद शुखेब खान कैराना कोतवाली पहुंचे और पुलिस को पूरी घटना की जानकारी दी। पुलिस ने घायल का मेडिकल परीक्षण कराया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

## दहेज उत्पीड़न में पति समेत आठ के खिलाफ कराया मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** कोतवाली क्षेत्र की एक विवाहिता ने पति समेत ससुराल पक्ष के आठ लोगों पर दहेज के लिए उत्पीड़न, मारपीट और छेड़छाड़ का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

पीड़िता ने कोतवाली में दी तहरीर में बताया कि उसकी शादी वर्ष 2022 में जनपद बागपत के एक युवक के साथ मुस्लिम रीति-रिवाज के अनुसार हुई थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही पति, सास-ससुर और जेठ-जेठानी दहेज कम लाने का ताना देकर उसे परेशान करने लगे। ससुराल पक्ष के लोग दहेज में मोटरसाइकिल और एक लाख रुपये की मांग कर रहे थे। महिला का आरोप है कि परिजनों ने किसी तरह 50 हजार रुपये दिलवा दिए, लेकिन इसके बाद भी ससुराल पक्ष के लोगों का व्यवहार नहीं बदला और उसके साथ मारपीट की जाने लगी। पीड़िता ने जेठ पर घर में अकेला पाकर छेड़छाड़ करने का भी आरोप लगाया है। विरोध करने पर आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की। पीड़िता का यह भी आरोप है कि एक दिन पति और जेठ ने रस्सी से गला दबाकर जान से मारने का प्रयास किया। किसी तरह वह अपनी जान बचाकर वहां से निकल गई। इसके बाद पति ने उसे तीन तलाक देकर घर से निकाल दिया, जिसके बाद वह अपने मायके में रहने लगी। आरोप है कि कुछ दिन पहले पति दो अन्य लोगों के साथ मायके पहुंचा और घर में घुसकर उसके साथ मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी दी। कोतवाली पुलिस का कहना है कि मामले में तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### पुलिस पर चोरी का माल हड़पने का मामला सोशल मीडिया पर हुआ वायरल

# पीड़ित ने एसपी से लगाई कार्रवाई की गुहार, जांच शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** थाना क्षेत्र के गांव हसनपुर लुहारी निवासी निसार अहमद के घर से दो माह पूर्व लाखों रुपए के सोने चांदी के जेवर चोरी होने के मामले की खबर सोशल मीडिया पर वायरल हुई उसके बाद एसपी शामली ने घटना में मुकदमे दर्ज करने के आदेश किए थे । लेकिन थाना भवन पुलिस पीड़ितों की तहरीर बदलवाकर मुकदमा दर्ज करने का दबाव बना रही है। जिसमें पुलिस ने देर रात मां और बेटी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर दिया।

वहीं पीड़ितों ने तहरीर बदलकर मुकदमा लिखने का आरोप लगाते हुए एसपी से शिकायत कर कार्यवही करने की मांग की है। पीड़ितों का आरोप है कि थाना भवन पुलिस मुख्य आरोपियो को बचा रही है। आपको बता दे कि मामला थाना थाना भवन क्षेत्र के गांव हसनपुर लुहारी निवासी निसार अहमद के यहां पर करीब 2 महीने पहले 12 तोले सोना, 10.5 तोला चांदी,और एक हीरे की अंगूठी सहित अन्य कीमती सामान चोरी हुए थे। जिसमें जांच पड़ताल में निसार के घर पर गांव की लड़की



पढ़ने के लिए आई थी जिसको घर के समान के बारे में सब कुछ पता था उसके साथ ओर नाम सामने आए थे पुलिस ने कार्यवही करते हुए घर से चोरी करने वाली लड़की और उसकी माँ की निशान देही पर एक बाबरी थानां क्षेत्र के गांव बंती खेड़ा निवासी सुनार मनोज के यहां से सोना चांदी के आभूषण और नगदी बरामद की थी स वही चौकी कादरगढ़ पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिर फ्तार कर लिया था और उनसे चोरी किया हुआ माल भी बरामद कर लिया था। घटना के मामले में जहां पीड़ित को कुछ सोना देकर फैसला लिखवा लिया तथा समझौता करते हुए चार तोले सोना और देने की बात कही थी। पीड़ित परिजनों का आरोप है कि जबकि पुलिस ने जब चोरी हुआ सारा मॉल बरामद कर लिया था फिर पीड़ित को क्यो नहीं दिया गया। वहीं क्षेत्र में चर्चा है कि कादरगढ़ चौकी इंचार्ज ने आरोपियों को गिरफ्तार करने के बाद भी मुकदमा दर्ज क्यों नहीं किया। और जब मुकदमा नही लिखा तो चोरी का माल पूरा बरामद होने के बाद भी पीड़ितों को क्यों नहीं दिया गया । आखिर पुलिस वालो के बीच चोरी के मामले बंदरबाट हुए है स चौकी कादर गढ़ की भूमिका पर सवाल उठाना लाजमी है। पीड़ितों का आरोप है कि एसपी शामली के निर्देश अनुसार जहां पुलिस ने मुकदमा दर्ज करने के लिए तहरीर ली। लेकिन हमारी तहरीर पर पुलिस ने कोई मुकदमा दर्ज नहीं किया।

पुलिस ने मुकदमा अपनी लिखी तहरीर से लिख लिया है। जिसमें उन्होंने सोने चांदी के आभूषण बेचने और खरीदने वाले बनती खेड़ा निवासी सुनार मनोज को बचा रही है सइस मामले में पीड़ितों ने आज एसपी ऑफिस पहुंचकर अपनी ओरिजिनल शिकायती पत्र दिया और कानूनी कार्रवाई की मांग की। एसपी शामली ने मामले की जांच एडिशनल एसपी को सौंप दी है। जांच के बाद ही अग्रिम कार्यवाही को अमल में लाया जाएगा।

## यातायात जागरूकता को चलाया अभियान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जनपद में सड़क सुरक्षा को मजबूत बनाने और लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से पुलिस प्रशासन द्वारा विशेष सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान जिले के विभिन्न स्थानों पर पुलिस टीमों ने वाहनों की जांच की और वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए जागरूक किया। पुलिस द्वारा मुख्य चौराहों, बाजारों और प्रमुख मार्गों पर चेकिंग अभियान चलाकर दोपहिया और चारपहिया वाहनों की जांच की गई। इस दौरान हेलमेट, सीट बेल्ट, वाहन के आवश्यक दस्तावेज और अन्य यातायात नियमों का पालन न करने वाले चालकों को चेतावनी देने के साथ-साथ उनके खिलाफ कार्रवाई भी की गई। पुलिस अधिकारियों ने वाहन चालकों से अपील की कि वे अपनी और दूसरों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यातायात नियमों का पालन अवश्य करें। पुलिस अधीक्षक एनपी सिंह ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना और आमजन के जीवन की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि यातायात व्यवस्था को अधिक सुरक्षित, अनुशासित और सुव्यवस्थित बनाने के लिए यह अभियान लगातार चलाया जा रहा है। इसके तहत लोगों को जागरूक करने के लिए समय-समय पर विभिन्न कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे हैं। एसपी ने बताया कि इन दिनों सुबह और शाम के समय हल्की धुंध रहने के कारण कई बार दृश्यता कम हो जाती है, जिससे सड़क दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ जाती है। इसी को ध्यान में रखते हुए पुलिस अधिकारियों को सभी महत्वपूर्ण चौराहों, दुर्घटना संभावित क्षेत्रों और मुख्य मार्गों पर विशेष सतर्कता बरतने और लगातार निगरानी रखने के निर्देश दिए गए हैं। पुलिस प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वाहन चलाते समय गति सीमा का पालन करें, हेलमेट और सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से प्रयोग करें तथा यातायात नियमों का पालन कर सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करें।

**सूचना**

शामली जनपद में समाचार व विज्ञापन के लिए संपर्क करें

**सुनील वर्मा**

(जिला प्रभारी/ब्यूरो चीफ)

मो. 8630354443

कार्यालय पता:- ऊपरी मंजिल ओम प्लाजा मार्केट, इलाहाबाद बैंक, धीमानपुरा, शामली

shahtimesshamli441985@gmail.com

# लाखों रुपये कीमत की स्मैक के साथ दो नशा तस्कर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नकुड़/अंबेहटा।** अंबेहटा क्षेत्र में तेजी से फैल रहे नशे के अवैध कारोबार पर शिकंजा कसते हुए पुलिस ने ऑपरेशन सवेरा अभियान के तहत दो स्मैक तस्करों को गिरफ्तार करने का दावा किया है। पुलिस के अनुसार आरोपियों के कब्जे से अंतरराज्यीय बाजार में लाखों रुपये कीमत की स्मैक बरामद की गई है।



कोतवाली प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि क्षेत्र में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे सघन चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस टीम ने अम्बेहटा पीर से ग्राम चढ़ाव जाने वाले मार्ग पर दो संदिग्ध युवकों को रोककर तलाशी ली। तलाशी के दौरान उनके पास से करीब 54 ग्राम तथा 52 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुई। पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम सद्दाम पुत्र शौकीन तथा जुल्फान पुत्र बुन्दू, निवासी ग्राम घाटमपुर बताए।

पुलिस ने दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर उन्हें न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। कोतवाल धर्मेंद्र कुमार ने कहा कि क्षेत्र में नशे के जाल को जड़ से समाप्त करने के लिए पुलिस का अभियान लगातार जारी है और इस अवैध धंधे में शामिल किसी भी व्यक्ति को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

## बाइक की साइड लगने पर मारपीट

**अंबेहटा।** नगर के मोहल्ला खेवट में एक मामूली बाइक साइड लगने की घटना ने मारपीट का रूप ले लिया। पीड़ित सोरन पुत्र धीर सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

पीड़ित सोरन ने बताया कि वह दोपहर में काम से घर लौट रहे थे। मोहल्ला खेवट में रास्ते में एक ट्रैक्टर-ट्राली बुग्गी खड़ी थी। जैसे ही उन्होंने बाइक निकालने की कोशिश की, बाइक पर लटका उनका थैला वहां से गुजर रहे एक व्यक्ति को लग गया। इस छोटी-सी घटना पर तीन व्यक्तियों ने उन्हें रोक लिया और जमकर मारपीट की। पीड़ित ने आरा. ेप लगाया कि हमलावरों ने उन्हें बेरहमी से पीटा, जिसके बाद उन्होंने तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है।

इस संबंध में अंबेहटा चौकी प्रभारी देवेंद्र अधाना ने बताया कि दोनों पक्षों से प्रार्थना पत्र प्राप्त हो चुके हैं। मामले की जांच की जा रही है।

# डीएम, एसएसपी का थाना चिलकाना में निरीक्षण

### कार्यालय में रखे अभिलेखों, रजिस्टर्स देखे, लंबित मामलों को निपटाने के निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** थाना पर पहुंचे डी एम मनीष बंसल व एस एस पी अभिनंदन सिंह ने गुरुवार को थाना का वार्षिक निरीक्षण किया। उन्होंने थाना परिसर, कार्यालय, मालखाना, हवालात, शस्त्रागार तथा अभिलेखों का बारीकी से निरीक्षण कर अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया।



निरीक्षण के दौरान डीएम व एसएसपी ने थाना के कार्यालय में रखे अभिलेखों, रजिस्टरों व लंबित मामलों की जानकारी ली और उन्हें समयबद्ध तरीके से निस्तारित करने के निर्देश दिए। उन्होंने साफ सफाई की व्यवस्था को और बेहतर बनाने के साथ ही थाना परिसर को सुव्यवस्थित रखने के लिए भी कहा। अधिकारियों ने पुलिसकर्मियों को निर्देश देते हुए कहा कि क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखना प्राथमिकता होनी चाहिए। साथ ही उन्होंने जनता की शिकायतों को गंभीरता से सुनकर उनका त्वरित समाधान किये जाने के लिए भी कहा।

उन्होंने आने वाले त्योहारों को देखते हुए पुलिस को सतर्क रहने तथा क्षेत्र में नियमित गश्त बढ़ाने के निर्देश भी दिए। इस दौरान थाना प्रभारी विना. ेद कुमार सहित पुलिस स्टाफ मौजूद रहे।

# शिक्षा जगत में बदलते आयाम बताए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** एससीईआरटी लखनऊ के दिशा निर्देश व उप शिक्षा निदेशक प्राचार्य, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान पटनी व जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ अरविंद कुमार पाठक के कुशल मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में ज्ञान से कौशल तक 21वी सदी में विद्यालय शिक्षा में परिवर्तन विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी के द्वितीय दिवस का शुभारंभ मां सरस्वती की वंदना से हुआ।



कार्यक्रम में जामिया विश्वविद्यालय नई दिल्ली अनौपचारिक शिक्षा विभाग से असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ मामूर अली के रोल ऑफ टीचर एंड लर्निंग डिजिटल लर्निंग एनवायरमेंट विषय पर व्याख्यान दिया गया। सीआईईटी, एनसीईआरटी से डॉक्टर रियाजुल करीम ने रोल ऑफ एआई टीचर एजुकेशन एंड टीचिंग लर्निंग प्रोसेस विषय पर व्याख्यान दिया। क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान भोपाल से आए डॉक्टर मुजम्मिल हसन ने शिक्षा जगत में बदलते हुए विभिन्न आयामों से अवगत कराया गया।

इस राष्ट्रीय संगोष्ठी में डायट पटनी से डॉक्टर अजय कुमार, प्राथमिक विद्यालय शिमलाना से निशा त्यागी, उच्च प्राथमिक विद्यालय आसराखेड़ी से योगेंद्र कुमार, प्राथमिक विद्यालय फिरोजाबाद से सुशील कुमार, उच्च प्राथमिक विद्यालय मीरपुर गंदेवड से सफलदीप, प्राथमिक विद्यालय सीकरी खुर्द से डॉक्टर संदीप अरोड़ा द्वारा शोध पत्र प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम प्रभारी डॉक्टर अजय कुमार ने बताया कि यह राष्ट्रीय संगोष्ठी हाइब्रिड मोड ऑनलाइन वऑफलाइन के माध्यम से आयोजित की जा रही है। जिसका उद्देश्य जनपद स्तर पर शोध कार्यों को प्राथमिकता देना है।

# यूपीएससी में अखिल व मनोज की शानदार रैंक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नकुड़।** संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) 2025 के घोषित परिणाम ने दोहरी खुशी देने का काम किया है। नगर के दो युवाओं ने शानदार रैंक हासिल कर न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम रोशन कर दिया। परिणाम घोषित होते ही दोनों परिवारों के घरों पर बधाई देने वालों का तांता लग गया और नगर में खुशी का माहौल बन गया।





नगर के जनरल स्टोर व्यापारी प्रदीप सेन के पुत्र अखिल कुमार ने अपने पहले ही प्रयास में 518वीं रैंक प्राप्त कर उल्लेखनीय सफलता हासिल की। अखिल ने हाईस्कूल की पढ़ाई सरसावा के सेंट मेरिज स्कूल से तथा इंटरमीडिएट गुरुकुल कुरुक्षेत्र से पूरी की। इसके बाद नकुड़ के हरी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी से बीएससी करने के पश्चात उन्होंने बिना किसी कोचिंग के स्वयं अध्ययन के बल पर यूपीएससी की तैयारी की। उनकी मेहनत रंग लाई और पहले ही प्रयास में उन्हें यह बड़ी सफलता मिली। इससे पहले वह छह बार एनडीए की परीक्षा पास कर चुके हैं तथा एसएससी सीजीएल उत्तीर्ण करने के बाद वर्तमान में वडोदरा में असिस्टेंट टैक्स ऑफिसर के पद पर कार्यरत हैं। अखिल अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता के आशीर्वाद और कठिन परिश्रम को देते हैं।

वहीं नगर के धीर सिंह सैनी निरंकारी के सुपुत्र मनोज कुमार सैनी ने 628वीं रैंक प्राप्त कर अपनी लगन और मेहनत का परिचय दिया है। मनोज इससे पहले वर्ष 2023 में भी यूपीएससी परीक्षा 807वीं रैंक के साथ पास कर चुके हैं। इसके अतिरिक्त यूपीएससी द्वारा आयोजित सीआईएसएफ परीक्षा में उन्होंने ऑल इंडिया 24वीं रैंक प्राप्त की थी। सरसावा के सेंट मेरिज स्कूल से इंटरमीडिएट करने के बाद उन्होंने पेट्रोलियम यूनिवर्सिटी से सिविल इंजीनियरिंग की डिग्री हासिल की और इसके बाद पूरी निष्ठा के साथ यूपीएससी की तैयारी में जुट गए। लगातार प्रयासों का ही परिणाम है कि इस बार उन्होंने बेहतर रैंक के साथ सफलता प्राप्त की।

## अफीम व शराब समेत दो पकड़े

**चिलकाना।** थाना पुलिस ने शराब व स्मैक के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है।

थाना प्रभारी विनोद कुमार की अगुवाई में पुलिस टीम ने चैकिंग के दौरान एक शातिर आरोपी स्मैक तस्कर आस मोहम्मद उर्फ आसू पुत्र रिजवान उर्फ छोटा निवासी ग्राम दुमझेडा थाना चिलकाना को दुमझेडा रोड से गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है। टीम में थाना प्रभारी विनोद कुमार, एसआई रवि, हैड कांस्टेबल कुलदीप कुमार कांस्टेबल कृष्णवीर सिंह व गोपाल सोलंकी शामिल रहे। दूसरी ओर अवैध शराब की बिक्री करने वाले आरोपी रहीश पुत्र सत्तार निवासी ग्राम दुमझेडा थाना चिलकाना को गिरफ्तार किया है।

# ब्लॉक पहुंचे अपर आयुक्त प्रशासन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** अपर आयुक्त प्रशासन भूपेंद्रप्रताप यादव ने शनिवार को विकास खण्ड मुजफ्फराबाद का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने परिसर की सभी व्यवस्थाओं का जायजा लिया और विभिन्न पटलों पर चल रहे कार्यों की बीडीओ योगेंद्र कुमार से जानकारी ली।



भानू प्रताप यादव ने बताया कि ब्लॉक में सभी पटलों के कार्यों की गुणवत्ता, फाइलों के निस्तारण की स्थिति और आमजन से जुड़े मामलों की प्रगति की बीडीओ द्वारा समीक्षा की गई। निरीक्षण में अधिकांश पटलों पर दस्तावेज व्यवस्थित ढंग से रखे गए डाक्यूमेंट्स को नियमों के अनुसार सुरक्षित संधारित किया गया है और फाइलों का रख-रखाव संतोषजनक पाया गया। अपर आयुक्त ने लंबित प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण पर जोर दिया, ताकि फरियादियों को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। ब्लॉक परिसर में साफ-सफाई की स्थिति भी बेहतर पाई गई। अपर आयुक्त ने टिप्पणी की कि स्वच्छ वातावरण से कर्मचारियों की कार्यक्षमता बढ़ती है और आमजन को भी सकारात्मक अनुभव मिलता है। इस दौरान ओमवीर सिंह एडीओ कॉपरेटिव, प्रमोद कुमार एडीओ पंचायत,नानक चंद( जेई ),अशवनी त्यागी एडीओ कृषि, ललित कुमार एडीओ समाज कल्याण के अलावा प्रवीन कुमार, प्रवीन कुमार शर्मा, जितेंद्र कुमार, अभिषेक डोभाल, संजय कुमार, संजय गीता रॉय, अनुज कुमार,संजय सैनी, राजकुमार आदि मौजूद रहे।

# 42 में से मात्र दो का निस्तारण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन अपर जिलाधिकारी संतोष बहादुरी (प्रशासन) की अध्यक्षता में आयोजित किया गया अधिकारियों ने समाधान दिवा में पहुंची फरियादियों की जन शिकायते सुनी गई। समाधान दिवस मे फरियादियों की 42 शिकायते दर्ज की गई जिन में से मात्र दो शिकायत का मौके पर निस्तारण किया गया। तहसील के सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया जिसमें फरियादियों की विभिन्न विभागों की कुल 60 शिकायतें दर्ज की गई, जिन में से मौके पर ही तीन शिकायतों का निस्तारण किया गया। जन शिकायते सुनने के बाद अपर जिलाधिकारी संतोष बहादुर ने अधीनस्थ अधिकारियों,कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी अधिकारी और कर्मचारी समाधान दिवस की शिकायतों को गंभीरता से लें और मौके पर जाकर निस्तारण कराये। उन्होंने कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस मे दर्ज हुई किसी भी शिकायत को नजर अंदाज नहीं किया जाना चाहिए। लापरवाही किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएंगी।इस मौके पर एस डी एम मानवेन्द्र सिंह सी ओ एस एन वैभव पांडेय ,तहस. ीलदार विजय कुमार सिंह

नायब तहसीलदार भूपेंद्र सिंह,नायब तहसीलदार देवेंद्र कुमार प्रजापति, बीडीओ योगेंद्र कुमार, सीडीपीओ संयोगिता यादव, अफसाना बेगम,एस डी ओ विद्युत बृज मोहन सिंह,कोतवाली बेहट प्रभारी निरीक्षक सतपाल सिंह भाटी थाना मिर्जापुर, प्रभारी निरीक्षक सूबे सिंह सहित थाना बिहारीगढ़ और थाना फतेहपुर थाना प्रभारी मौजूद रहे।

# महिलाओं व युवतियों से किया संवाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर थाना फतेहपुर की एंटी रोमियो स्क्वॉयड टीम ने सक्रियता दिखाई। एंटी रोमियो प्रभारी मिथलेश राठौर के नेतृत्व में महिला हेड कांस्टेबल नीरज, बबीता और संगीता ने छुटमलपुर क्षेत्र में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए।



प्राथमिक विद्यालय छुटमलपुर नंबर 2 में विशेष सत्र में टीम ने स्कूल पहुंचकर पढ़ रही बालि. काओं को "गुड टच और बैड टच" के बारे में विस्तार से समझाया। बच्चों को बताया गया कि अच्छा स्पर्श क्या होता है और बुरे स्पर्श की स्थिति में क्या करना चाहिए। उन्होंने अपनी सुरक्षा के तरीके और मदद मांगने के बारे में भी जागरूक किया। छात्राओं को बाल विवाह के नुकसान, इसके कानूनी पहलू और लड़कियों के भविष्य पर पड़ने वाले बुरे प्रभावों की जानकारी दी गई। पुलिस टीम ने जोर दिया कि शिक्षा और सशक्तिकरण ही लड़कियों का सबसे बड़ा हथियार है। सीपीआईटी कंप्यूटर इंस्टिट्यूट में महिलाओं और युवतियों से मुलाकात कर उन्हें सुरक्षित रहने, अधिकारों और आत्मरक्षा के प्रति प्रेरित किया गया। यह कार्यक्रम महिलाओं के सशक्तिकरण और सुरक्षा की दिशा में महत्वपूर्ण कदम था। स्थानीय लोग इस पहल की सराहना कर रहे हैं और ऐसे अभियानों को नियमित करने की मांग कर रहे हैं।

# शिकायतों से समयबद्ध निस्तारण करें: मनीष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** जिलाधिकारी मनीष बंसल की अध्यक्षता में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में क्षेत्र के लोगों ने अपनी समस्याएं प्रस्तुत कीं। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों के समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए।



समाधान दिवस में कुल 29 शिकायतें दर्ज की गई जिनमें सर्वाधिक 19 शिकायतें राजस्व विभाग से संबंधित थी। पुलिस विभाग की 2 डूडा विभाग की 2 जिला पंचायत राज की 1, विद्युत विभाग की 1 विकास विभाग की 1 शिक्षा विभाग की 1 आपूर्ति विभाग की 1 तथा श्रम विभाग की 1 शिकायत प्राप्त हुई। अधिकारियों ने कई मामलों का मौके पर ही निस्तारण किया, जबकि शेष मामलों को संबंधित विभागों को सौंपकर जल्द समाधान के निर्देश दिए गए।डीएम मनीष बंसल ने जनशिकायतों के समाधान को शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता बताया। उन्होंने अधिकारियों को शिकायतों के निस्तारण में संवेदनशीलता और मानवीय दृष्टिकोण अपनाने को कहा, ताकि फरियादियों को संतुष्टि मिल सके। उन्होंने विशेष रूप से भूमि विवादों से संबंधित मामलों में प्रशासन और पुलिस की संयुक्त टीम गठित कर त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। समाधान दिवस के दौरान कृषि विभाग की राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा एवं पोषण मिशन योजना के तहत किसानों को लाभ भी वितरित किए गए।जिलाधिकारी ने 20 किसानों को सोलर ट्रैप, फेरोमैन ट्रैप तथा उड़द और मूंग के 20-20 किलोग्राम बीज प्रदान किए। उन्होंने किसानों को गन्ने के साथ दालों की अंत:फसली खेती अपनाने की सलाह दी।

एसएसपी अभिनंदन ने पुलिस अधिकारियों को आमजन की समस्याओं का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

इस दौरान पर सीएमओ डॉ प्रवीण कुमार, डीएफओ शुभम सिंह, एसडीएम डॉ. पूर्वा, पीडीडीआरडीए प्रणय कृष्ण, उप निदेशक कृषि संदीप पाल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# चौरी मंडी में प्रथा पुराण कथा का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** क्षेत्र के गांव चौरी मंडी में चल रही पावन प्रज्ञा पुराण कथा का शुभारंभ किया गया।



कथा के प्रथम दिवस में वक्ता रामकेवल यादव व्यवस्थापक गायत्री शक्तिपीठ अयोध्या ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि मनुष्य का जीवन तभी सार्थक होता है जब उसमें सदाचार, संयम और अच्छे संस्कार हों। उन्होंने कहा कि आज समाज में बढ़ती समस्याओं का मुख्य कारण संस्कारों की कमी और स्वार्थ की प्रवृत्ति है। यदि परिवार में बच्चों को बचपन से ही सत्य, सेवा, ईमानदारी व परोपकार के संस्कार दिए जाएँ तो समाज स्वत: ही श्रेष्ठ बन सकता है।वक्ता ने बताया कि गायत्री मंत्र, यज्ञ और स्वाध्याय मनुष्य के जीवन को शुद्ध और ऊर्जावान बनाते हैं। उन्होंने सभी लोगों से आह्वान किया कि वे अपने जीवन में नशामुक्ति, स्वच्छता, सद्भाव और सेवा जैसे संकल्प अपनाएँ। उन्होंने कहा कि प्रज्ञा पुराण कथा गायत्री परिवार द्वारा आयोजित एक आधुनिक, प्रेरक कथा है जो युग निर्माण और सदव्यवहार का संदेश देती है। पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा रचित यह कथा जीवन के उद्देश्य, आत्म-सुधार और स्वस्थ समाज निर्माण हेतु देवत्व के उदय पर केंद्रित है। प्रज्ञा पुराण का उद्देश्य आधुनिक युग की समस्याओं के समाधान के लिए जन-चेतना को जगाना है यह कथा के माध्यम से ज्ञान, कर्म और भक्ति का संतुलन सिखाती है। कथा के अंत में श्रद्धालुओं ने युग निर्माण के संकल्प लिए तथा समाज में अच्छे संस्कार फैलाने का संकल्प किया।

**अभियान चलाया:** **सहारनपुर।** सरदार वल्लभभाई पटेल इंटर कॉलेज जंधेडा समसपुर की एनएसएस इकाई का साप्ताहिक कैंप का दूसरे कार्य दिवस में, प्राथमिक विद्यालय ग्राम बुड्ढा खेड़ा संतलाल के प्रांगण में स्वच्छता अभियान की शुरुआत की गई। सभी छात्र छात्राएं विद्यालय मे साफ सफाई का अभियान चलाकर सभी को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया।

**सूचना**

मैने अपने पुत्र सचिन कुमार को गलत संगत व नाफरमानी के कारण अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। भविष्य में उसके कार्यो का मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नही होगा।

**मांगेराम पुत्र श्री रतिराम निवासी ग्राम खेडा मुगल, थाना देवबंद, जिला सहारनपुर।**

# अनाज मंडी गोदाम में चोरी पर हंगामा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** शहर की अनाज मंडी में सुरक्षा व्यवस्था पर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं। मंडी परिसर में 19 सुरक्षा गार्ड तैनात होने के बावजूद बदमाशों ने एक गोदाम की दीवार तोड़कर चावल के कट्टे चोरी कर लिए। घटना के बाद व्यापारियों में आक्रोश फैल गया और मंडी परिसर में हंगामा हुआ।

जानकारी के अनुसार बदमाशों ने रात के समय 62 फुटा रोड की ओर से मंडी में घुसकर पहले दो गोदामों में सेंध लगाने की कोशिश की, लेकिन सफलता नहीं मिलने पर उन्होंने जय दुर्गा राइस ट्रेड के गोदाम को निशाना बनाया। बदमाश दीवार तोड़कर अंदर घुस गए और वहां से बड़ी संख्या में चावल के कट्टे बाहर निकाल लिए। रात में सड़क पर चावल के कट्टे पड़े देख कुछ राहगीरों ने शोर मचाया, जिसके बाद बदमाश मौके से भागने लगे। इसी दौरान कोतवाली मंडी क्षेत्र की मंडी चौकी के इंचार्ज ने साहस दिखाते हुए बदमाशों का पीछा किया और जान जोखिम में डालकर एक आरोपी को पकड़ लिया, जबकि उसके अन्य साथी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए। पीछा करने के दौरान चौकी इंचार्ज को मामूली चोटें भी आईं। घटना के बाद सुबह मंडी के व्यापारियों में भारी नाराजगी देखने को मिली और उन्होंने मंडी परिसर में हंगामा किया। व्यापारियों का आरोप है कि मंडी में तैनात कई गार्ड रात के समय ड्यूटी पर मौजूद नहीं रहते और कुछ गार्ड कर्मचारियों के निजी कामों में लगे रहते हैं। साथ ही मंडी के पिछले हिस्से में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था और सीसीटीवी कैमरों का भी अभाव है। पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया है और फरार आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। उधर मंडी परिषद के कर्मचारी इस मामले में कुछ भी बोलने से बचते नजर आए। व्यापारियों का कहना है कि दो दिन पहले भी दिनदहाड़े अनाज और चने के कट्टे चोरी होने की घटना सामने आई थी, जिससे साफ है कि मंडी परिसर में सुरक्षा व्यवस्था कमजोर होने के कारण चोरों के हौसले लगातार बढ़ते जा रहे हैं।

### संघर्ष में महिला समेत चार लोग घायल

**तीतरों।** रात के समय कस्बे के होली चौक के पास दो पक्षों के बीच विवाद हो गया जिसमें लाठी डंडे तथा धारदार हथियार चले। थाने पहुंचे एक पक्ष ने दूसरे पक्ष के खिलाफ कार्रवाई को लेकर हंगामा किया तो पुलिस ने लाठी चार्ज कर दिया। मारपीट की इस घटना में महिला समेत चार लोग घायल हो गए।

## उम्मीदवार उतारने की घोषणा

**सहारनपुर।** जनहित क्रांतिकारी पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष जयप्रकाश रामचरण डागौरी ने कहा कि शोषित पीड़ित गरीब किसान मजदूर और वं. चतों को न्याय हक और अधिकार दिलाने के लिए वह लगातार संघर्ष कर रहे हैं और उत्तर प्रदेश के होने वाले 2027 के विधानसभा चुनाव में अपने उम्मीदवार उतारने का काम करेंगे।

जयप्रकाश रामचरण डागौरी आज जिला वाल्मीकि सभा के पूर्व अध्यक्ष बृजमोहन सूद के गोविंद नगर स्थित पर संगठन विस्तार के लिए आयोजित बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि 2022 के विधानसभा चुनाव में प्रदेश की सभी दलित पिछड़े अल्पसंख्यक हितेषी राजनीतिक पार्टियों जो अपने-अपने दम पर सरकार बनाने का दावा कर रही थी उनका हश्र आज जनता के सामने है।

# कांग्रेस महिला हकों के लिए प्रतिबद्ध: सपना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** कॉंग्रेस कॉर्डिनेटर सपना सोम ने कहा कि तमाम चुनौतियों के बावजूद महिलाओं ने हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया है।कॉंग्रेस हमेशा से महिलाओं के अधिकारों को लेकर प्रतिबद्ध रही है।




अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर कांग्रेस महिला द्वारा महिलाओं के अधिकार, सम्मान, शिक्षा और सामाजिक भागीदारी को लेकर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान महिला सशक्तिकरण, शिक्षा और समाज में महिलाओं की बढ़ती भूमिका को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।सहारनपुर कॉर्डिनेटर सपना सोम ने कहा कि महिलाएं आज हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा और क्षमता का परिचय दे रही हैं, लेकिन इसके बावजूद उन्हें कई सामाजिक चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में जरूरी है कि महिलाओं को समान अवसर दिए जाएं और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया जाए। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने के लिए सदस्यता अभियान भी चलाया गया। साथ ही महिला सशक्तिकरण से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष श्वेता सैनी ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस महिलाओं के सम्मान, समानता और अधिकारों का प्रतीक है। कांग्रेस पार्टी हमेशा से महिलाओं के अधिकारों और उनके सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध रही है और आगे भी महिलाओं की आवाज को मजबूती के साथ उठाने का कार्य करती रहेगी। इस दौरान उपमा सिंह, अन्दलीब इरम, रेखा धीमान, सीता भारद्वाज सहित कई महिलाओं की सक्रिय भागीदारी रही।

# नारी वंदन समारोह में महिलाओं को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** सामाजिक संस्था मानव कल्याण मंच महिला मंडल शाखा द्वारा महिला दिवस के उपलक्ष में नारी वंदन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में अमूल्य सेवाएं दे रही महिलाओं को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया।

कानूनगोयान में जैन संत निवास पर सामाजिक संस्था मानव कल्याण मंच महिला मंडल शाखा द्वारा महिला दिवस के उपलक्ष में नारी वंदन आयोजित कार्यक्रम में वरिष्ठ चिकित्सक आशा सनावर, ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय देवबंद की संचालिका बहन पारुल, सभासद सुधा गांधी, बचपन प्ले स्कूल की संचालिका सुमन जैन, दून वैली पब्लिक स्कूल की कोऑर्डिनेटर ज्योत्सना पुंडीर, स्टूडियो-7 मैरी की मेकओवर की संचालिका अदिति वर्मा को नारी वंदन पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में






पालिकाध्यक्ष विपिन गर्ग ने कहा कि महिलाएं घर, परिवार, समाज और राष्ट्र निर्माण में अहम भूमिका निभा रही हैं। मंच के संस्थापक अरुण अग्रवाल ने कहा कि नारी धरती पर अपने सबसे पवित्र रूप माता के रूप में होती है और मां को ईश्वर से भी बढकर माना गया है। दून हिल्स एकेडेमी की प्रधानाचार्या अंजलि वर्मा ने कहा कि वर्तमान में नारी पुरुष के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल रही है। महिला सब इंस्पेक्टर अवनि शर्मा ने महिलाओ को सामाजिक सुरक्षा व बढ़ते साइबर क्राइम के बारे में बताया। सुशील कर्णवाल, राजू सैनी ने भी विचार रखे। महिला मंडल की मार्गदर्शिका डॉ. कांता त्यागी, प्रतिभा जैन, अनीता बंसल, पूजा छाबड़ा, ममता वर्मा, पूनम कौशिक, मीनू शर्मा, अलका अग्रवाल, सुरभि अग्रवाल, अंजलि त्यागी, पूजा बंसल, पूनम भटनागर, धीरज वर्मा, पूजा वर्मा, शुभलेश शर्मा, अंजना मिश्रा, रीटा सिंह आदि शामिल रहे।

# जरूरतमंद लोगों को राशन पैकेट किए वितरित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** फिदा-ए-मिल्लत प्रोग्रेसिव एंड एजुकेशनल सोसाइटी द्वारा मुकद्दस माह रमजान में असहाय व जरूरतमंद लोगों को राशन पैकेट का वितरण किया गया।

ईदगाह रोड जामिया स्थित दारुल सालिहात में राशन वितरण के दौरान संस्था के महासचिव डा. यूनुस सिद्दीकी ने कहा कि मुकद्दस माह रमजान में कोई परिवार ऐसा न बचे जिसको खाने पीने के सामान की परेशानी हो इसी की ध्यान में रखते हुए राशन पैक वितरित किए जा रहे हैं। जिसमें आटा, चावल, घी, चीनी, चाय समेत सभी जरूरी सामान मौजूद है। डा. ताहिर सिद्दीकी ने कहा कि सोसाइटी निस्वार्थ भाव से लोगों की सेवा में लगी हुई है। अंतिम पंक्ति में खड़े जरूरतमंद व्यक्ति तक सेवा पहुंचाना उनका लक्ष्य है। इस मौके पर डा. तैयब अंजुम, दानिश अल्वी, शमा



ताहिर, जैनब, कौसर आलम, आबिद, अब्दुल कादिर, मोहम्मद फैसल, गोल्डी आदि सोसाइटी के लोग शामिल रहे।

# बोर्ड बैठक में आय व्यय का वार्षिक बजट सर्वसम्मति से पास

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** नगर पालिका परिषद देव. बंद की बोर्ड बैठक में आगामी वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए वार्षिक बजट आय 64 करोड़ 53 लाख 63 हजार रुपये और व्यय 55 करोड़ 28 लाख 10 हजार रुपये सर्वसम्मति से स्वीकार किया गया। इसके अलावा आगामी ईदुल फितर त्यौहार पर नगर में तीन दिनों तक विशेष सफाई अभियान चलाए जाने के निर्देश दिए गए।

नगर पालिका सभागार में चेयरमैन विपिन गर्ग की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में अधिशासी अधिकारी राजपति बैस द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए वार्षिक बजट पेश किया गया। बोर्ड द्वारा चर्चा कर अनुमानित आय व्यय के बाद 9 करोड़ 7 लाख 53 हजार रुपये के



लाभ का बजट सर्वसम्मति से स्वीकार किया गया। बैठक में कुछ सभासदों द्वारा स्टेट हाईवे 59 पर देव. बंद आबादी क्षेत्र में बनाए गए फ्लाईओवर के शुरू व अंत में सर्विस रोड पर करीब 20 से 30 मीटर पहले लिंक रोड पर नगर देवबंद में प्रवेश करने वाले वाहनों की सुविधा के लिए सांकेतिक बोर्ड लगवाए जाने की मांग की गई। जिस पर पालिकाध्यक्ष ने प्रस्तावित कार्य को कराए जाने का आश्वासन दिया। इसके अलावा चेयरमैन विपिन गर्ग ने आगामी ईदुल फितर त्यौहार के मद्देनजर नगर में सफाई, पेयजल आपूर्ति व प्रकाश व्यवस्था चाक चौबंद रखने और ईदगाह व आस पास के क्षेत्र में तीन दिनों तक विशेष सफाई अभियान चलाने के निर्देश दिए। बोर्ड बैठक में कुलदीप सैनी, शाहिद हसन, मोहम्मद वाजिद, नाहिदा खानम, अफशा लियाकत, हाजी शहजाद, अख्तर अंसारी, नदीम चौधरी, मनोज सिंघल, सैयद हारिस, शाहीन, रिहाना, बिलकीस, आयशा, सुधा गांधी समेत 24 सभासद शामिल रहे।

# संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायतों का हुआ निस्तारण

**देवबन्द।** मार्च माह के प्रथम संपूर्ण समाधान दिवस में नगर क्षेत्र के 44 लोगों ने अधिकारियों के समक्ष अपनी शिकायतें दर्ज कराई। जिनमें से मात्र चार शिकायतों का ही मौके पर निस्तारण हो सके।

खंड विकास कार्यालय सभागार में उपजिलाधिकारी युवराज सिंह की अध्यक्षता में आयोजित हुए संपूर्ण समाधान दिवस में नगर क्षेत्र के लोगों द्वारा पूर्ति विभाग, पुलिस, ब्लॉक, राजस्व, चकबंदी, बिजली विभाग समेत अन्य विभागों से संबंधित 44 शिकायतें दर्ज कराई गई। जिनमें से पूर्ति विभाग की एक और ईडब्ल्यूएस की तीन शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण करा दिया गया। जबकि अन्य शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण समाधान के लिए संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया। तहसीलदार



पुष्पांकर देव, बीडीओ अमिताभ नारंग समेत तहसील स्तरीय अधिकारी व कर्मचारी शामिल रहे।

# संयुक्त रूप से होली एवं ईद मनाए जाने का लिया गया निर्णय

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** सामाजिक संस्था विकास एवं सुरक्षा समिति की बैठक में एक दूसरे को होली की बधाई दी गई साथ ही परम्परागत होली मिलन एवं ईद मिलन समारोह संयुक्त रूप से ईद के दो दिन बाद मनाने का निर्णय लिया गया।

लाजपत नगर स्थित सेठ कुलद. ीप कुमार के आवास पर आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि होली मिलन एवं ईद मिलन समारोह संयुक्त रूप से आयोजित किया जाएगा। इसके लिए आईआईए चेयरमैन विजेश कंसल को संयोजक और विनय त्यागी को सह संयोजक बनाया गया। अध्यक्षता समिति अध्यक्ष संदीप गुप्ता व संचालन महामंत्री जर्रार बेग ने किया।



एडवोकेट जनार्दन दास त्यागी, गुरूद्वारा सभा अध्यक्ष सेठ कुलदीप कुमार, पत्रकार अशोक गुप्ता, डीसीबी चेयरमैन चौधरी राजपाल सिंह, समाजसेवी विनोद गुप्ता, सलीम कुरैशी, डा. मुजम्मिल हसन, अरुण त्यागी, प्रो. रिहान अहमद, विनय त्यागी आदि शामिल रहे।

# अवैध नर्सिंग होम की जांच के निर्देश

## सीएमओ को अवैध अस्पतालों की लिस्ट देने के आदेश जारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर ने पत्रकारों एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा नगीना में अवैध रूप से नर्सिंग होम एवं अस्पतालों के संचालन की कुछ शिकायत को गंभीरता से लेते हुए मौके पर मौजूद मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया कि तत्काल इस प्रकरण की पूरी संवे. दनशीलता के साथ जांच कराते हुए नगीना सीएससी में तैनात नोडल अधिकारी के कार्यकाल की अवधि की आख्या भी प्रस्तुत करें। शाइनिंग हाकी क्लब नगीना द्वारा स्थानीय एम एम इंटर कॉलेज के खेल का मैदान गहराई में होने की वजह से पानी भरने की शिकायत के दृष्टिगत फील्ड का



भराव करने का अनुरोध पत्र प्रस्तुत किया गया, जिसके सापेक्ष उन्होंने उप जिलाधिकारी नगीना तथा उपयुक्त मनरेगा को एमएम इंटर कॉलेज के खेल मैदान का निरीक्षण कर तत्काल भराव के लिए निर्देशित किया।

जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर आज निर्धारित कार्यक्रम के अंतर्गत तहसील नगीना के हाल में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए निर्देशित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि शासन के निर्देशों के अनुपालन में आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवस के आयोजन का उद्देश्य है कि एक ही स्थान पर जिला स्तरीय समस्याओं का निस्तारण उपस्थित अधिकारियों के माध्यम से मौके पर ही निस्तारित करने का प्रयास किया जाए और यदि किसी कारणवश यह संभव नहीं है तो पूर्ण गुणवत्ता के साथ एक सप्ताह में प्राप्त शिकायतों का निस्तारण किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश शासन की स्पष्ट मन्शा है कि सम्पूर्ण समाधान दिवस सहित जनसामान्य की शिकायतों का गुणवतापरक निस्तारण किया जाए ताकि उन्हें राहत प्राप्त हो। उन्होंने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि शिकायतकर्ता द्वारा अपनी शिकायत पुन: प्रस्तुत करने का सीधा अर्थ है कि उसकी शिकायत को गंभीरतापूर्वक नहीं सुना गया या उसका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण नहीं किया गया है। उन्होंने सभी अधिकारियों को सचेत करते हुए कहा कि विभागीय अधिकारी जन शिकायतों का पूर्ण गुणवत्ता और मानक के अनुरूप निस्तारण करना सुनिश्चित करें और प्रयास करें कि मौके पर जा कर शिकायतकर्ता से सम्पर्क कर स्थानीय लोगों से भी वार्ता करें ताकि शिकायत की सत्यता प्रमाणित होने के साथ-साथ उसका निस्तारण भी गुणवत्तापरक होना संभव हो सके। उन्होंने स्पष्ट करते हुए कहा कि जन शिकायतों के निस्तारण के प्रति उत्तर प्रदेश सरकार अति संवेदनशील एवं गंभीर है।

# दूरी, खर्च और लाचारी का त्रिकोण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जनपद बिजनौर, स्योहारा और आस-पास के क्षेत्रों में गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए उच्च स्तरीय सरकारी स्वास्थ्य सुविधाओं का अभाव लंबे समय से लोगों के लिए बड़ी परेशानी बना हुआ है। यहां के हजारों परिवार हर साल कैंसर, हृदय रोग, गुर्दा रोग, मस्तिष्क संबंधी बीमारियों और गंभीर दुर्घटनाओं के इलाज के लिए बड़े शहरों का रुख करने को मजबूर हो जाते हैं। इलाज की तलाश में उन्हें दिल्ली, लखनऊ, मेरठ और अन्य महानगरों के बड़े अस्पतालों के चक्कर लगाने पड़ते हैं। जिससे परिवारों पर आर्थिक और मानसिक दोनों तरह का भारी दबाव पड़ता है। ग्रामीण और निम्न मध्यम वर्गीय परिवारों की स्थिति सबसे ज्यादा कठिन हो जाती है, जब किसी घर में गंभीर बीमारी होती है तो शुरुआत में लोग स्थानीय डॉक्टरों या छोटे निजी अस्पतालों में इलाज कराते हैं। कई बार बीमारी का सही और समय पर पता नहीं चल पाता, जिससे हालत और गंभीर हो जाती है। ऐसे में परिवार अपनी जमा पूंजी इलाज में खर्च कर देता है लेकिन जब बीमारी बढ़ जाती है तब उन्हें बड़े अस्पतालों की ओर जाना पड़ता है। बड़े शहरों के अस्पतालों में इलाज करवाना हर किसी के बस की बात नहीं होती। वहां रहने, खाने, जांच और दवाइयों का खर्च मिलाकर लाखों रुपये तक पहुंच जाता है। मजबूरी में लोग अपनी जमीन गिरवी रखते हैं, गहने बेचते हैं और रिश्तेदारों से उधार लेकर इलाज कराते हैं। कई परिवार ऐसे भी हैं जो इलाज के खर्च के कारण वर्षों तक कर्ज के बोझ तले दबे रहते हैं। आर्थिक तंगी के कारण कई बार इलाज बीच में ही रुक जाता है, जिससे मरीज और परिवार दोनों गहरे संकट में पड़ जाते हैं। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि यदि बिजनौर जिले या उसके आसपास एम्स स्तर का आधुनिक अस्पताल स्थापित हो जाए तो हजारों लोगों को समय पर इलाज मिल सकेगा।

# ठगी का खुलासा, दो गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** कोतवाली धामपुर पुलिस ने ठगी और धोखाधड़ी के एक मामले का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से लगभग 15 लाख रुपये कीमत के सोने के आभूषण बरामद किए हैं। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार ग्राम सुहागपुर निवासी ताजुद्दीन पुत्र इस्लामुद्दीन ने 6 मार्च 2026 को थाना धामपुर में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि कुछ लोगों ने उसके पुत्र को झांसे में लेकर उससे नकदी और सोने के आभूषण ठग लिए। तहरीर में अदनान खान, मौहम्मद आसिफ अंसारी तथा कैफ मलिक को नामजद किया गया था। पीड़ित की शिकायत पर थाना धामपुर पुलिस ने मुकदमा अपराध संख्या 68/2026 धारा 318(4) व 351(3) बीएनएस के



15 लाख रुपये के जेवरात बरामद

तहत मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी।

मामले की विवेचना के दौरान पुलिस को जांच में कई महत्वपूर्ण सुराग मिले। जांच के दौरान मौहम्मद जाहिद पुत्र निजामुद्दीन निवासी मोहल्ला पहाड़ी दरवाजा, थाना धामपुर तथा आसिफ पुत्र असगर निवासी ग्राम सुहागपुर का नाम भी सामने आया। इसके बाद पुलिस ने आरोपियों की तलाश तेज कर दी।

पुलिस टीम ने 7 मार्च 2026 को कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने उनके कब्जे से सोने के आभूषण बरामद किए। बरामदगी में 2 कुंडल, 1 गले की कंठी, 2 कंगन और 1 रानीहार सेट (जिसमें कान के दो झुमके भी शामिल हैं) बरामद किए गए। सभी आभूषण पीली धातु के हैं और उनकी अनुमानित कीमत करीब 15 लाख रुपये बताई जा रही है।

बरामदगी के आधार पर पुलिस ने मुकदमे में धारा 317(2) बीएनएस की भी बढ़ोतरी कर दी है। पुलिस का कहना है कि मामले में अन्य आरोपियों की भी तलाश की जा रही है और जल्द ही उन्हें भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा। इस कार्रवाई को अंजाम देने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक अश्वनी डिमरी और कांस्टेबल अंकित सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे। पुलिस अधिकारियों के अनुसार मामले में आगे की विवेचनात्मक कार्रवाई जारी है और पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए हर संभव कदम उठाए जा रहे हैं।

पुलिस ने लोगों से भी अपील की है कि किसी भी प्रकार के लालच या झांसे में आकर अंजान लोगों पर भरोसा न करें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके।


**कृषक भारती को-आपरेटिव लिमिटेड**

KRIBHCO Cooperative and beyond...

**क्षेत्रीय कार्यालय-मेरठ**

**उर्वरक परिवहन हेतू निविदा-सूचना**

वित्तीय वर्ष 2026-27 के दौरान PCF/DCDF/रैक पाइन्ट सहारनपुर से कृषक भारती सेवा केन्द्र-रामपुर मनिहारन पर अनुमानित 2000.00मै0टन उर्वरक परिवहन किया जाना प्रस्तावित है। उक्त कार्य दिनांक 31.03.2027 तक सेवा केन्द्रों की मांग के अनुसार किया जायेगा। उक्त परिवहन कार्य हेतू परिवहन पार्टियों से सीलबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती है। सीलबंद निविदाएं क्षेत्रीय प्रभारी, कृभको-मेरठ को सम्बोधित करते हुये कृभको क्षेत्रीय कार्यालय, F-103, शास्त्री नगर, मेरठ में दिनांक 23.03.2026 को दोपहर 12.00 बजे तक प्राप्त की जा सकती है। पार्टियों द्वारा न्यूनतम 01 वर्ष का कार्य अनुभव प्रमाण पत्र, रूपये 5,000 जमानत धनराशि का डिमाण्ड ड्राफ्ट (कृभको के पक्ष में लखनऊ पर देय), विगत 03 वषो की आईटीआर प्रति, पैन कार्ड एवं जीएसटी नम्बर की छायाप्रति निविदा के साथ संलग्न की जानी आवश्यक है। निविदाएं दिनांक 23.03.2026 को कमेटी द्वारा अपरान्ह: 01.00 बजे कृभको, क्षेत्रीय कार्यालय, मेरठ में खोली जायेगी। निविदा प्रारुप एवं नियम शर्तों की प्रति विज्ञापन प्रकाशन की तिथि से किसी भी कार्य दिवस में कृभको, क्षेत्रीय कार्यालय,मेरठ से प्राप्त की जा सकती है। किसी एक अथवा समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार कृभको के पास सुरक्षित रहेगा।

**(वशिष्ठ नायक),**
**क्षेत्रीय प्रभारी, कृभको-मेरठ**
Email: aomeerut@kribhco.net


# बालिका शिक्षा सामाजिक बदलाव के लिए उत्प्रेरक

**बिजनौर।** विवेक विश्वविद्यालय मे आज समान अवसर समिति द्वारा अन्तराष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या के अवसर पर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी का प्रारम्भ वाइस चांसलर प्रो. (डा.) नरेश गुप्ता, मुख्य वक्ता डा. रेशु शर्मा असिस्टेंट प्रोफेसर वर्धमान कॉलेज, डा. राजीव कुमार चौधरी डीन स्कूल ऑफ लीगल स्डडीज, डा. संजय त्यागी डीन, स्कूल ऑफ साइंस, डा. पुष्पा जोशी अध्यक्षा समान अवसर समिति द्वारा मॉ सरस्वती के समक्ष सयुक्त रुप से दीप प्रज्जवलन करके हुआ।

सर्वप्रथम समान अवसर समिति की अध्यक्षा डा. पुष्पा जोशी ने विवेक विश्व. विद्यालय मे समान अवसर समिति के कार्यो और उद्देश्यों के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि महिलाएं पहले से ही सशक्त है। लेकिन उन्हें शिक्षा द्वारा जागरुक होने का आवश्यकता है। इसके बाद स्कूल ऑफ लीगल स्डडीज के छात्र/छात्राओं निशा शर्मा, हिमांशु आर्य, सुमैरा और जैनव द्वारा वर्तमान समय में लडकियों के लिये शिक्षा की जरुरत एवं महत्व के बारे में विस्तार से बताया। मुख्य वक्ता डा. रेशु शर्मा ने महिषासुर मर्दनी स्त्रेत की चार लाइन सुनाकर महिलाओं की वर्तमान स्थति के विषय में बोलते हुए कहा कि महिलाओं को सशक्त होने के लिए पढ़ाई की अत्यन्त आवश्यकता है। क्योंकि सामाजिक ढाचे में परिवर्तन एक दिन में नहीं किया जाता। उन्होंने कहा कि यदि एक पुरुष को शिक्षित किया जाता है तो केवल एक ही व्यक्ति शिक्षित होता है और यदि एक स्त्री शिक्षित होती है। तो उससे पूरा परिवार, समाज एवं देश में परिवर्तन आता है। महिलाओं का शिक्षित होने का अर्थ यह नहीं है कि महिलाये अपनी शिक्षा का दुरुपयोग करे एवं पुरुष का शोषण करें। महिलाओं को अपनी नैतिकता का उल्लंघन नहीं करना चाहिए, क्योंकि महिला का व्यवहार मानवता के लिए एक वरदान है। पुरुष के साथ मिलकर काम करने में ही देश, समाज का विकास संभव है। उन्होंने महिलाओं को सलाह देते हुए कहा कि शक्ति तोड़ने में नहीं जोडने में है। इसलिए कानून का प्रयोग अनावश्यक शोषण करने के लिए नहीं करना चाहिए। अन्त में डा. राजीव कुमार चौधरी डीन लॉ ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि महिलाओं के सम्मान का प्रारम्भ हमें अपने घर से करना चाहिए। कार्यम का संचालन सुगन्धा वैद्य द्वारा किया गया एवं आयुश शर्मा द्वारा एक डोकोमेन्टरी दिखाई गयी, जिसमें स्त्री के विकास एवं सशक्तिकरण का चरणबद्ध तरीके से प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर डा. अरविन्द कुमार, पी.के. दीक्षित, प्रमोद त्यागी, विक्रान्त कुमार, विशाल सिंह, प्राची त्यागी, स्वाति, चंचल चौहान आदि शिक्षकगण एवं छात्र/छात्रा उपस्थित रहें।

# रासेयो के विशेष शिविर का शुभारंभ

**धामपुर।** सौभाग्यवती बाई दानी महिला महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रथम इकाई के द्वारा भारत सरकार द्वारा निर्धारित विषय वस्तु कौशल विकास हेतु युवा को ध्यान में रखते हुए सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ ग्राम नौरंगाबाद पंचायत घर में किया गया। शिविर का आज प्रथम दिवस था जिसका उप विषय कौशल विकास से व्यक्तित्व और नेतृत्व का निर्माण रखा गया। शिविर स्थल पर पहुँचकर स्वयंसेविकाओं द्वारा परिसर की साफ-सफाई की और साथ लाए आवश्यक सामान को व्यवस्थित रूप से रखा गया। प्रबन्धक रेणु गोयल द्वारा माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम अधिकारी मीनू शर्मा द्वारा प्रबन्धक श्री मती रेणु गोयल को पुष्प घट भेंट कर उनका स्वागत एवं सम्मान किया गया। इस अवसर पर डॉ गीता शर्मा ने भी उपस्थित रहकर कार्यक्रम में सहयोग किया।


**सार्वजनिक सूचना**

भायला पी0जी0 कॉलेज, भायला सहारनपुर में स्नातक व स्नातकोत्तर कक्षाओं हेतु बी0बी0ए0, बी0सी0ए0, विज्ञान संकाय में रसायन विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, भौतिक विज्ञान, जन्तु विज्ञान, गणित, कम्प्यूटर विज्ञान, बायोकैमेस्ट्री व कला संकाय में हिन्दी, अंग्रेजी, समाजशास्त्र, अर्थशास्त्र, इतिहास, गृह विज्ञान, राजनीति शास्त्र एवं वाणिज्य संकाय हेतु यू0जी0सी0/विश्वविद्यालय मानकानुसार अर्ह योग्यता धारक प्राध्यापकों की आवश्यकता है। आवेदन सादे कागज पर सभी प्रमाण पत्रों की स्वहस्ताक्षरित प्रतियों के साथ स्वयं अथवा पंजीकृत डाक द्वारा 15 दिन तक स्वीकार किये जायेंगे। वेतन उत्तर प्रदेश सरकार के मानकों के अनुसार देय होगा।

**कंवरपाल सिंह**
(सचिव)

# टीम इंडिया तीसरी बार जीतना चाहेगी खिताब



● **टी-20 विश्व कप 2026 का फाइनल मुकाबला आज अहमदाबाद में होगा, न्यूजीलैंड पहला खिताब जीत रचना चाहेगी इतिहास**

**अहमदाबाद, वार्ता।** जब भारत आईसीसी पुरुष टी-20 विश्वकप कप 2026 के फाइनल में न्यूजीलैंड के खिलाफ उतरेगा, तो यह केवल क्रिकेट का एक और मैच नहीं होगा।

मैच में भारत की नजरे जीत पर होगी, वहीं न्यूजीलैंड इतिहास रचना चाहेगा। भारतीय टीम ने इंग्लैंड की क्रिकेट टीम के खिलाफ सेमीफाइनल में केवल जीत ही नहीं हासिल की उन्होंने तूफानी बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए सात विकेट पर 253 रन का विशाल स्कोर किया, जिसमें संजू सैमसन ने अपनी जिंदगी की सबसे बड़ी पारी खेली केवल 42 गेंदों पर 89 रन, जो जबरदस्त स्ट्रोकप्ले और निडर इरादे से भरे थे। मध्यम क्रम में ईशान किशन, शिवम दुबे, हार्दिक पांड्या और तिलक वर्मा ने दबाव बनाया, जिससे सेमीफाइनल रनों का पहाड़ बन गया।

इंग्लैंड ने जैकब बेथेल के शानदार शतक की मदद से वापसी की, लेकिन भारत ने आखिरी दम तक हिम्मत नहीं हारी और जीत हासिल की। और यही एक चैंपियनशिप की पहचान है। लेकिन अगर भारत तेजी से आया है, तो न्यूजीलैंड ने पहले सेमीफाइनल में दक्षिण अफ्रीका की क्रिकेट टीम के खिलाफ, ऐसा चेज किया जिसने पूरे टूर्नामेंट में तहलका मचा दिया। स्कोर बोर्ड पर 169 रन थे।

फिन एलन ने गेम को हाइलाइट रील बना दिया। केवल 33 गेंदों पर हैरान कर देने वाले 100 रन प्योर पावर, क्लीन स्ट्राइकिंग, निडर क्रिकेट। उनके साथ, टिम सीफर्ट ने 58 रन बनाकर टेम्पो को तेज रखा, जिससे न्यूजीलैंड ने 13वें ओवर में नौ विकेट बाकी रहते हुए जीत हासिल कर ली। भारत की जबरदस्त बैटिंग लाइनअप, जिसकी अगुआई ईशान किशन कर रहे हैं टीम के टॉप स्कोरर 263 रन शुरू में ही अपनी छाप छोड़ने की कोशिश करेंगे। उनके मिस्ट्री स्पिनर वरुण चक्रवर्ती, जिन्होंने टूर्नामेंट में पहले ही 13 विकेट ले लिए हैं, पूरे अभियान में एक अहम हथियार रहे हैं।

## भारत ने मौजूदा टी-20 विश्व कप में जीते हैं 87 % मैच

**अहमदाबाद, वार्ता।** भारत और न्यूजीलैंड की टीमें टी-20 विश्व कप में खिताब जीतने के करीब पहुंच गई हैं। भारत ने लगातार दूसरी बार और कुल चौथी बार फाइनल में जगह बनाई है, जबकि यह दूसरा मौका है जब कीवी टीम इस टूर्नामेंट का खिताबी मुकाबला खेलेगी। भारत और न्यूजीलैंड के बीच टी-20 विश्व कप शुरू होने से ठीक पहले पांच मैचों की टी-20 सीरीज हुई थी।

भारत का प्रदर्शन उस सीरीज में काफी शानदार रहा था और टीम ने कीवियों को 4-1 से मात दी थी। मौजूदा टी-20 विश्व कप में हालांकि उनकी भिड़ंत नहीं हुई थी और अब खिताब के लिए दोनों टीमें एक दूसरे के सामने होंगी। टी-20 विश्व कप 2026 की मेजबानी भारत और श्रीलंका ने की। भारत ने अपने सात मैच घरेलू जमीन पर खेले, जबकि पाकिस्तान के खिलाफ उसका मुकाबला कोलंबो में हुआ। वहीं, न्यूजीलैंड ने पांच मैच में भारत में और तीन मुकाबले श्रीलंका में खेले। दिलचस्प बात यह है कि दोनों टीमें अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी

● **मौजूदा टी-20 विश्व कप में हालांकि उनकी भिड़ंत नहीं हुई थी और अब खिताब के लिए दोनों टीमें एक दूसरे के सामने होंगी**

स्टेडियम में टी-20 विश्व कप का मैच खेल चुकी हैं। भारत ने मौजूदा टूर्नामेंट में इस मैदान पर अब तक दो मुकाबले खेले। ग्रुप चरण में टीम ने नीदरलैंड को हराया, जबकि सुपर आठ में उसे इसी मैदान पर द.अफ्रीका से हार मिली। न्यूजीलैंड की बात करें तो टीम ने अहमदाबाद में एक मुकाबला खेला। ग्रुप चरण में उसे इस मैदान पर द. अफ्रीका के हाथों सात विकेट से हार मिली थी। दोनों टीमों का टूर्नामेंट में ओवरऑल प्रदर्शन देखें तो न्यूजीलैंड ने आठ में से पांच मैच जीते, दो हारे और एक मैच उसका बारिश में धुला। वहीं, भारत ने आठ में से सात मैच जीते और एक मैच गंवाया। भारत टूर्नामेंट में एकमात्र मुकाबला द. अफ्रीका से अहमदाबाद में ही हारा था। भारत ग्रुप ए में शामिल था और उसने शुरुआती चरण में अमे. रिका, नामीबिया, पाक और नीदरलैंड को हराया। सुपर -8 में भारत को पहले मैच में द. अफ्रीका से मिली हार थी, लेकिन उनसे जिम्बाब्वे और विंडीज को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। भारत ने फिर सेमीफाइनल में इंग्लैंड को रोमांचक मुकाबले में सात रन से हराया और लगातार दूसरी बार खिताबी मुक. ाबले में प्रवेश किया। न्यूजीलैंड की टीम ग्रुप डी में थी। उसने ग्रुप स्टेज में अफगानिस्तान, यूएई और कनाडा को हराया, लेकिन द. अफ्रीका से हार गई। सुपर आठ में टीम का पहला मैच पाकिस्तान से था जो बारिश में धुल गया था। अगले मैच में कीवियों ने श्रीलंका को हराकर सेमीफाइनल के लिए दावा मजबूत किया। सुपर आठ के मैच में कीवियों को इंग्लैंड से हार मिली जिससे उसके अभियान को झटका लगा। उस वद्र टीम बाहर होने के कगार पर पहुंच गई थी। पाक को श्रीलंका को 147 रन तक रोकना था जिससे वह नेट रन रेट के आधार पर न्यूजीलैंड को बाहर कर सके, लेकिन ऐसा नहीं हो पाया और कीवी टीम सेमीफाइनल में पहुंचने में सफल रही।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### लोरेंजो मुसेट्टी को हराकर मार्टन इंडियन वेल्स के दूसरे दौर में पहुंचे

**इंडियन वेल्स, (कैलिफोर्निया), वार्ता।** हंगरी के पेशेवर टेनिस खिलाड़ी मार्टन फुकसोविक्स ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए इंडियन वेल्स में बीएनपी परिबास ओपन में इटली के लोरेंजो मुसेट्टी को हराकर अपनी दूसरी टॉप पांचवीं जीत हासिल की और लगभग छह साल में उनकी पहली जीत है। फुकसोविक्स ने शुक्रवार को खेले गए मुकाबले में दुनिया नंबर 5 लो. रेंजो मुसेट्टी को 7-5, 6-1 से हराया। हंगेरियन खिलाड़ी ने शानदार खेल दिखाते हुए इटैलियन खिलाड़ी के खराब प्रदर्शन का फायदा उठाकर टॉप 10 विरोधियों के खिलाफ 4-35 का सुधार किया।

### डालिबोर स्व्रचिना को हराकर जैनिक सिनर इंडियन वेल्स के अगले दौर में

**इंडियन वेल्स, (कैलिफोर्निया), वार्ता।** इटली के स्कोर टेनिस खिलाड़ी जैनिक सिनर ने इंडियन वेल्स ओपन में चेक गणराज्य के डालिबोर स्व्रचिना के खिलाफ शानदार जीत दर्ज करे हुए टूर्नामेंट के अगले दौर में जगह बना ली। जैनिक सिनर ने अपनी पहली इंडियन वेल्स ट्रॉफी की तलाश में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्सिना को 64 मिनट तक चले मुकाबले में 6-1, 6-1 से हराया। 24 साल के सिनर का अगला मुकाबला डेनिस शापा. वालोव से होगा, जिन्हें उन्होंने पिछले साल के यूएस ओपन में चार सेट में हराया था। दोनों प्रोफेशनल मुकाबलों में 1-1 से बराबर हैं, जिसमें शापोवालोव ने 2021 में सिनर को पांच सेट के मुकाबले में हराया था। मैच के बाद सिनर ने कहा कि मुझे लगता है कि मैं मानसिक रूप अच्छा महसूस कर रहा हूं। मैं शांत हूं, मैं रिलैक्स हूं।

## हॉकी विश्व कप में जगह पक्की करने उतरेगी भारतीय टीम



● **टूर्नामेंट में आठ टीमें मेजबान भारत इंग्लैंड, स्कॉटलैंड, कोरिया, इटली उरुग्वे वेल्स और ऑस्ट्रिया प्रतिस्पर्धा करेंगी**

**हैदराबाद, वार्ता।** भारतीय महिला हॉकी टीम रविवार से शुरू होने वाले एफआईएच हॉकी वर्ल्ड कप क्वालिफायर 2026 में उरुग्वे के खिलाफ अपने शुरुआती मुकाबले में जीत के साथ एफआईएच हॉकी महिला विश्वकप 2026 में अपनी जगह पक्की करने के लक्ष्य को लेकर उतरेगी। इस टूर्नामेंट में आठ टीमें मेजबान भारत, इंग्लैंड, स्कॉटलैंड, कोरिया, इटली, उरुग्वे, वेल्स और ऑस्ट्रिया क्वालिफिकेशन चरण में प्रतिस्पर्धा करेंगी। टूर्नामेंट को चार टीमों के दो पूल में बांटा गया है। पूल ए में इंग्लैंड, कोरिया, इटली और ऑस्ट्रिया हैं, जबकि मेजबान भारत, स्कॉटलैंड, उरुग्वे और वेल्स पूल बी में हैं। जिसमें हर पूल से शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेंगी। दोनों सेमीफाइनल और कांस्य पदक मैच के विजेता वर्ल्ड कप के लिए ऑटोमैटिक क्वालिफिकेशन हासिल करेंगे। इसके अलावा, हैदराबाद में चौथे स्थान पर रहने वाली दुनिया की सबसे ऊंची रैंक वाली टीम को भी टूर्नामेंट में जगह मिलेगी।

टीम हाल ही में नियुक्त मुख्य कोच शोर्ड मारिन के दिशा निर्देश में भी खेलेगी। भारत अभी दुनिया में नौवें स्थान पर है और इंग्लैंड के बाद टूर्नामेंट में दूसरी सबसे ऊंची रैंक वाली टीम है, जो दुनिया भर में सातवें स्थान पर है। एक मजबूत टीम और घर पर खेलने के फायदे के साथ, मेजबान टीम इस मौके का पूरा फायदा उठाने और वर्ल्ड कप के लिए क्वालिफिकेशन पक्का करने के लिए दृढ़ संकल्पित होगी। भारतीय टीम अपने कैंपेन की शुरुआत 8 मार्च को उरुग्वे के खिलाफ करेगी, इसके बाद 9 मार्च और 11 मार्च को स्कॉटलैंड और वेल्स के खिलाफ मैच खेलेगी।

## इंग्लैंड, द. अफ्रीका व विंडीज टीमें चार्टर विमान से होगी स्वदेश रवाना

**दुबई, वार्ता।** दक्षिण अफ्रीका और वेस्ट इंडीज की टीमें पश्चिम एशिया में चल रहे युद्ध की वजह से हवाई यात्रा में रुकावट के कारण अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) द्वारा उपलब्ध कराए गए चार्टर विमान से स्वदेश रवाना होगी।

इंग्लैंड, गुरुवार को भारत से अपना दूसरा फाइनल हारने के बाद, शनिवार शाम को मुंबई से रवाना होगा, जबकि वेस्ट इंडीज और दक्षिण अफ्रीका कोलकाता से एक अलग चार्टर फ्लाइट लेंगे। इंग्लैंड की टीम लंदन के लिए सीधे फ्लाइट लेगी। वेस्ट इंडीज, दक्षिण अफ्रीका के साथ पहले जोहान्सबर्ग और फिर एंटीगुआ जाएगी। दोनों टीमें अभी भी इस



● **इंग्लैंड की टीम लंदन के लिए सीधे फ्लाइट लेगी, जबकि विंडीज द. अफ्रीका के साथ पहले जोहान्सबर्ग और फिर एंटीगुआ जाएगी**

बात की पुष्टि का इंतजार कर रही हैं कि वे ठीक कब रवाना होंगी, लेकिन माना जा रहा है कि वे रविवार को रवाना होंगे।

दक्षिण अफ्रीकी टीम के कुछ लोग, टीम मैनेजमेंट केशव महाराज, जेसन स्मिथ और जॉर्ज लिंडे के साथ 15 मार्च से शुरू होने वाले सिमित ओवर्स के दौरे के लिए रविवार को न्यूजीलैंड जाएंगे।

दक्षिण अफ्रीका और वेस्ट इंडीज दोनों टीमें 2026 टी-20 वर्ल्ड कप से बाहर होने के बाद से कोलकाता में हैं। दक्षिण अफ्रीका चार मार्च को पहले सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड से हार गया था, वहीं वेस्टइंडीज एक मार्च को आखिरी सुपर आठ गेम में इंडिया से हारने के बाद से कोलकाता में है। शनिवार को, वेस्ट इंडीज के मुख्य कोच डैरेन सैमी ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर डे 6 पोस्ट किया था, जिसमें बताया गया था कि वे अपने आखिरी मैच के बाद कितने दिन कोलकाता में फंसे रहे।

## ली शि फेंग को हराकर लक्ष्य सेन ऑल इंग्लैंड सेमीफाइनल में पहुंचे



● **यह जीत लक्ष्य सेन के लिए खास तौर पर संतोषजनक थी**

**बर्मिंघम, वार्ता।** भारतीय बैडमिंटन स्टार लक्ष्य सेन ने क्वार्टर फाइनल में दुनिया के नंबर 6 खिलाड़ी ली शि फेंग को सीधे गेम में हराकर ऑल इंग्लैंड ओपन बैडमिटन चैंपियनशिप 2026 के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। 12वीं रैंक वाले भारतीय शटलर ने यूटिलिटा एरिना बर्मिंघम में शुक्रवार को एक घंटे तक चले पुरुष एकल मुकाबले में चीन के ली को 21-13, 21-16 से हराया। यह जीत सेन के लिए खास तौर पर संतोषजनक थी, जिन्हें पिछले साल के टूर्नामेंट के इसी स्टेज में ली शि फेंग ने नॉकआउट कर दिया था।

लक्ष्य ने शुरुआती गेम में दबदबा बनाया और पहले इंटरवल में पांच पॉइंट की बढ़त के साथ एंट्री की। हालांकि ली ने रीस्टार्ट के बाद स्पीड बढ़ाई और अंतर कम करना शुरू कर दिया, लेकिन लक्ष्य ने जोरदार जवाब दिया। 15-13 पर, जब ली वापसी की कोशिश कर रहे थे, तो भारतीय शटलर ने लगातार छह पॉइंट बनाकर पहला गेम आसानी से जीत लिया। दूसरा गेम ज्यादा करीबी रहा, जिसमें मौजूदा एशियन गेम्स चैंपियन ली शि फेंग ने लक्ष्य की कोर्ट पर तेज समझ और टैक्टिकल खेल के सामने हिम्मत दिखाई। लक्ष्य ने गेम के बीच में केवल एक पॉइंट की बढ़त बना ली थी और अपनी बढ़त बनाए रखने के लिए उसे कड़ी मेहनत करनी पड़ी। हालांकि, पहले गेम की तरह ही, 24 साल के खिलाड़ी ने आखिरी समय में अपनी रफ्तार बदली। तीन पॉइंट बनाकर उन्होंने 17-13 की बढ़त बना ली, फिर मैच अपने नाम कर लिया, और 15 मैचों में ली शि फेंग पर अपनी आठवीं जीत दर्ज की। यह बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर सुपर 1000 टूर्नामेंट में टॉप-10 चीनी खिलाड़ी पर लक्ष्य की दूसरी जीत है।

## एनाबेल का शतक, ऑस्ट्रेलिया को 125 रनों की बढ़त



● **ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम ने कल के तीन विकेट पर 96 रन से आगे खेलना शुरु किया**

**पर्थ, वार्ता।** ऐनाबेल सदरलैंड (129) और एलिस पेरी (76) की शानदार पारियों के दम पर ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम ने एकमात्र टेस्ट मैच के दूसरे दिन शनिवार को भारत के खिलाफ पहली पारी में 323 रन बनाकर 125 रनों की महत्वपूर्ण बढ़त हासिल कर ली।

आज यहां ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम ने कल के तीन विकेट पर 96 रन से आगे खेलना शुरु किया। सुबह के सत्रा में भारतीय गेंदबाजों को विकेट से अधिक मदद नहीं मिली। 48वें ओवर में दीप्ति शर्मा ने एलिस पेरी को पगबाधा आउट कर भारत को चौथी सफलता दिलाई। एलिस पेरी ने 116 गेंदों में 10 चौके और एक छक्का लगाते हुए 76 रन बनाए। इसके बाद 63वें ओवर में स्नेह राणा ने बेथ मूनी (19) को आउट किया। अगले ही ओवर में क्रांति गौड़ ने एश्ले गार्डनर (एक) का शिकार कर लिया। 73वें ओवर में दीप्ति शर्मा ने ऐनाबेल सदरलैंड को आउटकर भारत को सातवीं सफलता दिलाई। ऐनाबेल सदरलैंड ने 171 गेंदों में 17 चौके लगाते हुए 129 रनों की पारी खेली। तालिया मैक्ग्रा (13), अलाना किग (21) रन बनाकर आउट हुई। 91वें ओवर की चौथी गेंद पर सायली सातघरे ने लूसी हैमिल्टन (23) को आउट कर 323 के स्कोर पर ऑस्ट्रेलिया की पारी का अंत किया। ऑस्ट्रेलिया को पहली पारी के आधार पर 125 रनों की बढ़त हासिल हुई। भारतीय महिला टीम के लिए सायली सातघरे ने चार विकेट लिए। क्रांति गौड़ और दीप्ति शर्मा को दो-दो विकेट मिले। स्नेह राणा और शेफाली वर्मा ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। भारतीय टीम ने पहली पारी में 198 रन बनाए थे।

## कुछ दिल तोड़ने में कोई दिक्कत नहीं होगी : मिचेल सैंटनर

● **हम इस टूर्नामेंट में काफी कंसिस्टेंट हैं क्योंकि हम कोशिश करते हैं कि स्थिति या बदलाव से घबराएं नहीं : कीवी कप्तान**

**अहमदाबाद, वार्ता।** न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सैंटनर का कहना है कि उनकी टीम को अगर सफेद गेंद विश्व. कप खिताब के लंबे इंतजार को खत्म करना है, तो उन्हें 'कुछ दिल तोड़ने' में कोई दिक्कत नहीं होगी। न्यूजीलैंड इस फाइनल मुकाबले में 'दूसरे नंबर पर रहने वाले अच्छे लोग' होने का टैग हटाने की उम्मीद कर रहा है।

पिछले 11 सालों में, न्यूजीलैंड चार आईसीसी सफेद गेंद विश्वकप के फाइनल में पहुंचे हैं, लेकिन हर बार उपविजेता रहे हैं। 2015 आईसीसी क्रिकेट विश्व कप, 2019 आईसीसी क्रिकेट विश्व कप, 2021 आईसीसी पुरुष



टी-20 वर्ल्ड कप और 2025 आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में। सैंटनर ने फाइनल मैच की पूर्व संध्या पर शनिवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि मुझे ट्रॉफी जीतने में कोई दिक्कत नहीं होगी। हम इन टूर्नामेंट्स में काफी कंसिस्टेंट हैं क्योंकि हम कोशिश करते हैं कि स्थिति या बदलाव से घबराएं नहीं।

हम बस मैदान में उतरते हैं और अपना काम करते हैं। इस बार भी कुछ अलग नहीं रहा। सब जानते हैं कि हम फेवरेट नहीं हैं, लेकिन हमें कोई फर्क नहीं पड़ता। हम जानते हैं कि अगर हम छोटी-छोटी चीजें अच्छे से करते हैं और टीम के तौर पर अच्छा प्रदर्शन करते हैं, तो हम काफी अच्छी पोजीशन में होंगे। मुझे एक बार ट्रॉफी उठाने के लिए कुछ दिल तोड़ने में कोई दिक्कत नहीं होगी। यह खिताबी मुकाबला अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में होगा, जो दुनिया का सबसे बड़ा क्रिकेट वेन्यू है, जहां 90 हजार से ज़्यादा दर्शकों के आने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि मोमेंटम का बहुत बड़ा रोल है। हम पिछले गेम से बहुत कॉन्फ़िडेंस ले रहे हैं। भारत भी ऐसा ही करेगा। इंग्लैंड पिछली रात जीत के बहुत करीब था, दक्षिण अफीका ने पूरे समय बहुत अच्छा क्रिकेट खेला और हमारे खिलाफ थोड़ी दिक्कत हुई। हमारे लिए, इससे कॉन्फिडेंस कम हो रहा है।

## वरुण की मिस्ट्री फीकी पड़ी, कुलदीप को मिलेगा मौका

**अहमदाबाद, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट टीम ने टी-20 विश्व कप 2026 के फाइनल में जगह बना ली है। रविवार को होने वाले फाइनल मुकाबले में टीम इंडिया का मुकाबला न्यूजीलैंड से होना है। मैच नरेंद्र मोदी स्टेडियम, अहमदाबाद में खेला जाएगा। खिताबी मुकाबले से पहले भारत के लिए वरुण चक्रवर्ती की फार्म बड़ी समस्या बनकर उभरी है। वरुण चक्रवर्ती को एक 'मिस्ट्री गेंदबाज' के रूप में लोकप्रियता मिली है। उनकी लेग स्पिन को समझ पाना बल्लेबाजों के लिए कड़ी परीक्षा से कम नहीं रहा है। अपनी रहस्यमयी गेंदबाजी के दम पर आईपीएल और फिर पिछले दोसाल में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में भी उन्होंने बड़ी सफलता हासिल की है। टी-20 फार्मेट में आईसीसी रैंकिंग में वह पहले स्थान पर हैं। वरुण की वजह से कुलदीप यादव जैसे गेंदबाज को प्लेइंग इलेवन से बाहर रखा जा रहा है, लेकिन टी-20 विश्व कप में वरुण की रहस्यमयी गेंदबाजी का तोड़ संभवत: विपक्षी गेंदबाजों ने ढूंढ लिया है। वरुण ने टी-20 विश्वकप 2026 टूर्नामेंट में अब तक आठ मैचों में 13 विकेट लिए हैं, लेकिन हाल के मैचों में उनकी गेंदबाजी का असर कम होता दिखा है। ग्रुप स्टेज में छोटी टीमों के खिलाफ वरुण चक्रवर्ती असरदार रहे थे और चार मैचों में नौ विकेट निकाले थे, लेकिन सुपर-8 में पहुंचते ही उनका करिश्मा जैसे समाप्त हो गया है। विपक्षी टीम के बल्लेबाज उनकी गेंदों को आसानी से पढ़ पा रहे हैं और बिना किसी परेशानी के उनपर बड़ी हिट लगा रहे हैं। सुपर-8 के तीन मैचों में मंहगे रहते हुए महज तीन विकेट लेने वाले वरुण के लिए इंग्लैंड के खिलाफ सेमीफाइनल तो बेहद निराशा. जनक और भूलने वाला रहा। सेमीफाइनल में दाएं हाथ के इस स्पिनर ने चार ओवर में 64 रन

● **आज अहमदाबाद में होगा टीम इंडिया का न्यूजीलैंड टीम से फाइनल मुकाबला**

देकर एक विकेट लिया। उनकी असरहीन गेंदबाजी की वजह से भारत का मैच फंस गया था। उसी मैच में जसप्रीत बुमराह ने चार ओवर में 33 रन देकर टीम को संभाला। इससे पहले वेस्टइंडीज के खिलाफ अहम मुकाबले में वरुण ने चार ओवर में 40 रन खर्च किए थे, जबकि जिम्बाब्वे के खिलाफ भी उन्होंने चार ओवर में 35 रन दिए थे। खैर, भारतीय टीम ने फाइनल में जगह बना ली है। अब देखना होगा कि पिछले चार मैचों में बिल्कुल निष्प्रभावी रहे वरुण को हेड कोच गौतम गंभीर और कप्तान सूर्यकुमार यादव फाइनल की प्लेइंग इलेवन में बनाए रखते हैं या उनकी जगह कुलदीप यादव को मौका देते हैं। भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव लगातार वरुण के मिस्ट्री स्पिन पर



भरोसा जताते रहे हैं। टीम मैनेजमेंट का मानना है कि उनकी अनोखी गेंदबाजी विपक्षी बल्लेबाजों की लय बिगाड़ सकती है, खासकर न्यूजीलैंड के मिडिल ऑर्डर के खिलाफ। वरुण मिडिल ओवरों में आक्रामक गेंदबाजी करने की भूमिका निभाते हैं और जरूरत पड़ने पर पावरप्ले में भी गेंदबाजी कर सकते हैं। इसके अलावा टीम मैनेजमेंट आमतौर पर जीतती हुई टीम में ज्यादा बदलाव करने से बचता है। कुलदीप यादव को मौका बेशक न मिला हो, लेकिन इसमें कोई शक नहीं कि वह मौजूदा समय में कलाई के सर्वश्रेष्ठ स्पिनर हैं। कुलदीप को बड़े मैचों में खेलने का अनुभव है और उन्होंने अपने दम पर भारतीय टीम को जीत भी दिलाई है। इसलिए अगर उन्हें फाइनल में वरुण की जगह मौका मिलता है तो इसमें किसी को कोई हैरानी नहीं होनी चाहिए।

**रमजान मुबारक**



**उन्नीसवां रोजा**

| | | |
|---|---|---|
| सहरी | सुन्नी | 5.15 |
| | शिया | 5.06 |
| इफ्तार | सुन्नी | 6.25 |
| | शिया | 6.38 |

**मोमिन को शुक्र-सब्र और यकीन पर कायम रहना चाहिए।जो अल्लाह ने दिया है उस पर अल्लाह का शुक्र अदा करना चाहिए।हो सकता है बहुत से लोग उससे महरूम हों।जो नहीं है उस सब्र करना चाहिए कि इसमें भी अल्लाह की कुछ बहतराई हो सकती है।**

**कुरआन करीम**

# मंडल प्रतियोगिता में सहारनपुर बना चैंपियन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित एक दिवसीय मंडल स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता में विभिन्न जनपदों के छात्र-छात्राओं ने उत्साह के साथ भाग लिया, जिसमें सहारनपुर ऑलराउंडर चैंपियन बना।

डॉ. भीमराव अंबेडकर स्टेडियम में आयोजित प्रतियोगिता का उद्घाटन राज्य मंत्री जसवंत सैनी ने दीप प्रज्वलित कर, खिलाड़ियों को शपथ दिलाकर तथा गुब्बारे छोड़कर किया। प्रतियोगिता में बालक वर्ग प्राथमिक में कुणाल पीएस दौलतपुर खतौली, मुजफ्फरनगर चैंपियन रहे, जबकि बालिका वर्ग में अफ्शा यूपीएस पीकी, पुंवारका ने चैंपियन का खिताब जीता। ऑलराउंडर चैंपियन ट्रॉफी सहारनपुर जनपद की टीम के नाम रही। विभिन्न प्रतियोगिताओं में लंबी कूद में अफगान, चक्का फेंक में आयान, गोला फेंक में अफ्फान ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। बैडमिंटन एकल में अभिनव तथा बैडमिंटन डबल्स में यूपीएस कपूरी की टीम विजेता रही। टेबल टेनिस एकल में शक्ति वर्धन तथा डबल्स में यूपीएस ढाका देवी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वॉलीबॉल में यूपीएस दलहेड़ी नैनोता, हैंडबॉल में यूपीएस रामपुर, कबड्डी में यूपीएस मदनुकी रामपुर, फुटबॉल में यूपीएस टिकरौल, क्रिकेट में यूपीएस ढीकाकला, जिम्नास्टिक में यूपीएस साढ़ेली हरिया तथा योगा में सहारनपुर की टीम ने पहला स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता का समापन लोक निर्माण विभाग के मंत्री कुंवर ब्रजेश सिंह ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरित करते हुए कहा कि खेल बच्चों के स्वस्थ भविष्य और उज्ज्वल करियर का आधार हैं। सहारनपुर का हरियाणा और पंजाब से जुड़ा क्षेत्र होने के कारण यहां के खिलाड़ियों से बेहतर प्रदर्शन की अपेक्षा और भी बढ़ जाती है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में नकुड़ विधायक मुकेश चौधरी और रामपुर मनिहारन विधायक देवेंद्र निम उपस्थित रहे। इसके अलावा ज्वाइंट डायरेक्टर सहशास्त्रशु कुमार सुमन, जिला विद्यालय निरीक्षक अरविंद पाठक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कुमारी कोमल, वित्त एवं लेखा अधिकारी शिवेंद्र पांडेय, क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी राहुल चोपड़ा सहित कई शिक्षा विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन नीरज प्रताप, प्रवीण चौधरी और गोपाल शर्मा ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान शामली के छात्र कार्तिक ने अपने नृत्य प्रदर्शन से सभी का मन मोह लिया। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में विभिन्न शिक्षकों और अधिकारियों का सहयोग रहा।



# रोजे का मकसद तकवा व परहेजगारी है: मौलाना मुकर्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** हजरत मौलाना मुकर्रम हुसैन ने कहा कि रोजे का मकसद तकवा और परहेजगारी है।रमजान के रोजे का मकसद यह है कि हम रमजान के बाद भी अपने आप को बुराइयों और बुरे कामों से दूर रखें। अगर हमने ऐसा किया तो हमने रमजान के पैगाम पर अमल किया।



हलगोया स्थित मदरसा दारुल उलूम शब्बीरिया के प्रबंधक हजरत मौलाना मुकर्रम हुसैन ने कहा कि रोजे का मकसद तकवा,परहेज गारी है। तकवा कहते हैं कि इंसान झूठ, चोरी,जिना, धोखा और तमाम बुराइयों से दूर रहे। अल्लाह और उसके रसूल के बताए हुए सीधे और सच्चाई के रास्ते पर चले। उन्होंने कहा कि रमजान का महीना जिंदगी में तब्दीली के लिए आता है। रोजे की हालत में जिस तरह हम अपने आप को गुनाह के कामों से बचाते हैं, रमजान के बाद भी हम गुनाह के कामों से अपने आप को बचायें।अगर हम ऐसा करते हैं तो तब समझें कि रमजान के पैगाम और उसूलों पर अमल किया। मौलाना मुकर्रम हुसैन ने कहा इस्लाम की तालीम यह है कि जमीन पर जो लोग भी बसते हैं उनका धर्म कुछ भी हो, उनके साथ दया करो। उनके दुख दर्द में काम आओ, अल्लाह ताला आप पर भी रहम करेगा। उन्होंने कहा कि अपनी खुशियों में गरीब, कमजोर, बेसहारा लोगों को भी शामिल करें।उनकी ज्यादा से ज्यादा मदद करें, ताकि गरीब लोग भी अच्छी तरह ईद मना सकें।

# अखिलेश को 2027 में सीएम बनाने का लिया संकल्प

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** समाजवादी पार्टी के आयोजित मासिक बैठक में आगामी 2027 के होने वाले विधानसभा चुनाव के दृष्टिगत रखते हुए पूरी मजबूती के साथ संगठन के बल पर जीत हासिल करने का लक्ष्य निर्धारित कर जनहित के मुद्दों को प्रमुखता से उठाए जाने का आह्बान किया गया था जनविरोधी भाजपा सरकार को सत्ता से अलग किया जा सके।



अंबाला रोड स्थित जिला कार्यालय पर आयोजित मासिक बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष चौधरी अब्दुल वाहिद ने कहा कि 2027 का विधानसभा चुनाव आंसर के लिए एक बड़ी चुनौती है जिसके लिए हम सभी को मानसिक रूप से तैयार होकर चुनाव में सफलता हासिल करने का लक्ष्य निर्धारित कर चुनाव की तैयारी में लगा होगा। उन्होंने कहा कि किसी भी सफलता को हासिल करने के लिए संगठन का मजबूत होना अत्यधिक आवश्यक है इसके लिए हमें संगठन मजबूती पर भी बल देना होगा। उन्होंने कहा कि आज भाजपा सरकार से हर कोई त्रस्त हो चुका है जनता सत्ता परिवर्तन का मन बना चुके हैं।

पूर्व विधायक वीरेंद्र ठाकुर, प्रदेश सचिव मांगेराम कश्यप, पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष विजेश शर्मा, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सलीम अख्तर, ब्लॉक प्रमुख चौधरी ताहिर हसन, चौधरी नियाज हसन, कार्यालय प्रभारी फैसल सलमानी, प्रदेश सचिव रूही अंजुम,पार्षद फहाद सलीम, रमेश पवार, संदीप सैनी, राजकुमार घटडा, काशिफ अल्वी,गुलजार सलमानी, मुस्तकीम राणा,नवाब यादव, महजबी खान, हसीन कुरैशी, अच्छन यादव, नीतीश यादव, शहजाद माजरा, इमरान मलिक, राजकुमार प्रधान, फुरकान त्यागी, जिन्दा, गौरव यादव, महिंद्र राकेश, वीरेंद्र यादव,आदि ने संबोधित किया

बैठक में दीपक मोहम्मद, अनवर, नावेद राणा, ठाकुर श्याम लाल, चौधरी जुमला सिंह, नरेश कुमार, सबरीन, सुरेश पुंडीर, सनोवर, सतीश कुमार, जितेंद्र सिंह, शाहिद मंसूरी, कुलदीप हंस, राव साकिब, मोहम्मद लुकमान, वेदपाल पटनी आदि मौजूद रहे।

## मिर्जापुर पुलिस ने तस्कर पकडा

**मिर्जापुर।** नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान "ऑपरेशन सवेरा" के तहत थाना मिर्जापुर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक तस्कर को गिरफ्तार किया है।

थाना मिर्जापुर प्रभारी सूबे सिंह के नेरतत्त्व मे पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए ग्राम असगरपुर निवासी अफसान पुत्र शहीद को शेरपुर पेलो रोड के निकट सरकारी पम्प के पास से गिरफ्तार कर लिया। तलाशी लेने पर अभियुक्त के कब्जे से 165 ग्राम अवैध चरस बरामद हुई। बरामदगी के आधार पर थाना मिर्जापुर में आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। टीम में उपनिरीक्षक ओमपाल सिंह, हेड कांस्टेबल दीपक शर्मा व हेड कांस्टेबल नरेश कुमार थाना मिर्जापुर शामिल रहे।

# ईद से पूर्व हों व्यवस्थाएं दुरुस्त: टिंकू

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** ईद उल फितर का पर्व नजदीक है और उसके मध्य नजर रखते हुए ईदगाह की साफ-सफाई की व्यवस्था और अंबाला रोड वाले नाले से ईदगाह के बाहर पानी एकत्र होने को लेकर पार्षदों का प्रतिनिधि मंडल नगर आयुक्त से मिला।



पार्षद टिंकू अरोडा के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल ने ईद से पूर्व साफ सफाई से लेकर लाइट व्यवस्था आदि चीजों को लेकर ज्ञापन दिया जिस पर तत्काल नगर आयुक्त द्वारा अधिकारियों को निर्देश जारी किए गए कि तत्काल प्रभाव से सभी व्यवस्थाओं को दुरुस्त करवाया जाए। स्वास्थ्य व निर्माण अधिकारियों को भी निर्देश दिए गए कि मौके पर जाकर जायजा लेने के उपरांत तत्काल से कार्य कराया जाए। पार्षद अभिषेक टिंकू अरोड़ा ने कहा ईद का पर्व खुशियों का त्यौहार है और बड़ी संख्या में लोग ईद की नमाज अदा करने के लिए पूरे जिले से ईदगाह पर आते हैं ऐसे में नगर निगम का कर्तव्य है कि सभी व्यवस्थाओं को समय से पूर्ण किया जाए जिससे किसी भी व्यक्ति को कोई भी असुविधा ना हो।

इस मौके पर पार्षद हाजी नूर आलम, पार्षद नदीम अंसारी, पार्षद इमरान सैफी, पार्षद नितिन जाटव पार्षद रजीव अन्नू, पार्षद फहाद सलीम, ईदगाह के मैनेजर शाहिद जुबेरी, वरिष्ठ समाज सेवी हैदर रऊफ, सोनू , लक्की जाटव आदि मजबूत पार्षद दल के लोग मौजूद रहे।

# परीक्षाएं शांतिपूर्ण संपन्न

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** परिषदीय परीक्षा वर्ष 2026 के अंतर्गत शनिवार को प्रथम पाली में हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षाएं जिले के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्ण एवं नकलविहीन माहौल में संपन्न हुईं। जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रथम पाली में हाईस्कूल वाणिज्य विषय की परीक्षा में पंजीकृत 928 परीक्षार्थियों में से 885 परीक्षार्थी उपस्थित रहे, जबकि 43 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। वहीं इंटरमीडिएट के फल एवं खाद्य संरक्षण, पाकशास्त्र (कुकरी), परिधान रचना एवं सज्जा, रंगीन फोटोग्राफी, ऑटोमोबाइल्स, एकाउंटेंसी एवं अंकेक्षण, बैंकिंग, आशुलिपि एवं टंकण (हिंदी) तथा टंकण हिंदी व अंग्रेजी विषयों की परीक्षा में पंजीकृत 279 परीक्षार्थियों में से 267 उपस्थित रहे और 12 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इस प्रकार हाईस्कूल और इंटरमीडिएट को मिलाकर कुल 1207 पंजीकृत परीक्षार्थियों में से 1152 परीक्षार्थी उपस्थित रहे, जबकि 55 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। प्रथम पाली में हाईस्कूल की परीक्षा 33 तथा इंटरमीडिएट की परीक्षा 12 केंद्रों पर आयोजित हुई, जबकि द्वितीय पाली में किसी भी केंद्र पर परीक्षा आयोजित नहीं की गई। जिला प्रशासन द्वारा नियुक्त सभी स्टेटिक मजिस्ट्रेट परीक्षा केंद्रों पर तैनात रहे। सेक्टर मजिस्ट्रेटों और तीन विभागीय सचल दलों ने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। सभी केंद्रों पर परीक्षा शुचितापूर्वक और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई तथा अनुचित साधनों के प्रयोग का कोई मामला सामने नहीं आया।

# राजस्व में हानि क्षम्य नहीं, होगी कड़ी कार्रवाई: मनीष

## स्टाम्प के 27 वादों का निस्तारण करते हुए 3 करोड़ से अधिक रूपये का अर्थदण्ड किया आरोपित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** न्यायालय जिला मजिस्ट्रेट मनीष बंसल द्वारा माह फरवरी वर्ष 2026 में स्टाम्प के 27 वादों का निस्तारण करते हुए अंकन 3,32,18,529-00 रूपये अर्थदण्ड आरोपित किया गया। जिसमें से मुख्य रूप से ग्राम गन्देवडा परगना हरौड़ा तहसील के 07 वादो में पक्षकारों द्वारा प्रश्नगत सम्पत्ति को कृषि भूमि दर्शाकर बैनामा पंजीकृत कराया गया जबकि जांच में प्रश्नगत सम्पत्ति अकृषिक भूमि के रूप में सेगमेन्ट पर स्थित पायी गयी।

ग्राम शेखूपुर उर्फ छाछरेकी तहसील से सम्बन्धित 03 वादों में मौके पर विक्रीत सम्पत्ति में किसी प्रकार का कृषि कार्य नही हो रहा है बल्कि प्लाटिंग का कार्य किया जा रहा है, जिसमें ईंटो की निशानदेही की गयी है तथा मिट्टी का भराव करके रास्ते बनाये गये है। विक्रीत सम्पत्ति के आस-पास आवासीय मकान व प्लाटिंग की गतिविधियां विद्यमान पायी गयी जबकि पक्षकरो द्वारा प्रश्नगत सम्पत्ति को लेखपत्र में कृषि भूमि दर्शाया गया है। ग्राम खुशहालीपुर परगना मुजफ्फराबाद तहसील बेहट से सम्बन्धित 02 वादों में पक्षकारो द्वारा विक्रीत सम्पत्ति में सर्किल रेट से कम दर पर मूल्यांकित करते हुए बैनामा पंजीकरण हेतु प्रस्तुत किया गया। खसरा नम्बर 459/2 तहसीलदार द्वारा जारी खसरा नम्बर की सूची में आबादी में स्थित है। पक्षकारो द्वारा बैनामें में जनपदीय मार्ग और आबादी के समीप दर्शाकर स्टाम्प शुल्क अदा करते हुए पंजीयन हेतु प्रस्तुत किया, जबकि पक्षकारों द्वारा विलेख पत्र में प्रश्नगत सम्पत्ति को कृषि भूमि दर्शाया गया है। ग्राम जन्धेडी परगना व तहसील रामपुर मनिहारान से सम्बन्धित 02 वादों (सरकार बनाम संस्कृति चौधरी) में पक्षकारो द्वारा विलेख पत्र में प्रश्नगत सम्पत्ति को कृषि भूमि दर्शाया गया है जबकि प्रश्नगत सम्पत्ति

**■ जिला मजिस्ट्रेट मनीष बंसल के न्यायालय से हुई महत्वपूर्ण कार्रवाई**

सहारनपुर-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित है तथा प्रश्नगत भूमि के 200 मीटर की त्रिज्या में अकृषक गतिविधियां विद्यमान पायी गयी। ग्राम देवबन्द बैरून हदूद से सम्बन्धित वाद में पक्षकारो द्वारा प्रश्नगत सम्पत्ति को विलेख पत्र में कृषि भूमि दर्शाया गया है जबकि जांच के समय प्रश्नगत सम्पत्ति मौके पर अकृषिक भूमि के रूप में पायी गयी।

# बहनोई को फंसाने के लिये दी झूठी लूट की सूचना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** थाना फतेहपुर क्षेत्र में एक युवक ने पुलिस को लूट की झूठी सूचना देकर अपने बहनोई को फंसाने की कोशिश की, जो पुलिस की सतर्क जांच में पकड़ी गई।

इंतजार पुत्र अब्दुल मलिक, निवासी कस्बा व थाना फतेहपुर ने दूरभाष पर बताया कि मुजफ्फराबाद के आगे पांच अज्ञात बदमाशों ने उसकी मोटरसाइकिल और रुपये 5000 लूट लिए। सूचना मिलते ही थाना फतेहपुर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल की जांच की। आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज जांचने पर सूचनाकर्ता इंतजार अपनी मोटरसाइकिल से घटनास्थल से जाते हुए नहीं दिखा। घटना संदिग्ध लगने पर पुलिस ने कड़ी पूछताछ की। पूछताछ में इंतजार ने कबूल किया कि उसकी बहन और बहनोई के बीच न्यायालय में विवाद चल रहा है। इसी विवाद के चलते वह बहनोई को फंसाने के मकसद से पुलिस को गुमराह करने वाली झूठी सूचना दे रहा था। झूठी सूचना देने के आरोप में इंतजार के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया।






## राष्ट्र के प्रति रहें समर्पित: डा.पवन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** पूरनमल रामलाल डिग्री कालेज की राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई के विशेष शिविर के दुसरे दिन प्राचार्य डॉ. पवन कुमार ने स्वयंसेवकों को राष्ट्रप्रेम के प्रति समर्पण की शिक्षा देते हुए कहा कि सबकों राष्ट्र के प्रति पुर्ण निष्ठा और जागरुकता से कार्य करना चाहिए, ताकि देश प्रगतिपथ पर अग्रसरित रहकर एक बार फिर विश्वगुरु का गौरव हासिल कर सकें।

कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रामकुमार ने मोबाईल फोन के सोशल मीडिया के इस्तेमाल में विशेष सावधानी बरतने की आवश्यकता जताई। साईबर क्राईम को लेकर विशेष एलर्ट रहने की बात कही। धीरेन्द्र मौर्य, नीतिका रानी, अरुण कुमार, नफे सिंह, अमित कुमार आदि रहें।

# संतुलित जीवन शैली अपनाएं: डा.मिगलानी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. संजीव मिगलानी ने कहा कि वर्तमान समय में हृदय रोग, उच्च रक्तचाप, मधुमेह और मोटापा जैसी बीमारियां तेजी से बढ़ रही हैं। इन बीमारियों से बचाव के लिए संतुलित जीवनशैली अपनाना बेहद जरूरी है।



डा.मिगलानी ने बताया कि अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन (एएचए) ने बेहतर स्वास्थ्य के लिए "लाइफ के 8 एसेंशियल्स" बताए हैं, जिन्हें अपनाकर व्यक्ति अपने कार्डियो, किडनी, मेटाबोलिक स्वास्थ्य को बेहतर बना सकता है। असंतुलित खान-पान, शारीरिक गतिविधि की कमी, तंबाकू का सेवन और पर्याप्त नींद न लेना कई गंभीर बीमारियों को जन्म देता है। यदि लोग अपनी दिनचर्या में थोड़े बदलाव कर लें तो हृदय, किडनी और शरीर के मेटाबोलिक सिस्टम को लंबे समय तक स्वस्थ रखा जा सकता है। उन्होंने लोगों से नियमित स्वास्थ्य जांच कराने और स्वस्थ आदतों को अपनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि ताजे फल, हरी सब्जियां, साबुत अनाज और कम वसा वाले भोजन को अपनी दिनचर्या में शामिल करें। अधिक नमक, चीनी और तले-भुने खाद्य पदार्थों से बचें। उच्च रक्तचाप हृदय और किडनी को गंभीर नुकसान पहुंचा सकता है। इसलिए समय-समय पर ब्लड प्रेशर की जांच कराते रहें और चिकित्सकीय सलाह का पालन करें। प्रतिदिन कम से कम 30 मिनट व्यायाम, योग या तेज चाल से चलना शरीर को सक्रिय और स्वस्थ बनाए रखने में मदद करता है। मधुमेह से बचाव के लिए संतु. लित आहार और नियमित जांच जरूरी है। समय पर जांच और नियंत्रण से कई गंभीर जटिलताओं से बचा जा सकता है। धूम्रपान और तंबाकू हृदय, फेफड़ों और रक्त वाहिकाओं के लिए बेहद हानिकारक हैं। स्वस्थ जीवन के लिए तंबाकू का पूरी तरह त्याग करना जरूरी है। शरीर में बढ़ा हुआ कोलेस्ट्रॉल हृदय रोग का प्रमुख कारण बन सकता है। संतु. लित भोजन और नियमित जांच से इसे नियंत्रित रखा जा सकता है। मोटापा हृदय रोग, मधुमेह और उच्च रक्तचाप का बड़ा कारण है। संतुलित आहार और नियमित व्यायाम से वजन नियंत्रित रखा जा सकता है। स्वस्थ शरीर के लिए प्रतिदिन 7 से 8 घंटे की नींद बेहद आवश्यक है।

**21 फरवरी तक का भुगतान: गंगोह।** उत्तम शुगर मिल शेरमऊ ने गन्ना मूल्य भुगतान में अग्रणी रहते हुए 21 फरवरी तक खरीदे गये गन्ने का समस्त भुगतान रू. 27,08,21,400.36 सभी किसानों के खाते में भेज दिया गया है। मिल के वरि. उपाध्यक्ष डॉ. सुखविन्दर जीत सिंह ने बताया कि चीनी मिल द्वारा गेट क्रय केन्द्रो का समस्त इन्डेण्ट नियमानुसार जारी कराकर व समिति द्वारा जारी प्रतिबन्धित मुफ्त (फ्री) पर्चियों पर तौल की जा रही है। व्यापक प्रचार-प्रसार के बाद भी गन्ने का अभाव में चीनी मिल को पेराई क्षमता के सापेक्ष बहुत कम गन्ना आपूर्ति हो रही है, इसलिए पेराई सत्र के 8 मार्च से बन्द होने की सम्भावना है।









# महिलाओं को अधिकारों के प्रति किया जागरूक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आईटीसी मिशन सुनहरा कल के अंतर्गत लोकमित्र संस्था द्वारा शहर में संचालित अनुप.ूरक शिक्षा केंद्रों पर महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से विभिन्न क्षेत्रों में बैठकें आयोजित की गईं।



लोकमित्र संस्था द्वारा शहर में ड्रॉप-आउट बच्चों की वैकल्पिक शिक्षा व्यवस्था एवं पुन: विद्यालय में नामांकन सुनिश्चित करने के लिए समुदाय में लगभग 100 अनुपूरक शिक्षा केंद्र संचालित किए जा रहे हैं। इन्हीं केंद्रों पर नामांकित बच्चों की महिला अभिभावकों के बीच जागरूकता फैलाने के लिए वाल्मीकि कॉलोनी, खाता खेड़ी, सिराज कॉलोनी, पीर गली तथा 62 फुटा क्षेत्र में विशेष बैठकों का आयोजन किया गया। इन बैठकों में लगभग 450 महिलाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं के अधिकार, सुरक्षा और सामा. जिक-आर्थिक विकास जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही महिलाओं के शिक्षा, स्वास्थ्य और आर्थिक आत्मनिर्भरता के महत्व पर विशेष जोर दिया गया। उपस्थित महिलाओं को देश की कई प्रेरणादायक और प्रतिष्ठित महिलाओं के उदाहरणों के माध्यम से जागरूक किया गया। बैठक में कुछ महिलाओं ने अपने जीवन के संघर्ष और सफलता की प्रेरणादायक कहानियां भी साझा कीं, जिनमें उन्होंने बताया कि कठिन परिस्थितियों के बावजूद उन्होंने कैसे हिम्मत और परिश्रम से समाज में अपनी पहचान बनाई। इस अवसर पर अनुपूरक शिक्षा केंद्रों के शिक्षकों ने भी महिलाओं का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें शिक्षा और जागरूकता के माध्यम से आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का सफल संचालन लोकमित्र संस्था की कार्यक्रम समन्वयक जाफरी के नेतृत्व में संपन्न हुआ। इस अवसर पर संस्था की फील्ड सुपरवाइजर यास्मीन, रितु, इंशा, नुजहत, तबस्सुम, तंजील, सानिया, किसा, शबनम, नूर सबा सहित अन्य सहयोगी उपस्थित रहे।















रांची। पश्चिम एशिया संघर्ष से जुड़ी बढ़ती ऊर्जा लागत के मद्देनजर घरेलू एलपीजी व व्यावसायिक सिलेंडरों की कीमतों में 60 रुपये व 114.5 रुपये की भारी वृद्धि के बीच एलपीजी सिलेंडर लेने के लिए कतार में खड़े लोग।

## किसी अन्य देश पर भी हमला कर सकते हैं ट्रम्प: पूर्व डब्ल्यूपीएफ महासचिव

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में ईरान को लेकर बढ़ते तनाव के बीच वर्ल्ड पीस फोरम (डब्ल्यूपीएफ) के पूर्व महासचिव एन श्वेतोंग ने चेतावनी दी है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की नीतियों के तहत भविष्य में अन्य देशों के साथ भी संघर्ष की संभावना से इन्कार नहीं किया जा सकता। श्वेतोंग ने एक विशेष साक्षात्कार में कहा कि हाल की घटनाएं वैश्विक राजनीति में एक चिंताजनक पैटर्न की ओर संकेत करती हैं। उन्होंने कहा कि ईरान किसी भी संभावित अमेरिकी हमले से बचाव के लिए किसी बाहरी शक्ति पर निर्भर नहीं रह सकता।

# एपस्टीन फाइल: ट्रम्प पर नाबालिग के यौन शोषण का आरोप

## नए दस्तावेज में खुलासा, पहले अधिकारियों ने डुप्लीकेट बताकर रोक दिया था

**वाशिंगटन।** अमेरिका में न्याय विभाग ने कुख्यात यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन से जुड़े नए दस्तावेज जारी किए हैं। एफबीआई को दिए इंटरव्यू में महिला ने दावा किया कि एपस्टीन ने उसकी मुलाकात डोनाल्ड ट्रम्प से कराई थी। ट्रम्प ने उनका यौन शोषण किया। तब वे नाबालिग थीं। ये पेज पहले जारी नहीं किए गए थे। एफबीआई ने महिला के दावों से जुड़े 4 इंटरव्यू किए थे।

शुरुआती रिलीज में सिर्फ एक इंटरव्यू का सार दिखा, जिसमें महिला ने एपस्टीन के खिलाफ आरोप बताए थे। बाकी तीन इंटरव्यू गायब होने पर सवाल उठ रहे थे। अधिकारियों ने अब कहा कि इन्हें गलती से 'डुप्लीकेट' मानकर रोक दिया गया था। बाद में रिव्यू किया तो यह बात गलत निकली। अमेरिका की विपक्षी डेमोक्रेटिक पार्टी के नेता एपस्टीन से जुड़े डाक्यूमेंट हैंडल करने के तरीके को लेकर ट्रम्प सरकार पर सवाल उठा रही है। उनका आरोप है कि ट्रम्प प्रशासन ने एपस्टीन जांच से जुड़ी ऐसी जानकारियां दबाईं, जो ट्रम्प को नुकसान पहुंचा सकती थीं। हाउस की एक कमेटी ने अटार्नी जनरल पाम बान्डी को नोटिस जारी करने के पक्ष में वोट किया। उन्हें कोर्ट में जवाब देना होगा। ट्रम्प पर आरोप लगाने वाली महिला के 2019 में एफबीआई ने कई इंटरव्यू लिए थे। गुरुवार को जो डाक्यूमेंट जारी हुए हैं, उनमें इन्हीं इंटरव्यू के डिटेल्स शामिल हैं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार इस इंटरव्यू में उस महिला ने आरोप लगाया कि जब उसकी उम्र 13 से 15 साल के बीच थी, तब एपस्टीन और ट्रम्प ने उसका यौन-शोषण किया था। एक इंटरव्यू में महिला ने कहा कि एपस्टीन उसे न्यूयार्क या न्यूजर्सी ले गया था और वहीं ट्रम्प से मिलवाया था। महिला ने जांचकर्ताओं को बताया कि जब ट्रम्प उस पर सेक्स करने के लिए दबाव डाल रहे थे, तब उसने उन्हें काट भी लिया था। महिला का यह भी दावा है कि पिछले कई सालों में उसे और उसके करीबी लोगों को चुप रहने के लिए धमकी भरे कई फोन काल भी आए थे। महिला का मानना है कि ये काल एपस्टीन से जुड़े लोगों की तरफ से हो सकते थे। एपस्टीन फाइल्स में ट्रम्प का नाम 38 हजार से अधिक बार दर्ज है। रिकार्ड में 1990 के दशक में एपस्टीन के निजी विमान से 7-8 यात्राओं का जिक्र है। ट्रम्प के मार-ए-लागो क्लब की गेस्ट लिस्ट में भी शामिल हैं। जांच में सामने आया कि यौन शोषण का नेटवर्क अमेरिका तक सीमित नहीं था। एपस्टीन ने संगठित ट्रैफिकिंग नेटवर्क बनाया। एपस्टीन फाइल्स में अब तक 15 देशों के रईसों, नेताओं और अंतरराष्ट्रीय हस्तियों के नाम सामने आए हैं। ट्रम्प ने एपस्टीन से जुड़े सभी आरोपों में किसी भी गलत काम से इनकार किया है. पहले न्याय विभाग ने भी कहा था कि जारी किए गए कुछ डाक्यूमेंट में ट्रम्प के खिलाफ 'झूठे और सनसनीखेज दावे' हैं। वहीं विपक्षी डेमोक्रेटिक नेताओं ने ट्रम्प सरकार पर आरोप लगाया है कि उसने एपस्टीन जांच से जुड़ी कुछ ऐसी जानकारियों को छिपाने की कोशिश की, जो ट्रम्प के लिए नुकसानदेह हो सकती थीं।



■ ये पेज पहले जारी नहीं किए गए थे, एफबीआई ने महिला के दावों से जुड़े 4 इंटरव्यू किए थे

■ अमेरिका की विपक्षी डेमोक्रेटिक पार्टी के नेता एपस्टीन से जुड़े डाक्यूमेंट हैंडल करने के तरीके को लेकर ट्रम्प सरकार पर सवाल उठा रही है

## संक्षिप्त समाचार

### दुबई में एमिरेट्स एयरलाइंस की सभी उड़ानें निलंबित

दुबई। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में प्रमुख विमानन कंपनी एमिरेट्स ने शनिवार को दुबई से आने और जाने वाली अपनी सभी उड़ानों को अगले आदेश तक निलंबित करने की घोषणा की। एयरलाइन ने यात्रियों और चालक दल की सुरक्षा को अपनी सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए यात्रियों को हवाई अड्डे पर न आने की सलाह देते हुए कहा है कि जिन यात्रियों की बुकिंग 28 फरवरी से 31 मार्च के बीच है, वे अपनी यात्रा को 30 अप्रैल तक के लिए पुन: बुक कर सकते हैं या रिफंड का अनुरोध कर सकते हैं।

### अमेरिका ने इजरायल को 12000 बम बेचने की मंजूरी दी

वॉशिंगटन। अमेरिका ने इजरायल को 12000 हवाई बमों सहित हथियारों की बिक्री को मंजूरी दे दी है। इस सौदे की कुल अनुमानित कीमत लगभग 15-18 करोड़ डॉलर है। विदेश मंत्रालय के एक बयान में कहा गया कि इजरायल ने 1000 पाउंड क्षमता वाले 12000 बम खरीदने का अनुरोध किया है। विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने कहा है कि यह इन रक्षा सामग्रियों का सौदा अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा हितों के अनुरूप है। इस कारण इस संबंध में बने कानून की एक धारा 36(बी) के तहत आवश्यक कांग्रेस समीक्षा प्रक्रिया को भी दरकिनार किया गया।

# ईरान के खिलाफ जंग में उतरेगा पाकिस्तान!

## पाक सेना प्रमुख आसिम मुनीर और सऊदी रक्षा मंत्री के बीच हुई बड़ी बैठक के बाद अटकलें जारी

**दुबई/वाशिंगटन।** अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव के बीच सऊदी अरब सीधे निशाने पर है। खाड़ी के इस देश के आयल फील्ड और एयरपोर्ट पर लगातार हमले हो रहे हैं। इसी बीच रियाद में पाकिस्तानी सेना प्रमुख फील्ड मार्शल आसिम मुनीर और सऊदी रक्षा मंत्री खालिद बिन सलमान की अहम बैठक हुई। बैठक में ईरान के हालिया हमलों और उन्हें रोकने के उपायों पर चर्चा हुई। सऊदी रक्षा मंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर लिखा कि बैठक संयुक्त रणनीतिक रक्षा समझौते के तहत हुई और इस दौरान दोनों पक्षों ने क्षेत्रीय सुरक्षा और स्थिरता को बनाए रखने पर जोर दिया। हाल के दिनों में ईरान ने सऊदी अरब के शायबा आयल फील्ड को निशाना बनाया। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि छह ड्रोन को मार गिराया गया, जबकि दो बैलिस्टिक मिसाइलें प्रिंस सुल्तान एयर बेस के पास नष्ट की गईं। यह क्षेत्र यूएई की सीमा के पास स्थित है और पिछले हमलों के बाद अब ईरान सीधे इसमें शामिल हो रहा है। ईरान और सऊदी अरब के बीच बढ़ते तनाव के बीच पाकिस्तान की कूटनीतिक भूमिका अहम हो गई है। पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री इशाक डार ने संसद में खुलासा करते हुए कहा कि हाल के दिनों में ईरान द्वारा सऊदी अरब पर हमलों में कमी या प्रतिक्रिया न देने के पीछे पाकिस्तान की कूटनीतिक पहल रही है। यह खुलासा पश्चिम एशिया में भू-राजनीतिक स्थिति को और जटिल बना देता है। इशाक डार ने बताया कि पाकिस्तान का सऊदी अरब के साथ एक रणनीतिक रक्षा समझौता है। जब ईरान और सऊदी अरब के बीच तनाव बढ़ा, तो पाकिस्तान ने तत्काल ईरान से संपर्क किया। पाकिस्तान ने ईरान को इस रक्षा समझौते के बारे में आगाह किया और आश्वासन मांगा कि सऊदी अरब की जमीन का इस्तेमाल ईरान के खिलाफ नहीं किया जाएगा। पाकिस्तान ने ईरान को यह आश्वासन भी प्रदान किया। इस कूटनीतिक प्रयास ने तत्काल टकराव को टालने में मदद की। अब तक चल रहे संघर्ष में खाड़ी देशों ने सीधे टकराव से खुद को दूर रखा था और अमेरिका ने भी इन देशों की जमीन का इस्तेमाल अपने हमलों के लिए नहीं किया था। हालांकि, अगर ईरान द्वारा सऊदी अरब पर हमले जारी रहते हैं और सऊदी अरब-पाकिस्तान रक्षा समझौता सक्रिय हो जाता है, तो स्थिति पूरी तरह से बदल सकती है। यदि पाकिस्तान सऊदी अरब की ओर से ईरान के खिलाफ किसी भी सैन्य कार्रवाई में शामिल होता है, तो यह संघर्ष केवल पश्चिम एशिया तक सीमित नहीं रहेगा। यह सीधे तौर पर दक्षिण एशिया में भी फैल जाएगा, क्योंकि पाकिस्तान और ईरान के बीच एक लंबी सीमा लगती है। वहीं न्यूयार्क में एक पाकिस्तानी व्यक्ति को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और अन्य नेताओं की हत्या की साजिश रचने का दोषी पाया गया है। इस व्यक्ति के संबंध ईरान से हैं। उसने यह साजिश ईरानी कमांडर कासिम सुलेमानी की मौत का बदला लेने के लिए रची थी। सुलेमानी की मौत साल 2020 में एक अमेरिकी हमले में हुई थी। मामले में 48 साल के आसिफ रजा मर्चेंट को शुक्रवार को ब्रूकलिन की अदालत में दोषी ठहराया गया। एक फेडरल जूरी ने उसे भाड़े पर हत्या करने और आतंकवाद फैलाने की कोशिश का अपराधी माना। मर्चेंट को अब उम्रकैद की सजा हो सकती है। अमेरिकी अटार्नी जनरल पामेला बोंडी ने बताया कि मर्चेंट खास तौर पर ट्रम्प को मारने के इरादे से अमेरिका आया था। अमेरिकी न्याय विभाग के अनुसार, मर्चेंट 'इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कार्प्स' (आईआरजीसी) का एक प्रशिक्षित एजेंट था। उसने अदालत में माना कि साल 2024 में आईआरजीसी ने उसे राजनीतिक हत्याओं का इंतजाम करने के लिए अमेरिका भेजा था। उसके निशाने पर ट्रम्प के अलावा पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन और निक्की हेली भी हो सकते थे। मर्चेंट ने स्वीकार किया कि उसका मुख्य लक्ष्य ट्रम्प ही थे। मर्चेंट अप्रैल 2024 में अमेरिका पहुंचा था। जून में वह कुछ लोगों से मिला जिन्हें वह हत्यारा समझ रहा था। असल में वे न्यूयॉर्क पुलिस के अंडरकवर अधिकारी थे। जुलाई 2024 में देश छोड़ने से पहले ही पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। पामेला बोंडी ने कहा कि यह आदमी ट्रम्प को मारने की उम्मीद में आया था, लेकिन उसका सामना अमेरिकी कानून की ताकत से हुआ।



■ ट्रम्प की हत्या की साजिश करने वाला पाकिस्तानी व्यक्ति दोषी करार, ईरान के कहने पर बनाया था प्लान

### पाकिस्तान के बलूचिस्तान में सेना की कार्रवाई, 15 ढेर

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने बलूचिस्तान प्रांत में दो अलग-अलग अभियानों में 15 विद्रोही को मार गिराया है। सेना की मीडिया विंग (आईएसपीआर) ने शनिवार को यह जानकारी दी। ये ऑपरेशन खुफिया जानकारी मिलने के बाद गुरुवार को किए गए थे। पहला ऑपरेशन हरनाई जिले में हुआ। यहां सेना ने खवारिज के ठिकाने पर हमला किया। भीषण मुठभेड़ के बाद 12 विद्रोही मारे गए। पाकिस्तान सरकार ने साल 2024 में प्रतिबंधित संगठन तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) को 'फितना अल-खवारिज' नाम दिया है। यह नाम इतिहास के एक हिंसक समूह के संदर्भ में रखा गया है। दूसरा ऑपरेशन बसिमा जिले में चलाया गया। यहां सेना ने आतंकवादियों की मौजूदगी का पता लगाया और उन पर हमला किया। इस जोरदार गोलीबारी में तीन और आतंकवादी ढेर हो गए।

# अमेरिकी-इजरायली हमलों में कम से कम 1332 ईरानी नागरिकों की मौत: ईरान

**संयुक्त राष्ट्र।** ईरान के संयुक्त राष्ट्र में स्थाई प्रतिनिधि अमीर सईद इरावानी ने कहा है कि अमेरिका-इजरायल के हवाई हमलों में अब तक कम से कम 1332 ईरानी नागरिकों की मौत हो चुकी है और हजारों लोग घायल हुए हैं। इरावानी ने न्यूयॉर्क स्थित संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत में ईरानी रेड क्रिसेंट सोसायटी के हवाले से बताया कि मृतकों में महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं।

उन्होंने कहा कि देशभर में 180 से अधिक बच्चों की मौत हुई है और 20 से अधिक स्कूलों को नुकसान पहुंचा है। उन्होंने आरोप लगाया कि अमेरिका-इजरायल ने ईरान में नागरिकों और नागरिक अवसंरचनाओं को जानबूझकर निशाना बनाया है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि वे अपने सैन्य अभियानों में किसी भी तरह का संयम नहीं बरत रहे हैं। उन्होंने कहा कि ईरानी शहरों पर अंधाधुंध हमले किए जा रहे हैं और घनी आबादी वाले रिहायशी क्षेत्रों तथा महत्वपूर्ण नागरिक ढांचे को जानबूझकर निशाना बनाया जा रहा है। उनके अनुसार इस तरह का युद्ध अपराध और मानवता के खिलाफ अपराध की श्रेणी में आता है। इरावानी ने कहा कि अब तक देश में 13 स्वास्थ्य सुविधाओं पर हमले किए गए हैं। गुरुवार को तेहरान और अन्य शहरों में कुछ खेल और मनोरंजन स्थलों को भी निशाना बनाया गया, जिसमें 18 महिला खिलाड़ियों की मौत हो गई, जबकि लगभग 100 अन्य घायल हुए। उन्होंने आरोप लगाया कि इन हमलों का उद्देश्य नागरिकों में भय पैदा करना और अधिकतम विनाश करना है। उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिका और इजरायल का यह दावा निराधार है कि उनके हमले केवल सैन्य ठिकानों को निशाना बना रहे हैं। इरावानी ने कहा कि ईरान संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अनुच्छेद 51 के तहत अपने आत्मरक्षा के अधिकार का प्रयोग करता रहेगा और उसकी सैन्य प्रतिक्रिया 'कानूनी, आवश्यक और अनुपातिक' है तथा केवल हमलावर पक्ष के सैन्य लक्ष्यों को ही निशाना बनाती है। उन्होंने कहा कि ईरान युद्ध नहीं चाहता लेकिन वह अपनी संप्रभुता से समझौता नहीं करेगा और अपने लोगों, क्षेत्रीय अखंडता और स्वतंत्रता की रक्षा के लिए सभी आवश्यक कदम उठाएगा।

■ देशभर में 180 से अधिक बच्चों की भी मौत हुई है

## चीन ने पीला सागर में विमान मुठभेड़ पर ऑस्ट्रेलिया के आरोपों को खारिज किया

**बीजिंग।** चीन ने शुक्रवार को पीला सागर के ऊपर विमानों के बीच हुई मुठभेड़ को लेकर ऑस्ट्रेलिया के आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया। चीन ने ऑस्ट्रेलिया के तथ्यों को तोड़-मरोड़कर पेश करने पर आपत्ति जताते हुए कड़ा विरोध दर्ज कराया है। चीनी रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि एक ऑस्ट्रेलियाई युद्धपोत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों को लागू करने के बहाने पीला सागर और पूर्वी चीन सागर में चीन के खिलाफ निकट-सीमा टोह के लिए बार-बार नौसैनिक हेलीकॉप्टर भेजे।

# ईरानी रिवोल्यूशनरी गार्ड्स की अमेरिका को धमकी

**तेहरान।** ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड्स (आईआरजीसी) ने अमेरिकी नौसेना को सीधी चुनौती देते हुए कहा कि वे सामरिक रूप से महत्वपूर्ण होर्मुज जलडमरूमध्य जलमार्ग से जहाजों को एस्कॉर्ट करने वाले अमेरिकी बलों का 'इंतजार' कर रहे हैं।

आईआरजीसी के प्रवक्ता अली मोहम्मद नैनी ने शनिवार को चेतावनी भरे लहजे में कहा कि उनका बल अमेरिकी नौसेना की किसी भी उपस्थिति का सामना करने के लिए तैयार है। यह बयान अमेरिकी ऊर्जा सचिव की उस घोषणा के बाद आया है, जिसमें कहा गया था कि अमेरिकी नौसेना जल्द ही होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने वाले जहाजों को सुरक्षा घेरा प्रदान करने की तैयारी कर रही है। फॉर्स समाचार एजेंसी के अनुसार, ईरानी प्रवक्ता नैनी ने अमेरिकियों को कोई भी निर्णय लेने से पहले 1987 की उस घटना की याद दिलाई, जब ईरानी रिवोल्यूशनरी गार्ड्स की बिछाई गई सुरंगों के कारण अमेरिकी सुपरटैंकर 'ब्रिजटन' में आग लग गई थी। ईरान ने स्पष्ट किया है कि वह इस क्षेत्र में अमेरिकी सैन्य हस्तक्षेप बर्दाश्त नहीं करेगा। प्रवक्ता ने हाल ही में तेल टैंकरों को निशाना बनाए जाने की घटनाओं का हवाला देते हुए अमेरिका को सावधानी बरतने की सलाह दी है।

■ होर्मुज जलडमरूमध्य जलमार्ग से जहाजों को एस्कॉर्ट करने वाले अमेरिकी बलों का 'इंतजार' कर रहे

# खाड़ी देशों पर हमलों के बीच ईरान ने मांगी माफी

## हमलों के कारण पश्चिमी एशिया का हवाई क्षेत्र प्रभावित हुआ है और दुबई जैसे व्यस्त हवाई अड्डों पर परिचालन बाधित रहा

**दुबई/रियाद।** खाड़ी क्षेत्र में जारी भीषण तनाव के बीच शनिवार को सऊदी अरब, कतर, बहरीन और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) पर ईरान की ओर से ताजा ड्रोन और मिसाइल हमले किए गए। दूसरी ओर ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान ने पड़ोसी देशों पर ईरान के हमलों के लिए माफी भी मांगी।

इन हमलों के कारण पश्चिमी एशिया का हवाई क्षेत्र प्रभावित हुआ है और दुबई जैसे व्यस्त हवाई अड्डों पर परिचालन बाधित रहा। दुबई हवाई अड्डे पर शनिवार को कई ड्रोन हमले हुए, जिससे विमानों की आवाजाही कई घंटों तक ठप रही। इसके कारण क्षेत्र की प्रमुख विमानन कंपनी एमिरेटस ने विमान संचालन को रोकने का फैसला किया है। कतर के रक्षा मंत्रालय ने भी एक बैलिस्टिक मिसाइल हमले को विफल करने की पुष्टि की है, जिसके बाद दोहा में सुरक्षा अलर्ट जारी कर लोगों को घरों के भीतर रहने की सलाह दी गई। इसे देखते हुए कतर एयरवेज ने कहा है कि वह कल लंदन, पेरिस, मैड्रिड, रोम, फ्रैंकफर्ट और बैंकॉक से दोहा के हमाद इंटरनेशनल एयरपोर्ट के लिए फ्लाइट्स ऑपरेट करने का योजना बना रहा है। उसने कहा कि यह फ़ैसला कतर विमानन प्राधिकरण से अस्थाई अनुमति मिलने के बाद लिया गया। वहीं बहरीन की सेना ने बताया कि हमलों की शुरुआत से अब तक उसने 86 मिसाइलों और 148 ड्रोनों को मार गिराया है। सऊदी अरब ने भी अपने विशाल 'शयबाह' तेल क्षेत्र की ओर बढ़ रहे 16 ड्रोनों को शनिवार तड़के नष्ट करने का दावा किया है। इस बीच, ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने सरकारी टेलीविजन पर एक संबोधन में पड़ोसी देशों पर हुए हमलों के लिए व्यक्तिगत रूप से माफी मांगते हुए इसे एक असामान्य मोड़ दे दिया है। उन्होंने कहा कि तेहरान अपने पड़ोसियों पर हमला नहीं करना चाहता और भविष्य में तब तक कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी जब तक ईरान पर उन देशों की जमीन से हमला न हो। राष्ट्रपति ने खाड़ी देशों से 'साम्राज्यवाद' के हाथों की कठपुतली न बनने की अपील की, हालांकि उनके इस बयान के बाद भी क्षेत्र में हवाई हमले और जवाबी कार्रवाई जारी रही।



■ दुबई हवाई अड्डे पर शनिवार को कई ड्रोन हमले हुए, जिससे विमानों की आवाजाही कई घंटों तक ठप रही

## अब पड़ोसी देशों पर हमला नहीं करेगा ईरान: पेजेशकियान

**तेहरान।** ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने पड़ोसी देशों से माफ़ी मांगते हुए कहा है कि अब ईरान उन देशों पर हमला नहीं करेगा। पेजेशकियान ने ईरान के सरकारी टेलीविजन पर प्रसारित एक वीडियो संदेश में कहा कि मुझे लगता है कि उन पड़ोसी देशों से माफ़ी मांगना जरूरी है जिन पर हमला हुआ है। उन्होंने कहा कि हमारा पड़ोसी देशों पर हमला करने का कोई इरादा नहीं है। हम शांति और सुकून कायम करने के लिए इलाके में सहयोग की अपील करते हैं। पेजेशकियन ने कहा कि सैन्य बलों को एक आदेश दिया गया है। अब से, पड़ोसी देशों पर तब तक हमला न करें जब तक कि उन पर पहले हमला न हो।

## अमेरिका परमाणु शस्त्रागार को तेजी से बढ़ाने का विकल्प खुला रख रहा है: रूसी उप विदेश मंत्री

**मॉस्को।** रूस के उप विदेश मंत्री सर्गेई रयाबकोव ने कहा है कि अमेरिका रणनीतिक हथियारों के मामले में पूरी तरह स्वतंत्र रहना चाहता है और अपनी मर्जी से परमाणु क्षमता बढ़ाने का विकल्प तैयार रख रहा है। रयाबकोव ने कहा कि अमेरिकी अधिकारियों के बयानों से संकेत मिलता है कि अमेरिका इस क्षेत्र में पूरी आजादी बनाये रखना चाहता है। वे अपने पास कई विकल्प रख रहे हैं, जिसमें संभवत: परमाणु शस्त्रागार को तेजी से बढ़ाने का विकल्प भी शामिल है। इसे इस तरह पेश किया जा रहा है कि राष्ट्रपति के पहले आदेश पर इन विकल्पों को फौरन सक्रिय किया जा सके। गौरतलब है कि रूस-अमेरिका के बीच हुई 'न्यू स्ट्रैटेजिक आर्म्स रिडक्शन ट्रीटी' (न्यू स्टार्ट) की मियाद पांच फरवरी को खत्म हो गई थी। पिछले साल सितंबर में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने घोषणा की थी कि रूस एक साल और 'न्यू स्टार्ट' के प्रतिबंधों का पालन करने को तैयार है और उन्होंने सुझाव दिया था कि अमेरिका को भी ऐसा ही करना चाहिए। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पुतिन के प्रस्ताव को अच्छा विचार बताया था। हालांकि चार फरवरी को रूसी विदेश मंत्रालय ने कहा कि अब संधि के पक्षकार किसी भी दायित्व या घोषणा से बंधे नहीं हैं।

# इमरान की पार्टी के 47 नेताओं-कार्यकर्ताओं को जेल

## रावलपिंडी की आतंकवाद निरोधक अदालत का फैसला

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के 47 नेताओं और समर्थकों को अदालत ने 10 साल की सजा सुनाई है। यह फैसला रावलपिंडी की आतंकवाद निरोधक अदालत ने शनिवार को सुनाया।

अदालत ने इन सभी लोगों को मई 2023 में हुए हिंसक विरोध-प्रदर्शनों और तोड़फोड़ के मामले में दोषी पाया। दरअसल, 9 मई 2023 को इमरान खान की गिरफ्तारी के बाद पूरे पाकिस्तान में पीटीआई कार्यकर्ताओं ने बड़े पैमाने पर प्रदर्शन किए थे। कई जगहों पर प्रदर्शन हिंसक हो गए थे और सरकारी संपत्तियों को नुकसान पहुंचाया गया था। रावलपिंडी में प्रदर्शनकारियों के एक समूह ने सेना मुख्यालय की ओर बढ़ने की कोशिश भी की थी। इस दौरान कई सरकारी इमारतों और वाहनों को नुकसान पहुंचाया गया था। इस मामले में पुलिस ने रावलपिंडी के आरए बाजार पुलिस स्टेशन में केस दर्ज किया था। आरोप था कि प्रदर्शनकारियों ने आगजनी, तोड़फोड़, पुलिस पर हमला और सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाया। साथ ही सेना के संग्रहालय, हमजा कैंप और मेट्रो स्टेशन को भी नुकसान पहुंचाया गया था। आतंकवाद निरोधक अदालत के जज अमजद अली शाह ने इन 47 लोगों को अदालत में पेश न होने के कारण पहले ही घोषित अपराधी घोषित कर दिया था। अदालत ने उन्हें अनुपस्थिति में ही दोषी ठहराते हुए 10-10 साल की जेल की सजा सुनाई और प्रत्येक पर 5 लाख पाकिस्तानी रुपये का जुर्माना भी लगाया। अगर जुर्माना नहीं दिया गया तो अतिरिक्त जेल की सजा भी भुगतनी पड़ेगी। इसके अलावा दोषियों की चल और अचल संपत्ति जब्त करने का आदेश भी दिया गया है। सजा पाने वालों में पीटीआई के कई बड़े नेता शामिल हैं, जैसे उमर अयूब खान, शिबली फराज, शाहबाज गिल, जुल्फी बुखारी, मुराद सईद, जरताज गुल और हम्माद अजहर जैसे नाम शामिल हैं।

अदालत के फैसले में कहा गया कि संयुक्त जांच दल (जेआईटी) की जांच में इन लोगों की भूमिका हिंसक प्रदर्शन की योजना बनाने में सामने आई थी। इसलिए इन्हें आतंकवाद निरोधक कानून के तहत दोषी माना गया। यह मामला 9 मई 2023 को हुए सेना मुख्यालय हमले से जुड़ा है। इस पूरे केस में कुल 118 लोगों को आरोपी बनाया गया है, जिनमें इमरान खान और पूर्व विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी का नाम भी शामिल है। इमरान खान फिलहाल रावलपिंडी की अदियाला जेल में बंद हैं।




■ 9 मई 2023 को इमरान खान की गिरफ्तारी के बाद पूरे पाकिस्तान में पीटीआई कार्यकर्ताओं ने बड़े पैमाने पर प्रदर्शन किए थे

# प्रिंस खालिद ने ईरान को दी 'गलतफहमी' से बचने की चेतावनी

**रियाद।** सऊदी अरब के रक्षा मंत्री प्रिंस खालिद बिन सलमान ने देश के सैन्य ठिकानों और तेल केंद्रों पर हुए सिलसिलेवार मिसाइल और ड्रोन हमलों के बाद ईरान को 'गलतफहमी और गलत आकलन' से बचने की कड़ी चेतावनी दी है।

सऊदी रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को बयान जारी कर बताया कि अमेरिकी सैन्य कर्मियों की मौजूदगी वाले एक एयर बेस और एक प्रमुख तेल क्षेत्र को निशाना बनाकर किए गए हमलों को सफलतापूर्वक नाकाम कर दिया गया है। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, राजधानी रियाद के दक्षिण-पूर्व स्थित प्रिंस सुल्तान एयर बेस की ओर दागी गई एक बैलिस्टिक मिसाइल को बीच में ही रोककर नष्ट कर दिया गया। सऊदी प्रेस एजेंसी ने मंत्रालय के प्रवक्ता के हवाले से पुष्टि की है कि इसी एयर बेस पर एक और मिसाइल हमला हुआ, जिसे भी विफल कर दिया गया। इसके अलावा, संयुक्त अरब अमीरात की सीमा के पास स्थित शयबाह तेल क्षेत्र को निशाना बनाकर किए गए कई ड्रोन हमलों और रियाद के पूर्व में एक अन्य ड्रोन हमले को भी सेना ने नाकाम कर दिया है। दुनिया के शीर्ष तेल निर्यातक देश सऊदी अरब ने इस सप्ताह की शुरुआत में भी रास तनुरा रिफाइनरी पर कम से कम दो ड्रोन हमलों की सूचना दी थी। प्रिंस खालिद ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर कहा कि इस तरह की कार्रवाइयां क्षेत्रीय सुरक्षा और स्थिरता को कमजोर करती हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि ईरानी पक्ष बुद्धिमानी से काम लेगा और ऐसी हरकतों से बचेगा, जो क्षेत्र को और अधिक अस्थिरता की ओर धकेल सकती हैं।

# धुरंधर 2 में सारा अर्जुन ने उठा ली बंदूक



**मुंबई।** धुरंधर द रिवेंज यानी धुरंधर 2 का ट्रेलर रिलीज होते ही सोशल मीडिया पर ट्रेंड करने लगा है। जहां लोग एक बार फिर से खूनी एक्शन से सरावोर कहानी देख चहक उठे हैं तो वहीं कुछ लोगों को रणवीर सिंह के किरदार हमजा अली मजारी के अतीत की झलक न देखने को लेकर निराशा हुई है। ट्रेलर में कई अहम राज भी खुले हैं साथ है फिल्म की हीरोइन सारा अर्जुन भी बंदूक ताने दिख रही हैं। पहले पार्ट धुरंधर में सारा अर्जुन का किरदार यालिना जमाल कहानी में इश्क का रंग घोलता दिखा था और धुरंधर 2 में हाथ में बंदूक थामे दिख रही हैं।

सारा अर्जुन महज 20 साल की हैं और उन्होंने धुरंधर में अपनी उम्र से 20 साल बड़े हीरो रणवीर सिंह संग इश्क लड़ाया था, लेकिन पर्दे पर बनी यह जोड़ी लोगों को खूब पसंद आई थी और दोनों को खूब प्यार भी मिला था। धु.रंधर में सारा ने यालिना जमाल के किरदार में कम समय स्क्रीन पर रहकर ही लोगों का दिल जीत लिया था। धुरंधर फिल्म की कहानी में इश्क का रंग भरने वाली यालिना की आंखों में मोहब्बत की चमक देखने को मिली थी। लेकिन अब धुरंधर 2 के ट्रेलर में यालिना की आंखों में तेवर और हाथों में बंदूक दिख रही है। माना जा रहा है कि ट्रेलर में दिखाया ए कहानी में अहम मोड़ का हिस्सा हो सकता है।

पाकिस्तान के कराची शहर का एक कस्बा ल्यारी अपने खूंखार लीडर्स के लिए जाना जाता है। अक्षय खन्ना का किरदार रहमान डकैत यहां का बादशाह बन जाता है और धुरंधर में रहमान की मौत हो जाती है। इसके बाद राज चलाता है उजैर बलूच और उसे साथ मिलता है हमजा अली मजारी यानी रणवीर सिंह का। साथ ही यहां मेजर इकबाल का भी खूब आतंक है जो भारत की सीमाओं में आंतकी मंसूबों की कहानी गढ़ता रहता है। लेकिन धुरंधर 2 में मेजर इकबाल भी खूंखार अंदाज में नजर आ रहा है। धुरंधर 19 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। साथ ही नए पार्ट में सारा अर्जुन के नए अवतार को देखना भी काफी दिलचस्प होगा।

> पाकिस्तान के कराची शहर का एक कस्बा ल्यारी अपने खूंखार लीडर्स के लिए जाना जाता है। अक्षय खन्ना का किरदार रहमान डकैत यहां का बादशाह बन जाता है और धुरंधर में रहमान की मौत हो जाती है। इसके बाद राज चलाता है उजैर बलूच और उसे साथ मिलता है हमजा अली मजारी यानी रणवीर सिंह का। साथ ही यहां मेजर इकबाल का भी खूब आतंक है जो भारत की सीमाओं में आंतकी मंसूबों की कहानी गढ़ता रहता है। लेकिन धुरंधर 2 में मेजर इकबाल भी खूंखार अंदाज में नजर आ रहा है। धुरंधर 19 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। साथ ही नए पार्ट में सारा अर्जुन के नए अवतार को देखना भी काफी दिलचस्प होगा।



# धुरंधर के बाद सोलो लीड फिल्म में काम करेंगे अर्जुन रामपाल

**मुंबई।** ब्लॉकबस्टर फिल्म धु.रंधर की ज़बरदस्त सफलता के बाद अर्जुन रामपाल एक दमदार सोलो लीड के साथ फिर से बड़े पर्दे पर वापसी कर रहे हैं। यह नई, अभी अनटाइटल्ड फैमिली ड्रामा फिल्म मनोरंजन के साथ एक मजबूत सामा.जिक संदेश भी लेकर आती है। कहानी जीवन की सादगी, अपनी जड़ों से जुड़ाव और उन रिश्तों का जश्न मनाती है जो सच में मायने रखते हैं।

यहां कोई घिसा-पिटा मसाला नहीं, बल्कि दिल को छू लेने वाली, अपनेपन से भरी और पूरे परिवार के साथ देखने लायक कहानी है, जो हमें अपनी विरासत और अपनों की कद्र करना याद दिलाती है। यह फिल्म अर्जुन रामपाल और लेखक-निर्देशक शैलेश वर्मा की पहली साथ काम करने वाली फिल्म है। इसे पारस सॉफ्टवेयर एंड एंटरटेनमेंट और वेमो मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड ने प्रोड्यूस किया है।

फिल्म अगस्त 2026 के मध्य में सिनेमाघरों में रिलीज़ होने की तैयारी में है। वेमो के एमडी डॉ. विकास कुमार मोदी और शैलेश वर्मा इस साल तीन ऐसी फिल्मों की लाइनअप लेकर आ रहे हैं जो सामाजिक रूप से प्रभावशाली और मजबूत मूल्यों पर आधारित होंगी।

# जैस्मीन अख्तर और डॉ. जियूस ने नए पंजाबी ट्रैक व्हिप के साथ मचाया धमाल



**मुंबई।** जैस्मीन अख्तर ने अपना लेटेस्ट ट्रैक व्हिप रिलीज़ किया है, जो मशहूर म्यूज़िक प्रोड्यूसर डॉ. ज़ियूस के साथ एक हाई-एनर्जी कोलेबोरेशन है। एटीट्यूड, बोल्ड विज़ुअल्स और पावरफुल बीट्स से भरा यह नया गाना पंजाबी म्यूज़िक लवर्स के बीच पहले से ही एक्साइटमेंट पैदा कर रहा है।

म्यूज़िक वीडियो कनाडा में शूट किया गया है, जो ट्रैक में एक वाइब्रेंट बैकग्राउंड जोड़ता है। डॉ. ज़ियूस के सिग्नेचर बीट्स और तेजी नभेला के लिखे लिरिक्स के साथ, व्हिप कंटेंपररी पंजाबी म्यूज़िक को एक शानदार विज़ुअल कॉन्सेप्ट के साथ मिलाता है जो ग्लैमर और एनर्जी दोनों को हाईलाइट करता है। रिलीज़ के बारे में बात करते हुए, जैस्मीन अख्तर ने डॉ. ज़ियूस के साथ एक बार फिर कोलेबोरेट करने को लेकर अपनी एक्साइटमेंट शेयर की और अपने पिछले ट्रैक के लिए मिले प्यार को याद किया। जैस्मीन अख्तर ने कहा, डॉ. ज़ियूस के साथ काम करना हमेशा से एक शानदार अनुभव रहा है। हमारे पिछले गाने आह मेरे लक्क ने को सुनने वालों से बहुत प्यार मिला था, और इस तरह का रिस्पॉन्स आपको हमेशा और कुछ बनाने के लिए मोटिवेट करता है। व्हिप के साथ, हमने कुछ बोल्ड और एनर्जी से भरपूर लाने की कोशिश की है। मुझे सच में उम्मीद है कि दर्शक इस नए ट्रैक पर भी उतना ही प्यार बरसाएंगे। पंजाबी म्यूज़िक सीन में अपनी दमदार आवाज़ और पॉपुलैरिटी के लिए जानी जाने वाली, जैस्मीन अख्तर नए साउंड और डायनामिक विज़ुअल्स के साथ एक्सपेरिमेंट करती रहती हैं। डॉ. ज़ियूस के सिग्नेचर म्यूज़िक और तेजी नभेला के कैची लिरिक्स के साथ, व्हिप एक ऐसा ट्रैक होने का वादा करता है जो फैंस के साथ मजबूती से जुड़ेगा। यह गाना अब बड़े स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है।

# कुब्रा ने संकल्प की शूटिंग के दौरान नाना पाटेकर से सीखा अभिनय



**मुंबई।** अभिनेत्री कुब्रा सैत ने संकल्प की शूटिंग के दौरान नाना पाटेकर से अभिनय के गुर सीखे। प्रकाश झा निर्देशित अपने आगामी प्रोजेक्ट संकल्प के ट्रेलर लॉन्च के दौरान, कुब्रा सैत ने दिग्गज अभिनेता नाना पाटेकर के साथ काम करने के अपने अनुभव को न सिर्फ बेहद खास, बल्कि उन्हें अद्वितीय कहते हुए उन्हें बेहद प्रेरणादायक भी बताया। कुब्रा सैत ने कहा, नाना पाटेकर वाकई एक अद्वितीय कलाकार हैं, जो न सिर्फ अगले दिन का स्क्रिप्ट अपने हाथों से लिखते हैं, बल्कि उसकी हर लाइन खुद याद करते हैं।

उनकी लेखनी बेहद प्रभावशाली है, उनका जुड़ाव पूरी तरह समर्पित और उनकी मेहनत बेमिसाल है। उन्हें काम करते हुए देखना मेरे लिए जिंदगी के सबसे बड़े सीखने वाले अनुभवों में से एक रहा है। कुब्रा की बातों से यह भी साफ झलकता है कि नाना पाटेकर अपने किरदारों के लिए कितनी गहराई से तैयारी करते हैं। दशकों से अपने दमदार अभिनय के लिए पहचाने जाने वाले नाना पाटेकर आज भी अपनी अनुशासन और काम के प्रति गंभीरता से नई पीढ़ी के कलाक.ारों को प्रेरित कर रहे हैं। साथ ही कुब्रा सैत की इस दिल से की गई तारीफ ने यह भी दिखाया कि संकल्प के सेट पर काम का माहौल बेहद सहयोगी और सीखने वाला था, जहां कलाकार एक-दूसरे से लगातार कुछ नया सीख रहे थे। अब जब संकल्प को लेकर दर्शकों के बीच उत्सुकता बढ़ चुकी है, तो ऐसे में कुब्रा के यह शब्द इस प्रोजेक्ट के पीछे लगी मेहनत, समर्पण और जुनून की एक झलक भी पेश कर रहे हैं।

> **नाना पाटेकर वाकई एक अद्वितीय कलाकार हैं, जो न सिर्फ अगले दिन का स्क्रिप्ट अपने हाथों से लिखते हैं, बल्कि उसकी हर लाइन खुद याद करते हैं, उनकी लेखनी बेहद प्रभावशाली है, उनका जुड़ाव पूरी तरह समर्पित और उनकी मेहनत बेमिसाल है, उन्हें काम करते हुए देखना मेरे लिए जिंदगी के सबसे बड़े सीखने वाले अनुभवों में से एक रहा है।**
>
> -कुब्रा सैत

यौन समस्याएं

यौन समस्याओं के विशेषज्ञ



पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें

डा. सम्राट

नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।

नावल्टी सिनेमा चौक मुजफ्फरनगर (यू.पी.)

M-9412211108

# विद्या बालन को अपना हीरो मानती हैं तापसी पन्नू

## विद्या ने महिला कलाकारों को भूमिका दिलाने में निभाया अहम रॉल

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री तापसी पन्नू, विद्या बालन को अपना हीरो मानती है। हाल ही में तापसी पन्नू ने बताया कि हिंदी सिनेमा में अपने करियर को लेकर उनकी सोच पर विद्या बालन का कितना गहरा प्रभाव रहा है। तापसी ने कहा कि वह विद्या को अपना हीरो मानती हैं, क्योंकि उनकी फिल्मों ने उन्हें यह विश्वास दिलाया कि इंडस्ट्री में महिला कलाकार भी लंबे समय तक मजबूत और दमदार भूमिकाओं के साथ आगे बढ़ सकती हैं। तापसी पन्नू ने कहा, विद्या मेरी हीरो हैं, क्योंकि उन्होंने मेरे करियर को देखने का पूरा तरीका बदल दिया। उन्होंने मुझे यह विश्वास दिलाया कि मैं भी ऐसा कर सकती हूं। यकीन मानिए अगर उनकी द डर्टी पिक्चर और कहानी जैसी फिल्में नहीं बनी होती, तो शायद मेरे जैसे कलाकारों को इंडस्ट्री में आगे बढ़ते रहने का साहस ही नहीं मिलता। इन्ही फिल्मों ने मेरे करियर की शेल्फ लाइफ को लेकर मेरा नजरिया बदल दिया, क्योंकि यह फिल्में तब रिलीज हुईं, जब मैं हिंदी फिल्मों में अपने करियर की शुरुआत कर रही थी। इन फिल्मों की सफलता ने मुझे यह भरोसा दिलाया कि अभिनेत्रियां भी कंटेंट-ड्रिवन और मजबूत कहानियों वाली फिल्मों को अपने दम पर आगे बढ़ा सकती हैं।

